रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | कार्तिक कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक- 266, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN. 1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रूप चौदस की शुभकामनाएं
तैले लक्ष्मीर्जले गंगा दीपावल्याश्चतुर्दशीम् प्रात:स्नानं तु य: कुर्याद्यमलोकं न पश्यति।।

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



## धनतेरस पर धन वर्षा

धनतेरस के मौके पर रांची के महात्मा गांधी रोड (मेन रोड) स्थित चर्च कांप्लेक्स में मन पसंद सामग्री की खरीद के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंगलवार की शाम चर्च कांप्लेक्स परिसर में बड़ी संख्या में लगी गाड़ियां। छाया : सादिक साबरी

## सस्ती होंगी कैंसर की 3 दवाएं, केंद्र का फैसला

### एमआरपी कम करने का निर्देश, अधिसूचना जारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क से छूट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद तीन कैंसर रोधी दवाओं (ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमाब) की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) तय होगी। राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने दवा निमार्ताओं को इन तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि सीमा शुल्क में छूट और जीएसटी दरों में कटौती के बाद एनपीपीए ने दवा निमार्ताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं की एमआरपी घटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय के मुताबिक एनपीपीए ने 28 अक्टूबर को जारी कार्यालय ज्ञापन में संबंधित निमार्ताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया है। यह वर्ष 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के मुताबिक है, जिसमें इन तीन कैंसररोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह किफायती कीमतों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### मोदी 4 व शाह 3 नवंबर को आएंगे झारखंड

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को झारखंड आएंगे। इस दिन वे गढ़वा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को झारखंड आएंगे। इस दिन वे बरकट्ठा से भाजपा उम्मीदवार अमित यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### नामांकन पत्र रद्द करने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**रांची ।** गढ़वा विधानसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी का नामांकन पत्र रद्द करने का मामला झारखंड हाई कोर्ट पहुंच गया है। नामांकन रद्द करने को लेकर वहां के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप कुमार तिवारी ने हाई कोर्ट में मंगलवार को याचिका दायर की है।

### दीपावली-छठ पर रांची के लिए स्पेशल ट्रेन

**रांची।** दीपावली और छठ त्योहार के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने रांची के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। इनमें रांची-गोरखपुर, रांची-जयनगर, रांची-पूर्णियां कोर्ट, रांची-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू हो रहा है।

### कांग्रेस ने बोकारो से श्वेता को प्रत्याशी बनाया

**रांची।** कांग्रेस ने बोकारो और धनबाद से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने बोकारो से श्वेता सिंह और धनबाद से अजय दूबे को उम्मीदवार बनाया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी की है।

### ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास रांची पहुंचे

**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मंगलवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर दास का भव्य स्वागत किया गया। बताया गया कि रघुवर दास रांची एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गए। वह दीपावली का त्योहार मनाने के लिए झारखंड आए हैं।

### अज्ञात अपराधियों ने आवास के समीप ही मार दी गोली

## हजारीबाग में हुई रामनवमी समिति के पूर्व अध्यक्ष की हत्या

- पुलिस जांच में जुटी, खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में मंगलवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। उनके आवास के समीप ही घटना को अंजाम दिया गया। गोली मारने के बाद अपराधी भाग निकलने में कामयाब रहे। घायल मंजीत यादव को तत्काल शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान अपराह्न करीब बारह बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि उन्हें तीन गोलियां लगी थीं। उन्हें एक गोली पेट में, जबकि दो गोली पीठ में मारी गई थी।

इधर, जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार दल-बल के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना क्रम की जानकारी ली। प्रथम दृष्टया यह मामला जमीन विवाद जुड़ा बताया जा रहा है। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों ने शव को लेकर हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक के पास रखकर एनएच सड़क पर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस व प्रशासन के वरीय अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम हटा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया है। अनहोनी व उपद्रव की आशंका को लेकर अस्पताल में रैपिड एक्शन फोर्स को भी तैनात किया गया था। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की शिनाख्त में जुट गई है। सभी थाने की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और कई पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का जायजा लिया। एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्दी ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। समाजिक कार्यकर्ता डॉ देवेंद्र सिंह देव ने कहा कि हजारीबाग में पुलिस कप्तान से आग्रह होगा कि बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाएं।

### निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत



### कुछ वर्षों से वह जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़े थे

मंजीत यादव हजारीबाग में बेहद बड़े पैमाने पर मनाए जाने वाले रामनवमी महोत्सव का आयोजन करने वाली महासमिति के अध्यक्ष रह चुके थे। वह और उनकी पत्नी सुनीता देवी, दोनों एक-एक बार हजारीबाग नगर निगम के वार्ड काउंसिलर भी निर्वाचित हुए थे। हाल के कुछ वर्षों से वह जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़े थे।

### शराब घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## आईएएस विनय चौबे, गजेंद्र सिंह सहित कई के ठिकानों पर छापेमारी

- छत्तीसगढ़ के रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा ने पहली बार दर्ज किया था मामला

नवीन मेल संवाददाता



विनय चौबे के 9 ठिकानों पर हुई छापेमारी

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को झारखंड के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह एवं उनके अन्य करीबी रिश्तेदार और संबंधित अधिकारियों के सीए के ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने कांके रोड स्थित विनय चौबे के आवास और हरमू स्थित गजेंद्र सिंह के आवास सहित 9 ठिकानों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि ये कार्रवाई शराब घोटाले मामले में की गई है। छापेमारी में क्या-क्या बरामद हुए हैं, उसकी जानकारी नहीं दी गई है।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने अपनी पड़ताल में पाया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए घोटाला हुआ। वर्ष 2019 से 2022 तक सरकारी शराब की दुकानों से अवैध शराब को डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बेचा गया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर हुए 2050 करोड़ रुपये के शराब घोटाला के मामले में रायपुर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ-साथ झारखंड के आईएएस और तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे को भी आरोपी बनाया गया है।

ईओडब्ल्यू रायपुर के इंस्पेक्टर ने रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के निवासी विकास सिंह के बयान के आधार पर पहले मामले की जांच की और फिर मामला दर्ज किया। विकास सिंह ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ के अधिकारियों अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी और उनके सिंडिकेट ने शराब घोटाला करके छत्तीसगढ़ सरकार को अरबों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया। आरोपों में यह भी उल्लेख है कि इसी सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर झारखंड की आबकारी नीति में परिवर्तन किया, जिससे सरकार का राजस्व प्रभावित हुआ। इसके अलावा, दोनों राज्यों के अधिकारियों ने मिलकर मैन पावर सप्लाई में भी घोटाला किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अप्रैल 2023 में शराब घोटाले के संबंध में आईएएस विनय चौबे और कर्ण सत्यार्थी ने ईडी के रायपुर कार्यालय में अपना बयान दर्ज कराया था।

## पलामू में टीएसपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विधानसभा चुनाव से पहले पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के तीन उग्रवादियों को एके-47 और कई अन्य हथियारों एवं गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से एके-47 रायफल के अलावा, 7.65 एमएम की 79 गोली, पिस्टल एवं कट्टा बरामद किया गया है। तीनों टीएसपीसी के उग्रवादी आक्रमण गंझू दस्ता के सदस्य हैं।

पलामू जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने मंगलवार दोपहर एसपी कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के तीन-चार सदस्य पांकी थाना क्षेत्र के कारीमाटी जंगल में हथियारों के साथ देखे गए हैं। उनकी मंशा किसी अप्रिय घटना को अंजाम देना है।

शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री ने धनतेरस पर रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

एजेंसी

- कहा, देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले ये हमारा कमिटमेंट है




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धनतेरस के मौके पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, ये हमारा कमिटमेंट है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्सव के माहौल में 51,000 युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती पत्र सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने नए भर्ती हुए लोगों को बधाई दी और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लाखों युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए सहयोगियों द्वारा शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि हरियाणा में 26,000 युवाओं को नई सरकार द्वारा नौकरी मिलने से उत्सव का माहौल है।

शेष पेज 11 पर

### धनतेरस पर खूब होती है सोने की खरीद

## आखिर कहां से आता है सोना?

आरपी सिंह



- जटिल बीमारियों के उपचार में भी होता है सोने का प्रयोग

**नई दिल्ली।** भारत में धनतेरस, दिवाली व शादी के अवसर पर लोग सोना खरीदते हैं। अपने खास लोगों को उपहार के तौर पर भी देते हैं। अब तो घूसखोर लोग कोई काम करने के बदले सोना लेना और भी ज्यादा पसंद करने लगे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि सोने के प्रति लोगों को इतनी ललक क्यों होती है, यह कैसे बनता है, कहां पाया जाता है, इसका क्या-क्या उपयोग होता है?

कहा जाता है कि जब भी तेज भूकंप आते हैं, तो धरती के क्रस्ट में छोटे गड्ढे बन जाते हैं। वो गड्ढे ही सोने और सिलिकेट मिनरल्स के लिक्विड से भर जाते हैं। फिर उसी लिक्विड से सोना बन जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 20 करोड़ साल पहले धरती पर क्षुद्र ग्रहों की बमबारी हुई थी। वो जैसे ही धरती से टकराते थे, उसके छोटे टुकड़े हो जाते। माना जाता है कि उसी से सोना बना।

सोने का सबसे बड़ा गुण यह है कि इसकी चमक कभी खत्म नहीं होती। सोना एक ऐसा धातु है, जो प्राकृतिक तौर पर सुनहरे रंग का होता है। यदि सोने में किसी तरह की मिलावट होगी, तो वो एक तरह से सफेद रंग का हो जाएगा। चूंकि सोने जैसे धातु पर ऑक्सीजन का असर नहीं होता, ऐसे में यह उसके प्रभाव से कोई प्रतिक्रिया भी नहीं करता। इस कारण उसकी चमक बरकरार रहती है।

जहां तक इसके उपयोग की बात है, तो इसका उपयोग जटिल बीमारियों के उपचार के लिए कई तरह से किया जाता। आयुर्वेद में भस्म आदि के तौर पर किया जाता है। इसका उपयोग सेटेलाइट्स के कई अति महत्वपूर्ण पाट्र्स , रोबोट, फोन, तमाम बीमारियों की जांच मशीन के कुछ अति सूक्ष्म व महत्वपूर्ण पाट्र्स बनाने के लिए होता है। रही बात सोना के इतिहास का तो इसको लेकर तरह-तरह की कहानियां हैं। एक कहानी है कि सैकड़ों साल पहले एक बच्चे को नदी में एक चमकदार चट्टान दिख गई थी।

शेष पेज 11 पर

### किस देश के पास कितना सोना

| देश | कितना सोना (टन में) |
|---|---|
| अमेरिका | 8133 |
| जर्मनी | 3352 |
| इटली | 2452 |
| फ्रांस | 2437 |
| रूस | 2336 |
| चीन | 2264 |
| जापान | 846 |
| भारत | 841 |
| नीदरलैंड | 612 |
| तुर्किए | 585 |

(सोर्स : वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल)

## इंडिया

## बम की धमकी वाले फर्जी कॉल आर्थिक आतंकवाद



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

**100** से अधिक विमान उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी इस मायने में गंभीर हो जाती है कि धमकियों पर धमकियों के बावजूद धमकी देने वालों की अभी तक पहचान ही नहीं हो पा रही है। इसे तकनीक की विफलता भी माना जा सकता है। कहा तो यह जा रहा है कि विमान उड़ाने की अधिकांश धमकियां विदेशी धरती से आ रही है। पर सवाल यह भी है कि जिन देशों से धमकियां आने के संकेत मिल रहे हैं उनमें भारत का दुश्मन देश केवल और केवल कनाड़ा को माना जा सकता है। हांलाकि इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा रहा कि धमकी देने वाले शरारती तत्व केवल भ्रमित करने के लिए विदेशी धरती का वर्चुअली उपयोग कर रहे हो। हालांकि सरकार धमकियों को लेकर गंभीर है और लगातार उच्च स्तरीय बैठक कर मंथन किया जा रहा है। पर हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि दस दिन के अंदर अंदर 100 से अधिक धमकियां आना अपने आप में शुभ संकेत नहीं हो सकता है। यह तो धमकी धमकी ही रह रही हैं अन्यथा इसके दुष्परिणाम की कल्पना ही करना कठिन है। सरकार चिन्हित व्यक्तियों को नो फ्लाई लिस्ट में ड़ालने की बात कर रही है तो दूसरी और एयरपोर्ट पर सतर्कता को और अधिक सख्त करने और मानक संचालन प्रक्रिया यानी कि एसओपी की सख्ती से पालना की हिदायत दे रही है। पर इसे इस गंभीरतम समस्या के हल के रुप में नहीं देखा जा सकता। विमानों को उड़ानों में बम होने की धमकियां या फिरौती मांगने की धमकी गंभीर होने के साथ ही शरारती तत्वों की किसी बड़ी साजिश से कमतर नहीं आंका जा सकता। संतोष की बात यह है कि अभी तक सभी धमकियां झूठी साबित हुई है। पर क्या भरोसा कब कौनसी धमकी सही साबित हो जाए। धमकियों पर धमकियां आ रही है पर ऐसे तत्व अभी तक पहचान और पकड़ से दूर है। सोशयल मीडिया पर धमकियों के अकाउंट को डीएक्टिवेट कर देना समस्या का समाधान इसलिए नहीं हो सकता कि धमकी देने वालों के हौसलें लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 46 धमकियां तो एक ही एड्रेस अकाउंट से आई है। होशियारी यह कि धमकियां देने वाले स्वयं भी अकाउंट बदलते जा



रहे हैं। नागपुर पुलिस के मुताबिक एक धमकी देने का आरोपी महाराष्ट्र के गोंदिया का जगदीश उइके (35) है। यह आतंकवाद पर किताब भी लिख चुका है।दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को 25 साल के शुभम उपाध्याय पकड़ा था। इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसने पैसों के लेनदेन के विवाद में दोस्त को फंसाने के लिए उसके नाम से X अकाउंट बनाकर 14 अक्टूबर को 4 फ्लाइट में बम होने की झूठी पोस्ट की थी। सबसे बड़ा ड़र यह है कि फर्जी कॉल के बाद असल में जन-धन हानि का कोई बड़ा हादसा ना हो जाएं।जानकारों के अनुसार 2014 से 2016 के दौरान 102 धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए। पर 2024 में तो पिछले दस दिनों में ही 100 से ज्यादा धमकी भरे संदेश प्राप्त हो चुके हैं। यहां तक कि 42 करोड़ की राशि की मांग का भी संदेश प्राप्त हो रहा है। धमकी भरे संदेश देने वालों की हिमाकत देखिए कि केवल भारत ही नहीं अमेरिकन एयर लाइंस, जेट ब्ल्यू, एयर न्यूजीलैंड आदि को भी इस तरह के संदेश दिए गए हैं। भारतीय विमान कंपनियों एयर इंडिया, विस्तारा, इंडिगो, अकासा एयर, स्पाइस जेट, स्टार एयर आदि को इस तरह के धमकी भरे झूठे संदेश भेजे गए हैं। धमकी भरे भेजे गए संदेश लगभग समान तरह के ही है। आईएटीए के माने तो धमकियों भरे संदेशों से सालाना 10 अरब डालर का खामियाजा भुगतना पड़ता है। बम की सूचना मिलते ही विमानन कंपनियों के साथ ही इससे जुड़ी पूरी मशीनरी को इमरजेंसी एक्टिव मोड़ में आना पड़ता है वहीं हवाई यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है, कंपनियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, यात्रियों की जान सांसत में आ जाती है तो रुट डायवर्ट करने से लेकर रद्द करने जैसे हालात हो जाते हैं। इसके साथ ही इंटरनेशनल उड़ाने प्रभावित होती है। इस सबके साथ ही यदि इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ती है तो उससे करीब 100 टन ईंधन की बर्बादी होती है।

# चुनाव जीतने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है बीजेपी : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्ट ने बीजेपी पर हमला करते हुए आज कहा कि चुनाव को जीतने के लिए ये लोग जांच एजेंसियों को टूल्स की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि उन्होंने (सुप्रियो ने) पांच दिन पहले ही ये बात कही थी। कहा कि बीजेपी के राजनीतिक फेल्योर के कारण उनको जांच एजेंसियों का सहारा लेना पड़ रहा है। बीजेपी उन्हें अपना टूल कीट की तरह इस्तेमाल करना चाहती है। सुप्रियो ने कहा, मैं जांच एजेंसी से पूछना चाहता हूं कि आप समय कैसे चुनते हैं और पात्र कहां से लाते हैं। अगर यही करना है तो इसका फल क्या है। आप जांच कर रहे है उसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन उसका क्या नतीजा आ रहा है, इस बात को साफ करना चाहिये। पूछा कि क्यों सूत्रों के हवाले से चीजों को बाहर लाते हैं। सुप्रियो ने सुप्रीम कोर्ट के उस कथन



का हवाला दिया जिसमें, कहा गया है कि ईडी की कार्रवाई पॉलिटिकल मंसूबे के तहत होती है। सुप्रियो ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास आज कोई मुद्दा नहीं है। इतने समय के बाद साबित हो गया है कि ये लोग घुसपैठ पर नहीं बोल सकते है और ना ही परिवारवाद पर कुछ कह सकते हैं। कहा कि बार-बार पूछने के बाद भी केंद्र सरकार ये नहीं बता रहीं है कि घुसपैठ कहां से हुई है। कहा कि चुनाव के बीच एक भी सार्थक मुद्दा यह लोग नहीं ला पाये। सुप्रियो ने कहा, हमने कल सवाल उठाया था कि रिटर्निंग अफसर गढ़वा के हैं, ऊपर से आदेश का पालन करते हुए एक प्रत्याशी का नामांकन स्वीकार किया गया। लेकिन हमारे प्रत्याशी का उसी मामले पर नामांकन रिजेक्ट किया गया। यानी कि निर्वाचन आयोग को भी निर्देश है कि एक तरफा बीजेपी की जीत पक्की करनी है वरना आप पर कार्यवाही होगी। कहा कि आज बीजेपी के नेता अपनी भाषा की मयार्दा भी भूल गये हैं। कोई मारने खदेड़ने की बात करता है तो कोई बंटने और कटने की बात करता है। जेएमएम नेता ने कहा, आज आज दूसरे फेज का नामांकन पूरा हो गया। अब सुनने में आ रहा है कि हर दो दिन में यहां पीएम आएंगे और फिलर के तौर पर गृहमंत्री आ रहे हैं। बांटेंगे तो कटेंगे कहने वाले नेता भी आ रहे हैं। यह भाषा लोकतंत्र के लिए सही नहीं। कहा कि इन सबके बीच बीजेपी का प्रदेश नेतृत्व कहां है, समझ में नहीं आ रहा है।

आमने सामने

# झामुमो का संदेह, हार का डर या पुरानी आदत : साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस वार्ता पर मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झामुमो का चुनाव आयोग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। यह वही पार्टी है जो हर बात पर संविधान की दुहाई देती है लेकिन दूसरे ही दिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करती नजर आती है। इससे यह साफ हो जाता है कि झामुमो को अपनी हार का अंदेशा है, और वह पहले से ही हार के बहाने तैयार कर रही है।



अजय साह ने कहा कि धनबाद में कोयला चोरी के मामले की जांच का आदेश उच्च न्यायालय ने दिया था। तो क्या अब झामुमो यह कहना चाहती है कि उच्च न्यायालय भी भाजपा के पक्ष में है? यदि झामुमो को ईडी की कार्रवाइयों के बारे में जानकारी चाहिए, तो उन्हें भाजपा से नहीं, बल्कि अपने महंगे वकीलों से पूछना चाहिए, जिन्हें झामुमो ने जनता के पैसे से रखा है और जो भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे हैं। जहां तक घुसपैठ का सवाल है, केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश भाजपा हमेशा राष्ट्रविरोधी ताकतों का विरोध करती रही है। यदि केंद्र सरकार ईडी का उपयोग भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने के लिए कर रही है, तो यह एक सराहनीय कदम है।

### मतदान दिवस के लिए लाखों विद्यार्थियों को वॉलेंटियर की ट्रेनिंग दी गई

# लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें वॉलेंटियर : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को निर्वाचन सदन से मतदान के दिन मतदाताओं की सहायता के लिए स्कूलों से लाखों वालेंटियरों को ऑनलाइन माध्यम से क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लोकसभा में सहायता करने वाले सभी वॉलेंटियर के कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के लिए चयनित सभी वॉलेंटियर लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए के रवि कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग के जरिए मतदान में आपकी सहभागिता से संबंधित बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही आपके शिक्षकों को इससे संबंधित सभी ट्रेनिंग मैटेरियल उपलब्ध करा दिए गए हैं, ताकि अपने कर्तव्य



पर रहते हुए किसी प्रकार की संशय की स्थिति में अपने शिक्षकों से जानकारी प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को वॉलेंटियर के कार्यों से संबंधित दिशा निर्देश बताए गए, जिसमें मुख्यतः दिव्यांग एवं वृद्धजनों की मतदान केंद्र पर सहायता, व्हीलचेयर से सहायता करने में रखी जाने वाली सावधानियां, मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं के मतदाता पर्ची अथवा दिए गए टोकन की उपलब्धता, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, चेन सिस्टम के तहत मतदान आदि मतदान दिवस में वॉलेंटियर से संबंधित कार्यों को बिंदुवार बताया गया।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक एवं राज्य के सभी स्कूलों में लाखों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# धनवार सीट से भी चुनाव लड़ेगी भाकपा माले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माले के सुशांतो मुखर्जी एवं माले के राज्य कमेटी सदस्य शुभेंदु सेन ने कहा कि बगोदर, निरसा व सिंदरी में क्रमशः विनोद सिंह, अरुप चटर्जी व चंद्रदेव महतो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के बतौर चुनाव लड़ रहे हैं। अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इंडिया गठबंधन में कई चक्र बातचीत के बावजूद धनवार सीट पर विवाद हल नहीं हो सका। वह मंगलवार को भाकपा माले के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि माले के महासचिव दीपांकन भट्टाचार्य इस संबंध में तीन बार मुख्यमंत्री से मिल कर बात की, पर आम सहमति नहीं बन पाई। उन्होंने बताया कि पिछली बार माले धनवार से तीसरे स्थान पर रही जेएमएम छठे स्थान पर थी। इस लिहाज से भी गठबंधन का त्याग करना चाहिए। क्योंकि आज के परिवेश में माले वहां से अधिक मजबूत स्थिति में है। इसलिए भाकपा माले ने धनवार सीट पर भाजपा को शिकस्त देने के लिये राजकुमार यादव को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां वोटों के विभाजन के लिये अन्य उम्मीदवारों का इस्तेमाल कर रही है। लेकिन धनवार की जनता जानती है कि केवल भाकपा माले ही भाजपा को परास्त कर सकती है। यहां के मजदूर किसान छात्र नौजवान और तमाम उत्पीड़न सामाजिक तबके भाकपा माले के बैनर तले गोलबंद हैं और फासीवादी भाजपा को शिकस्त देने के लिये भाकपा माले जमुआ सीट अपना उम्मीदवार नहीं दे रही। शेष सभी सीटों पर भाकपा माले इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को अपना समर्थन देने की घोषणा करती है।

# 'सरकार घुसपैठियों को दस्तावेज बनाकर राज्य में दे रही संरक्षण'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/साहिबगंज।** नामांकन के अंतिम दिन बरहेट से गमालियल हेंब्रम, लिट्टीपाड़ा प्रत्याशी बाबूधन मूर्मु, महेशपुर विधानसभा सीट से नवनीत हेंब्रम और टुंडी से विकास महतो ने नामांकन पर्चा भरा। इस दौरान नामांकन सभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में आदिवासियों के अस्तित्व को बचाने और घुसपैठ रोकने के लिए एनआरसी लागू करना बेहद जरूरी है। मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमो-कांग्रेस के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर उनका अवैध दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जो राज्य के लिए गंभीर खतरे के संकेत हैं। उन्होंने 1951 के जनगणना के आंकड़ों को पेश करते हुए आदिवासियों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताई। साथ ही कहा कि राज्य में जनजातिय आबादी 36 प्रतिशत थी, जो 2011 की जनगणना में घटकर 26 प्रतिशत हो गई है।



मुसलमानों की आबादी 9 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 14.5 प्रतिशत तक जा पहुंची है। राज्य में आज हिंदुओं की आबादी भी घटकर 88 से 81 प्रतिशत पर पहुंच गई है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल के साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा समेत 6 जिलों से 16 फीसदी जनजातीय समुदाय की आबादी कम हुई है जबकि मुस्लिमों की आबादी में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साहिबगंज और पाकुड़ में तो मुस्लिमों की संख्या सबसे ज्यादा 35 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के क्षेत्र में मुस्लिम युवक आदिवासी बहनों से विवाह कर डेमोग्राफी बदलने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर किया जाएगा।

मरांडी ने कहा कि भाजपा जो बोलती है वह करती है। हेमंत सरकार ने जिस तरह पांच लाख नौकरी, चूल्हा खर्च जैसे वादे कर राज्य की जनता को ठगने का काम किया है। यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनगी तो राज्य की 2 लाख 87 हजार पदों को भरा जाएगा। महिलाओं को गोगो दीगी योजना से 2100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। झारखंडियों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर और साल में त्योहार के समय 2 गैस सिलेंडर मुफ्त में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पीएम आवास राज्य के गरीबों तक पहुंचने नहीं दिया लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में 21 लाख लोगों को पीएम आवास का लाभ दिया जाएगा। इस निक्कमी हेमंत सरकार को अबकी सबक सिखाने के लिए जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है।

# विस चुनाव में नाराज कार्यकर्ता तय करेंगे चुनाव परिणाम की दिशा ?

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के चुनाव की घोषणा होने के बाद सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। कई लोग एक दल से दूसरे दल में गए, तो कई लोगों को टिकट कटा और कार्यकर्ता का एक बड़ा खेमा अपने-अपने पार्टियों की कार्यशैली से नाराजगी भी है। राजनीतिक पंडितों का आकलन है कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी इस चुनाव को प्रभावित कर सकती है। हर पार्टियों में नाराज कार्यकर्ताओं की संख्या बड़ी है। कई नेता अलग अलग पार्टियों को छोड़ दूसरे पार्टी में शामिल हुए है। इन्हीं सब के बीच हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह ने एनसीपी छोड़ भाजपा में शामिल हुए। उनके भाजपा में शामिल होने के एक-दो दिन पहले हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में अपनी नाराजगी जताई थी। इसके अलावा भाजपा के आधे दर्जन से अधिक बड़े नेता टिकट वितरण को ले कर नाराज थे। कुछ को तो मना लिया गया। वहीं कुछ को मनाने में पार्टी के आला नेता सफल नहीं हो सके। उनमें से लुईस मरांडी, गणेश महली जैसे नेता जेएमएम में शामिल हो गए और जेएमएम ने उन्हें टिकट भी दे दिया। इंडी गठबंधन में भी सब कुछ अच्छा नहीं रहा है। इंडी गठबंधन के घटक दलों में सीटों को ले कर आनाकानी होती रही। सीट बंटवारे में भाकपा माले और राजद की खाते में जो सीटें आई है उससे वे खुश नहीं हैं। लेफ्ट ने धनवार सीट से गठबंधन के खिलाफ राजकुमार यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। राजद ने भी सीट को लेकर काफी खींचातानी कर चुका है। झामुमो से मुख्यमंत्री रहे चंपाई सोरेन, झामुमो के वरिष्ठ नेता लोबिन हेंब्रम, सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन झामुमो से नाराज होकर भाजपा में चली गई। इन सभी को इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मैदान में उतारा है। वहीं बाबूलाल सोरेन को भी भाजपा ने टिकट दिया है, ये पहली बार चुनाव लड़ेंगे। आजसू- बीजेपी के बीच टूंडी सीट में काफी खींचातानी हुई। अंत में भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया। इससे आजसू और जदयू के खेमा के कार्यकर्ता काफी नाराज हैं। अब परिणाम ही बताएगा की नाराज कार्यकर्ता जीत का या हार का फैक्टर बनते है।

# इरफान अंसारी को किया जाए राज्य बदर : सुनील सिंह



**रांची।** हेमंत सोरेन राज्य की महिलाओं की सुरक्षा तो नहीं कर सकते हैं परंतु अपने घर की महिला की भी वे सुरक्षा नहीं कर दे सकते हैं। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के ऊपर जिस तरह से अमर्यादित बयान (रिजेक्ट माल) दिया है इससे पूरे राज्य की महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा है। इस तरह की घटिया बयान बाजी की जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इरफान अंसारी को तत्काल मंत्रिमंडल से निकालकर राज्य बदर कर देना चाहिए।

# एसएसपी ने सीआरपीएफ व एसएसबी के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने सीआरपीएफ और एसएसबी के पदाधिकारी के साथ बैठक की। यह बैठक मंगलवार को जिले के बुंडू स्थित ताऊ मैदान में आयोजित की गई। जिसमें रांची जिला में चुनाव कार्य के प्रतिनियुक्त अर्धसैनिक बलों को उनके वरीय पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण और ब्रीफिंग के दौरान सुरक्षा बलों का मतदान केंद्र पर मतदाता से व्यवहार और स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव के लिए की जाने वाली कार्रवाई, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बलों के आने जाने के दौरान बरती जाने वाली विशेष सावधानी, ईवीएम सुरक्षा और सुरक्षा बलों के इंडक्शन और डीइंडक्शन के बिंदु पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रांची जिला के भौगोलिक परिदृश्य से भी सुरक्षा बलों को अवगत कराते हुए, उनके प्रश्नों और शंका के बिंदु पर भी ब्रीफिंग की गई। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी रांची, एसडीपीओ बुंडू एवं थाना प्रभारी बुंडू एवं सीमावर्ती थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले पांच वर्षों में झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार देने का काम किया। तुष्टिकरण और सांप्रदायिकता की राजनीति चरम पर पहुंच गई लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरे तरीके से इस सरकार में ध्वस्त हो गई। वह मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।



प्रतुल ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार झारखंड के विभिन्न मिडिल स्कूलों में 96 प्रतिशत प्रिंसिपल के पद खाली है। सब प्रभार पर चल रहा है। कुल 3218 में 3163 पद मिडिल स्कूलों में खाली पड़े हैं। शिक्षा इस सरकार की प्राथमिक सूची में है ही नहीं। सरकार को झारखंड के नौनिहालों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। प्रतुल ने कहा, धनबाद और सरायकेला जैसे जिलों में तो एक भी मिडिल स्कूल में पूर्णकालिक प्रिंसिपल कार्यरत नहीं है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई का ख्याल नहीं रखा जाता है। यह पूरे तरीके से शिक्षा तंत्र को बर्बाद करने की सुनियोजित साजिश है।

प्रतुल ने कहा कि प्रदेश में यदि शिक्षकों की बात करें तो सभी वर्गों को मिलाकर कुल 68 फीसदी शिक्षकों के पद खाली है। हेमंत सरकार ने 60 हजार पारा शिक्षकों को हेमंत सरकार ने नियमित करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी भी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उल्टे प्रजातांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने वाले पारा शिक्षकों पर इस सरकार ने बर्बरता से लाठियां चलाई थी और फर्जी मुकदमों से लाद दिया था। प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से इस सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरे तरीके से ध्वस्त कर दिया। झारखंड में प्रति लाख की आबादी पर सिर्फ 6 डॉक्टर है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। विशेषज्ञ डॉक्टर के 85 प्रतिशत पद खाली हैं, जो हेमंत सरकार की उदासीनता को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सफलता से चल रही विश्व की सबसे बड़ी हेल्थ इंश्योरेंस योजना आयुष्मान भारत का इस सरकार ने भट्ठा बैठा दिया।

# डीसी ने व्यय कोषांग की आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की



**रांची।** उपायुक्त वरुण रंजन ने मंगलवार को व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ओझा के साथ व्यय कोषांग से सम्बंधित सभी आवश्यक पहलुओं पर बात की गई। इसमें मुख्य रूप से व्यय लेखा टीम, वीएसटी, वीवीटी, एफएस के बारे में चर्चा की गई। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने व्यय प्रेक्षक को व्यय लेखा जांच से सम्बंधित कार्य तथा वीवीटी के टीमों, वीएसटी के बारे में जानकारी दी गई। व्यय प्रेक्षक द्वारा सी विजिल मॉनिटरिंग सेंटर के निरीक्षण के क्रम में निर्देश देते हुए सी विजिल से प्राप्त शिकायत सम्बंधित टीम- एफएसटी तथा उनसे जुड़े अन्य सम्बंधित पदाधिकारी दे, ताकि जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई किया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा व्यय प्रेक्षक को जानकारी देते हुए बताया की गठित चेक पोस्टों पर वाहन की जांच कराई जा रही है। गैर कानूनी रूप से माल/ कैश/ प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच लगातार करते हुए जब्ती भी की जा रही है।

### सिर्फ दिखावे के लिए है झामुमो व कांग्रेस का महिला सम्मान का दावा

# हेमंत सोरेन महिला का अपमान करने वालों को दे रहे संरक्षण : राफिया नाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि बड़ोदरा में 10 अक्टूबर, 2017 को आयोजित रैली में राहुल गांधी ने संघ की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी की थी। उनके पहनावे पर अभद्र टिप्पणी की थी। कांग्रेस के नेता इरफान अंसारी झारखंड में इसी प्रोटोकॉल को आगे बढ़ते हुए झारखंड की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने आंदोलनकारी स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन पर अभद्र टिप्पणी की है।

राफिया नाज मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन 'रिजेक्ट माल' हैं। इरफान अंसारी को रिजेक्ट तो जामताड़ा और झारखंड की जनता करेगी। क्योंकि, उन्होंने ना सिर्फ सीता



सोरेन पर अपमानजनक टिप्पणी की है, बल्कि झारखंड की समस्त आदिवासी बेटी और संपूर्ण नारी जाति पर की है। इरफान अंसारी को यह लगता है कि वह हर बार इस तरह के टिप्पणी करते रहेंगे और झारखंड की जनता एवं राज की बेटियां माफ करती रहेंगी। इरफान अंसारी के बयान ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस की नजर में झारखंड की बेटियों की यही इज्जत है। नाज ने कहा कि अब चुप रहने का समय नहीं है। बोलने का समय है। क्योंकि, कांग्रेस का जमाना गया। जब यहां की बेटियों की आवाज को दबाया जाता था और कुचला जाता था। अब वह जमाना नहीं है। उन्होंने झारखंड की बेटियों से कहा कि यह मोदी का जमाना है। बेटियों की आवाज को अब ना कोई दबा सकता है और ना ही कुचल सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता है रेणुका चौधरी ने कहा था कि बलात्कार कॉमन बड़ा है। ठीक इसी प्रकार झारखंड में बलात्कार का चलन चल पड़ा है। दुमका में विदेश से आई बहन के साथ दुष्कर्म किया गया था। इसके बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के मुख से एक शब्द भी नहीं निकलता है। झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य बलात्कार की घटना और सीता सोरेन पर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर एक शब्द नहीं बोलते हैं।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कल्पना सोरेन महिला सशक्तिकरण की बात करती है। हालांकि, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन पर अभद्र टिप्पणी करने पर एक शब्द भी नहीं बोलती हैं। बलात्कार की घटना पर भी एक शब्द नहीं बोलती है। उन्होंने कहा कि झामुमो को सोचना चाहिए कि मोर्चा ने जिस कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है उसका ट्रैक रिकॉर्ड ही महिलाओं का अपमान करना है और उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का है।

## आज | कल




### मतदान को लेकर दिव्यांग व्यक्तियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# व्हील चेयर रेस : शारीरिक दिव्यांग और मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों की दौड़ कराई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान करने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मोरहाबादी मैदान में किया गया। कार्यक्रम में व्हील चेयर रेस, शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति का दौड़, मानसिक दिव्यांग व्यक्ति का दौड़ मतदाता जागरूकता रैली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। व्हील चेयर रेस में प्रथम रामदयाल, द्वितीय सुमती कुमारी एवं तृतीय धीरज नागवार हुए। वहीं शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति दौड़ में प्रथम रेणु कुमारी, द्वितीय प्रमिला कुमारी एवं तृतीय जयंति कुमारी रही। मानसिक दिव्यांग व्यक्ति दौड़ में प्रथम नितिन भारती, द्वितीय सिद्धार्थ सहाय एवं तृतीय मनि सहाय रहे। मतदाता जागरूकता रैली मोरहबादी मैदान क्षेत्र के आसपास कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में भ्रमण करते हुए बापू वाटिका के समीप समाप्त किया गया। जहां प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा संबोधित करते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को स्वंय मतदान करने एवं अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया गया। आयोजित कार्यक्रम से मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होने की संभावना प्रतिभागियों द्वारा भी व्यक्त की गई।

### महंगाई की मार से परेशान हैं निजी कंपनियों में काम कर रहे लोग

# धनतेरस में पिछले वर्ष की तुलना में कम हुई बिक्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धनतेरस को लेकर मंगलवार को राजधानी रांची में सड़कों से लेकर मॉल तक खरीदारों की भीड़ देखने को मिली। अमूमन धनतेरस के दिन सोने, चांदी और बर्तनों की खरीदारी को शुभ माना जाता है। वहीं इससे भी शुभ झाड़ू खरीदना माना जाता है। लोग अपनी जरूरत और इच्छा के अनुसार धनतेरस के दिन सामान की खरीदारी करते हैं। राजधानी रांची के मॉल में भी भारी भीड़ देखने को मिली। वही धनतेरस को लेकर सड़के भी जाम रही। राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने धनतेरस पर लोगों ने सबसे ज्यादा क्या खरीदा, क्यों खरीदा और धनतेरस में महंगाई का असर कैसा रहा इसका जायजा लिया। कई ग्राहकों से बातचीत करने के बाद यह पता चला कि इस वर्ष महंगाई के कारण लोग धनतेरस पर अपनी इच्छा के अनुसार सामान की खरीदारी नहीं कर पाए। कई ग्राहकों ने बताया कि पहले से गाड़ी की सोच बना रखी थी, लेकिन महंगाई के कारण सिर्फ बर्तन और साधारण वस्तुएं खरीदी। वहीं दूसरे ग्राहक ने बताया कि प्रतिवर्ष मां लक्ष्मी को सोने की मनी चढ़ाया करते थे लेकिन इस वर्ष महंगाई के कारण सिर्फ झाड़ू और छोटे-मोटे समान ही धनतेरस के दिन ले पा रहे हैं। वहीं तीसरे ग्राहक ने बताया कि कॉरपोरेट कंपनी में काम करने वाले लोगों के लिए यह धनतेरस में इच्छा अनुसार कुछ खरीद पाना मुमकिन नहीं है क्योंकि तनख्वाह की तारीख 10 होती है और धनतेरस 29 अक्टूबर को है जिस वजह से कॉरपोरेट कंपनियों में या फिर प्राइवेट कंपनियों में काम करने वाले लोगों की मुश्किलें और खर्च दोनों ही इस महंगाई के जमाने में काफी बढ़ी हुई है।



बढ़ी कीमतों के कारण ग्राहक धनतेरस में नहीं ले पा रहे इच्छानुसार सामान

रांची के मॉल में भी धनतेरस के मौके पर काफी भीड़ देखने को मिली। मॉल में ग्राहकों से बातचीत की जिसमें पता चला कि लोग इस वर्ष काफी परेशान हैं। वहीं ग्राहक ने बताया त्योहारों का महीना तो खुशी का होता है लेकिन महंगाई बढ़ती जा रही है और तनख्वाह उतनी की उतनी ही है।

### रांची से ऑर्गेनिक सब्जियों की सौगात लेकर लेह पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री

# भारत-चीन की सीमा पर जवानों संग मनाई दीपावली

### आप सीमाओं का ध्यान रखें देश आपके परिवार का ध्यान रखेगा : संजय सेठ



**नवीन मले संवाददाता। रांची**

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ मंगलवार को भारत-चीन की सीमा पर स्थित लेह सैन्य चौकी में जवानों के साथ दीपावली मनाई। उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व रक्षा राज्य मंत्री मंगलवार सुबह लेह में रेजांग ला युद्ध स्मारक पहुंचे। वहां भारत के लिए बलिदान हुए वीर जवानों को पुष्प चक्र चढ़ाकर, अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की तरफ से उन्हें नमन किया।

इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने उस दुर्गम क्षेत्र में तैनात सेना के जवानों के साथ संवाद भी किया। संवाद कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उनसे बातचीत की उनसे कुशल क्षेम पूछा और देशवासियों की तरफ से उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि ऐसे दुर्गम क्षेत्र में मां भारती के लिए आपका समर्पण, हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए आपका त्याग और बलिदान हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। संवाद कार्यक्रम के दौरान ही रक्षा राज्य मंत्री ने सेना के जवानों को बुढ़मू के किसान उत्पादक कंपनी के द्वारा प्राकृतिक तरीके से उपजाई गई सब्जियां भेंट स्वरूप प्रदान की। वही सेना के जवानों को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। उनसे कहा कि पूरा देश आपका परिवार है।रिसेट ने कहा कि आप सीमाओं का ध्यान रखें, हम आपके परिवार का ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम के उपरांत श्री सेठ ने कहा कि हड्डियां गला देने वाली सर्दी में भी भारत की सीमाओं को अभेद्य बनाने वाले लेह में तैनात वीर जवानों के साथ दीपावली की खुशियां बांटने का अनुभव शानदार रहा। हमारे वीर जवानों के त्याग और कर्त्तव्यपरायणता के कारण आज देश का कोना- कोना सुरक्षित और निर्भीक होकर दीपावली मना रहा है। अंधकार पर प्रकाश के इस विजय पर्व की भारत के के समस्त बहादुर सैनिकों और देशवासियों को बधाई और अनंत शुभकामनाएं देता हूं।

## न्यूज बॉक्स

### भगवान विष्णु की प्रसन्नता के लिए धार्मिक अनुष्ठान हुआ



**रांची।** श्रीलक्ष्मी बैंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में धन्वन्तरि जयन्ती एवं धन त्रयोदशी का प्रसिद्ध पर्व मंगलवार को प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी तिथि में संपन्न हुआ। आयु, बल, यश, तेज, सन्तति, धन, वैदिक ज्ञान, प्रज्ञा और धारणाशक्ति की वृद्धि समस्त प्रजाजन में हो, इसके उद्देश्य की पूर्ति के लिए विभिन्न प्रकार से वेद विदित अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत महाभिषेक हुआ। महाभिषेक के बाद श्रीभगवान दम्पति को बस्त्राभूषण से अलंकार समर्पण करने के उपरान्त भांति-भांति दिव्य पुष्प राशियों से विभूषित करके महाआरती की गई, फिर अनेकानेक प्रकार के व्यंजनों का भोग निवेदन कर वेद के ऋचा, उपनिषद् मंत्र तथा देशिक स्वामी विरचित स्तोत्रों से स्तवन हुआ। आज के उद्यास्तमन सेवा के यजमान : सज्जन सर्राफ पत्नी सीमती किरण सर्राफ जबकि महाभिषेक के यजमानः आनंद प्रकाश अग्रवाल प्रत्नी सीमती राधिका अग्रवाल निवासी हुए। अर्चकः सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं नारायण दास ने शास्त्रों के विधान पूर्वक सारे अनुष्ठान को संपन्न कराया ।

### स्पीकर के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। पिछली सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता संतोष हेंब्रम ने विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने विधानसभा अध्यक्ष पर चुनाव में भ्रष्ट आचरण अपनाने का आरोप लगाया था। अपनी याचिका में उन्होंने कहा था कि रवींद्रनाथ महतो ने चुनाव जीतने के लिए अवैध तरीकों का इस्तेमाल किया। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार और अधिवक्ता अरविंद लाल ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा। वहीं संतोष हेंब्रम के ओर से मुकेश कुमार दुबे थे। अधिवक्ता अरविंद लाल ने बताया कि संतोष हेब्रम ने रविन्द्र महतो के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका कर दिया था।

### दिवाली में भी होमगार्ड जवानों के मानदेय का नहीं हुआ भुगतान

**रांची।** दीपावली-छठ पूजा बड़ा त्योहार है। इस त्यौहार में सबके अपने अपने खर्चे होते हैं। ऐसे समय में वेतन नहीं मिलना अनेक कठिनाईयों को जन्म देता है। कुछ इसी तरह के हालात में रिम्स में प्रतिनियुक्ति 400 जवान हैं। इनको अगस्त महीने से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। दिवाली जैसे बड़े त्योहार में भी मानदेय का भुगतान नहीं होने से ये मायूस हैं।

## डीपीएस रांची में स्कॉलर्स फेलिसिटेशन सेरेमनी आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीपीएस रांची ने सत्र 2023-2024 के लिए अपने छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता का सम्मान करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में गौरवान्वित माता-पिता ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट सम्मानित अतिथि एके मिस्त्री, सीजीएम (आयरन), आरडीसीआईएस, एसएम ओमैर, मैनेजर, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और पूर्व वाइस प्रिंसिपल, डीपीएस, प्रभात कुमार, आईजी, इंटेलिजेंस एंड स्पेशल ब्रांच और सुमंत सिंह, डीआईजी, ईस्टर्न सेक्टर, सीआईएसएफ उपस्थित थे जिन्होंने शैक्षणिक प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए एके मिस्त्री, सीजीएम (आयरन), आरडीसीआईएस ने कहा, उत्कृष्टता एक बार की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समर्पण और कड़ी मेहनत से बनी आदत है। ये युवा विद्यार्थी सभी के लिए प्रेरणा हैं। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के मैनेजर और डीपीएस रांची के पूर्व वाइस प्रिंसिपल श्री एस.एम.ओमैर ने कहा, ज्ञान की खोज और खुद को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास ही



कल के नेतृत्वकर्ता को अलग करता है। डीपीएस रांची के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने भविष्य को सही आकार दे रहे है। प्रभात कुमार, आईजी, इंटेलिजेंस और स्पेशल ब्रांच ने छात्रों के उत्कृष्ट परिणामों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। सीआईएसएफ के ईस्टर्न क्षेत्र के डीआइजी, श्री सुमंत सिंह ने कहा, इन छात्रों की उपलब्धियों में प्रतिबिंबित अनुशासन और दृढ़ता के मूल्य उनकी भविष्य की सफलता के लिए एक मजबूत आधार के रूप में काम करेंगे। प्राचार्य डॉ आरके झा ने छात्रों को बधाई दी और शैक्षणिक विकास के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में स्कूल की भूमिका पर जोर दिया। डीपीएस रांची में, हम अपने छात्रों के समग्र विकास में विश्वास करते हैं।

## भारतीय मूल्यों से विकसित व आत्मनिर्भर बनेगा भारत : प्रो क्षिति भूषण दास



### प्रभावशाली शिक्षा के लिए मातृभाषा का करें चयन : प्रो कामेश्वर नाथ सिंह

**नवीन मेला संवाददाता। रांची**

झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) व दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फैकल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम का मंगलवार को समापन हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश राजर्षी टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत्यकाम शामिल हुए। साथ ही झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास एवं दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह भी समारोह में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। मुख्य अथिति प्रो. सत्यकाम ने अपने भाषण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं पर चर्चा किया। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के तरफ प्रतिभागियों का ध्यान केंद्रित कराते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अकादमिक मंथन पर ध्यान आकृष्ट कराया और औपनिवेशिक शिक्षा पद्धति को हटा कर भारतीय शिक्षा पद्धति को स्थपित करने पर जोर दिया। सीयूजे के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने दो राज्यों के केंद्रीय विश्वविद्यालयों के इस सामूहिक प्रयास पर हर्ष जताया एवं आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आयोजक टीम को प्रोत्साहित किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आज के भारत की जरुरत बताते हुए इसे अक्षरशः लागू किए जाने पर जोर दिया साथ ही भारतीय मूल्यों पर देश को विकसित बनाने की बात कही। भारत अपने सांस्कृतिक मूल्यों का अनुसरण कर आत्मनिर्भर बनने में सक्षम है।

### आईटी कमिश्नर संतोष कुमार समेत 5 के खिलाफ सीबीआई ने दाखिल किया चार्जशीट

**रांची।** धनबाद और पटना के इनकम टैक्स कमिश्नर संतोष कुमार समेत पांच के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल किया है। सीबीआई ने मंगलवार को संतोष कुमार के अलावा धनबाद क्लब के सचिव व रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्रणय पूर्वे, उनके रिश्तेदार पटना निवासी राजीव कुमार उर्फ चीकू, धनबाद के आउटसोर्सिंग संचालक गुरपाल सिंह और प्रिंटिंग प्रेस संचालक अशोक चौरसिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। इन सभी को सीबीआई ने बीते 28 अगस्त को गिरफ्तार किया था।

अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए अवैध रिश्वत की मांग और स्वीकार कर रहा था

सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी अपने अधिकार क्षेत्र के तहत आयकर के विभिन्न करदाताओं से अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करके उन्हें अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए अवैध रिश्वत की मांग और स्वीकार कर रहा था। यह भी आरोप लगाया गया था कि तत्कालीन इनकम टैक्स कमिश्नर (पटना और धनबाद) की ओर से कई लोग काम कर रहे थे। सीबीआई ने एक निजी व्यक्ति को आयकर भवन, पटना के कार्यालय में 10 लाख रुपये की रिश्वत राशि का लेन-देन करते हुए पकड़ा।

## एमएचए के कोऑर्डिनेटर से नहीं मिला जवाब, छात्रों का भविष्य अंधकार में

**नवीन मेल संवादादाता। रांची**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एमएचए) की कोऑर्डिनेटर से राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के संवाददाता ने चार प्रश्न पूछा था, लेकिन उन्होंने इन तीन प्रश्नों का उत्तर देना जरूरी नहीं समझा यह प्रश्न मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन के छात्रों के भविष्य से जुड़ा है। जिसे राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में 29 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित किया है। दरअसल मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन सत्र 2022-24 के छात्रों का फाइनल एग्जाम अक्टूबर तक नहीं हुए और ना ही एग्जामिनेशन फॉर्म भरने की डेट भी आई है। इससे छात्र काफी चिंतित है कि इनका पढ़ाई क्या 2025 में कंप्लीट होगा नियमतः जून से जुलाई के बीच में इनका स्टेशन कंप्लीट हो जाना था, लेकिन अब तक नहीं हो पाया है।

**डॉ रजनी कुमारी से पूछे गए प्रश्न**

- मास्टर ऑफ होस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन नियमतः कब तक पूरा हो जाना चाहिए था?
- मास्टर ऑफ होस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन का चौथे सेमेस्टर की परीक्षा अब तक नहीं होने का कारण क्या है ?
- मास्टर ऑफ होस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन में 60 दिनों के इंटर्नशीप को 30 दिनों का लेटर दिया गया क्यों ?

### ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने क्षेत्र से ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी खादगढ़ा बस स्टैंड से की गयी है। जिसमें भारी मात्रा में ब्राउन शुगर की बारामदगी हुई है। पुलिस के अनुसार लगभग 4.50 लाख रुपए की 31 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में बबलू कुमार व संतोष सिंह शामिल है।



### सीसीएल में सतर्कता महोत्सव मना

रांची। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सीसीएल में आयोजित सतर्कता महोत्सव फेस्टिवल डी का मंगलवार को दूसरा दिन था। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सीसीएल के सीवीओ पंकज कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों के रचनात्मकता की तारीफ भी की। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति पर भी अपने विचार साझा किए।

### स्कूली खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

## बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेलो झारखंड के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड राज्य-स्तरीय स्कूली खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन खेलगांव स्थित प्रैक्टिस एथलेटिक्स मैदान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्षीय बालक वर्ग में रांची जिला यानि बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा चैम्पियन बना। फाइनल मैच में रांची जिला ने कोडरमा जिला को कड़े संघर्षपूर्ण मैच में 16-09 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। रांची के रोहित लोहरा को सर्वश्रेष्ठ चेजर (अनुधावक) एवं कोडरमा के पवन कुमार को सर्वश्रेष्ठ रनर (धावक) को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दूबे, विशिष्ट अतिथि झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव शिव कुमार पांडेय एवं झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सह इस प्रतियोगिता के मुख्य समन्वयक डॉ अजय झा ने संयुक्त रूप सभी आयु वर्गो के विजेता, उपविजेता, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीम के सभी सदस्यों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक शंशाक कुमार ने किया। इस अवसर पर कलावती कुमारी , राकेश कुमार, अजीत कुमार, मोइन अंसारी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय के विजेता होने पर विधालय सचिव सजल बनर्जी, प्रधानाध्यापिका मंजू रानी डे, शिक्षक सुदर्शन नाग, अर्चना कुमारी, माधव मोहन घोरामी, रागिनी कुमारी ने बधाई और शुभकामनाए दिए।

### स्वास्थ्य विभाग से दस्तावेज गायब करने का प्रकरण

# विधायक सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर अदालती रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/जमशेदपुर**

झारखंड हाईकोर्ट ने सरयू राय के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की एकलपीठ ने यह आदेश दिया। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव द्वारा दर्ज करवाए गए मामले में यह आदेश जारी हुआ है। अदालत ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है।


झारखंड हाईकोर्ट में श्री राय का पक्ष रखने वाले वरीय अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2022 में रांची के डोरंडा थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोप ये था कि कुछ लोगों ने स्वास्थ्य विभाग का गोपनीय कागजात गायब किया और मीडिया में उन्हें उद्घाटित कर दिया। बाद में पुलिस ने कोर्ट में पिटीशन देकर सरयू राय का नाम भी दर्ज करवाया दिया। तब पुलिस ने कोर्ट में कहा था कि भूलवश श्री राय का नाम दर्ज नहीं हो पाया था। पुलिस चार्जशीट दायर कर चुकी थी और कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था। इसके विरुद्ध हम लोग हाईकोर्ट गये और तर्क दिया कि चूंकि यह मामला ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट का नहीं बनता, इसलिए क्रिमिनल प्रोसीडिंग क्वैश कर दिया जाए। मंगलवार को कोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दे दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर होगी।



### बन्ना की मुझे गिरफ्तार करने की साजिश विफल हो गई : सरयू राय

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के उम्मीदवार श्री सरयू राय ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर उनके विरुद्ध दायर एफआईआर पर पीड़क कार्रवाई नहीं करने के अदालती फैसले पर उन्हें संतोष है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य मंत्री द्वारा चुनाव के दौरान उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश विफल हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने कार्यालय से भ्रष्टाचार के कागजात निकाल कर उन्हें सार्वजनिक करने के आरोप में मुझ पर एफआईआर दर्ज कराया था। आनन-फानन में पुलिस द्वारा आरोप को सही करार देकर आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया था। स्वास्थ्य मंत्री चाहते थे कि आरोप पत्र पर अदालत से वारंट ले लिया जाए और मुझे चुनाव के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया जाए। श्री राय ने कहा कि अदालत द्वारा उनके विरुद्ध पीड़क कार्रवाई नहीं करने के निर्देश से स्वास्थ्य मंत्री की साजिश विफल हो गई है। कोविड कर्मियों को प्रोत्साहन राशि देने के सरकारी निर्णय की सूची में मंत्री ने खुद का भी नाम जोड़ दिया था। अपने हाथों से बिल बना कर उन्होंने कोषागार में भी भेज दिया कि उन्हें प्रोत्साहन राशि उनके जमसेदपुर के रानीकुदर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते में भेज दिया जाए।



## एक नजर

### डॉ. परमेश्वर भगत ने मांडर में चलाया जनसंपर्क अभियान

**मांडर।** बीते शाम पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत ने अपने चुनावी अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया। इस दौरान उन्होंने मांडर प्रखंड के बरगड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों, टोला, मोहल्ला का दौरा किया और लोगों से मिले। डॉ. भगत ने अपने ग्रामीणों से संवाद करते हुए अपनी नीतियों और विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को सुनकर समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। जनसंपर्क के दौरान, उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और लोगों को सेवा करने के लिए एक मौका मांगे। डॉ. भगत ने कहा कि उनका लक्ष्य विकास और समृद्धि है। इस अभियान में उन्होंने युवाओं और महिलाओं से खास अपील की। उनके समर्थकों ने भी उन्हें अभियान में सहयोग किया।

### रांची में होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता स्थगित

**रांची।** राजधानी रांची में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की ओर से होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता को झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की मेजबानी में चार खेलों, एथलेटिक्स, हॉकी, टेनिस और साइक्लिंग (ट्रैक) प्रतियोगिता रांची के अलग-अलग स्टेडियमों में दिसंबर में प्रस्तावित थी। नवंबर में आसन्न विधानसभा चुनाव की तैयारी के कारण प्रतियोगिताओं की तैयारियां प्रभावित हो रही थीं। इसी को देखते हुए आयोजक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने एसजीएफआई प्रबंधन से प्रतियोगिता स्थगित करने का आग्रह किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। अब जनवरी में प्रस्तावित की गई तिथि राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने एसजीएफआई को लिखे पत्र में जनवरी में प्रतियोगिता कराने की सहमति देने का आग्रह किया है।

### बाबा कार्तिक उरांव की 100वीं जयंती मनाई गई



**रांची।** आदिवासी लूर अड्डा मोहराबादी में बाबा कार्तिक उरांव की 100वीं जयंती मनाई गई। इसमें विशेष रूप से टीआरएल के पूर्व विभागाध्यक्ष सह सरना नवयुवक संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव शामिल हुए। उन्होंने बाबा कार्तिक के जन्म, शिक्षा, संघर्ष, सामाजिक व राजनीतिक कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा की। मौके पर डॉ बंदे खलखो, डॉ योगेश प्रजापति, सरिता कुमारी, लक्ष्मण उरांव, प्रियंका उरांव, जगदीश उरांव, गणेश उरांव सहित अन्य मौजूद थे। केंद्रीय सरना समिति केंद्रीय सरना समिति ने मंगलवार को बाबा कार्तिक उरांव की जयंती मनाई। हरमू बायपास स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

# लापुंग प्रखंड में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

## शिक्षकों और विद्यार्थियों ने निभाई अहम भूमिका

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पंकज कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज के निर्देशानुसार लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी शिव प्रसाद महतो, सहायक शिक्षक जीवेश्वर साय एवं रीता देवी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर से छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। वहीं लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय



लतरातु, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोयनारा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कथकुंवारी, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पबिरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुदगुद सहित दर्जनों विद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने तख्ती और बैनर लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने नारा लगाया कि लोकतंत्र को बचाना है 13 नवंबर को मताधिकार का प्रयोग करना है। मम्मी-पापा, दादा-दादी, चाचा-चाची, भैया-भाभी वोट दो वोट दो।

## स्कूली छात्रों के बीच छठ पर्व का हुआ जीवंत मंचन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी स्थित एसीसी हाई स्कूल एवं एसीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने संयुक्त रूप से बड़े धूमधाम से दीपावली व छठ पर्व से संबंधित प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी व रवि गिरि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छोटे बच्चों ने भगवान श्रीराम पर आधारित गीतों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। ऊंची कक्षाओं की बच्चियों ने मंच पर छठ पर्व की जीवंत प्रस्तुति दी। नहाय खाय के दिन से लेकर उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने तक के अनुष्ठानों का बहुत ही खूबसूरती से मंचन किया गया। छठ गीतों पर आधारित नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। बच्चियों को सिखाने व साज सज्जा करने में शर्मिला पात्रा व दीपा गिरि का सराहनीय योगदान रहा। इनके अलावा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। मंच संचालन का मधु श्रीवास्तव ने किया। अंत में प्रशासक व प्रधानाध्यापक ने बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## न्यूज | बॉक्स

### इटकी प्रखंड के गांवों में विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत का चलाया जनसंपर्क



**इटकी।** बीते दिन देर रात, पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत ने अपनी टीम के साथ इटकी प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहां ग्रामीणों की समस्याएँ सुनने के लिए रुके। उन्होंने स्थानीय विकास योजनाओं पर चर्चा की और लोगों से उनका फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने बताया कि हमें आज तक कोई आमूल चूल परिवर्तन देखने को नहीं मिला है कितने वर्षों से इटकी प्रखंड मुख्यालय में डिग्री कॉलेज और एक सुविधाजनक अस्पताल की मांग हम ग्रामीण कर रहे हैं परंतु इस ओर हमारे प्रतिनिधियों का कोई पहल देखने को नहीं मिल रहा है। डॉ. भगत ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी आवाज को सुनने और समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। डॉक्टर भगत ने ग्रामीणों के साथ बातचीत के दौरान उनके विश्वास और समर्थन का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देना है। शिक्षा, चिकित्सा, कृषि और कृषक, रोजी रोजगार व्यवस्था करना मेरी प्रथमिकता होगी। उनकी इस पहल ने ग्रामीणों में नई उम्मीद जगाई। लोग उनकी ईमानदारी और प्रतिबद्धता से प्रभावित हुए। देर रात के इस जनसंपर्क अभियान ने साबित कर दिया कि डॉक्टर भगत केवल चुनावी मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि जनता के दिलों में भी जगह बनाने के लिए सक्रिय हैं।

### बेड़ो में चेकिंग के दौरान एफएसटी दल ने एक लाख 63 हजार रुपये किए जब्त



**बेड़ो।** प्रखंड के अन्तर्गत मंगलवार की सुबह लगभग 7:00 बजे चेकिंग अभियान के दौरान रांची गुमला मुख्य मार्ग में गुमला की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन क्रेटा संख्या जे एच 01 डी वाई 0789 से एफएसटी दल द्वारा चेक पोस्ट केसा मोड़ में एक लाख 63 हजार बरामद किया गया। एफएसटी दल ने बताया कि एक क्रेटा चार पहिया वाहन में सवार होकर इटकी निवासी सद्दाम अंसारी, नौशाद अंसारी, इरफान अंसारी व नसीम अंसारी बकरी खरीदने जा रहे थे। चेकिंग अभियान के दौरान उनके पास से एक लाख 63 हजार रुपए बरामद किए गए। इधर मिले रूपए को जब्त कर जिला भेज दिया गया। केशा चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेट के रूप में पुरूषोत्तम भाई पटेल, दुर्गा टाना भगत एवं सुखराम मिंज के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी और जवानों की उपस्थिति में उक्त राशि जब्त किया गयी। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नकुल शाह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक प्रक्रिया अपनाकर बरामद रूपए की पावती देकर रांची जिला भेज दी गई।

### मुरी-सिल्ली में धनतेरस को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़



**सिल्ली।** मुरी सिल्ली के बाजारों में धनतेरस को लेकर लोगों की दुकानों में भीड़ देखी गई। वही बर्तन दुकान, सोना चांदी की दुकान तथा राशन दुकानों में झाड़ू की बिक्री जोरों पर देखी गई। लोग सुबह से ही बाजारों में खरीदारी करते हुए नजर आए। दूसरी ओर बर्तन सोना चांदी की खरीदारी लोगों ने बढ़-चढ़कर किया। लोगों का मानना है कि धनतेरस के शुभ मुहूर्त में इन सभी चीजों की खरीदारी करने से घर में महालक्ष्मी का आगमन होता है । बाजारों में लोगों ने दीपक और लक्ष्मी गणेश के मूर्ति भी खरीदे एवं बच्चों को मिट्टी से निर्मित खिलौने खरीदते हुए देखा गया।

## धनतेरस पर ठाकुरगांव में जमकर हुई खरीददारी



**नवीन मेल संवाददाता। ठाकुरगांव** धनतेरस को लेकर ठाकुरगांव में स्थानीय दुकानदारों ने मंगलवार को सुबह से ही दुकान लगाए हुए थे। दिन भर ग्राहक आते रहे लेकिन शाम में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इलेक्ट्रिक आयटम, बर्तन, फर्निचर की ओर ग्राहकों का रुझान ज्यादा रहा। बर्तन और पलंग दुकानदार प्रदीप गुप्ता व विक्की केशरी ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर रानी सुपर मार्केट के अरुण कुमार और रवि इलेक्ट्रॉनिक के संचालक रवि चौरसिया ने कहा कि इलेक्ट्रिक आयटम में ग्राहकों का रुझान छोटे समान जैसे इंडेक्सऐन ,मिक्सर, कि ओर ज्यादा थी।

### खलारी में धनतेरस पर हुई धन की वर्षा, जमकर खरीदारी

## ढाई सौ दो पहिया वाहनों की हुई बिक्री करीब छह करोड़ का हुआ कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** धनतेरस के मौके पर खलारी के बाजार में इस वर्ष खूब धनवर्षा हुई। लोगों ने जमकर खरीदारी की। एक अनुमान के अनुसार पूरे खलारी कोयलांचल में छह करोड़ से अधिक के सामान की खरीद-बिक्री हुई। इसमें सबसे अधिक हिस्सेदारी दोपहिया वाहनों की है। लगभग ढाई सौ दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई है। जिसमें हीरो, बजाज, टीवीएस, होन्डा, यामहा व इलेक्ट्रानिक्स बाइक शामिल हैं। इसके अलावा सरार्फा बाजार में सोना-चांदी के आभूषण, सिक्के, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन जैसे इलेक्ट्रानिक सामान, पीतल, तांबे व स्टील के बर्तन, सोफा, पलंग, आलमीरा, प्लास्टिक निर्मित सामान की भी खूब बिक्री हुई है। कई लोगों ने निजी उपयोग के



चारपहिया वाहन तथा व्यवसायिक वाहन भी खरीदा। कई दुकानदारों ने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अच्छी बिक्री हुई है। इसके अलावा अनेक लोगों ने आनलाइन खरीदारी भी किया है। ग्राहक सुबह से ही केडी सहित दूसरे बाजार में आने लगे थे। दोपहर बाद तो दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सड़क पर सजी दुकानें और ग्राहकों के भीड़ से कई बार जाम की स्थिति बनी। कई बार भारी वाहनों से परेशानी बढ़ गई। हालांकि बाद में भारी वाहनों के लिए नो इंट्री कर दिया गया। केडी मुख्य बाजार के अलावा डकरा मेन रोड, धमधमिया, खलारी बाजारटांड सहित अन्य जगहों पर भी बाजार में काफी रौनक व गहमा-गहमी रही।

### धनतेरस पर बेड़ो व लापुंग के बाजार में रही रौनक

## सोने व चांदी सहित स्कूटी और बाइक की खूब हुई खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो और लापुंग प्रखंड में धनतेरस के मौके पर अभिजीत मुहूर्त सहित दिनभर जमकर खरीददारी की गई। लोगों ने सोने चांदी के गहनों सहित झाड़ू तक की खरीदारी की। बेड़ो के महावीर चौक, मेन रोड, बाजार टांड़, जिला परिषद मार्केट, देवी मंडप चौक से लेकर तेतरटोली तक धनतेरस के मौके पर बाजार खूब सजे थे। लोगों ने धनतेरस पर लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, कांसा तांबा और पीतल के बर्तन, स्टील एवं लकड़ी के फर्नीचर और पलंग, घेरलू सामान सहित बाइक और स्कूटी की खूब खरीदारी की। एक अनुमान के अनुसार सिर्फ बेड़ों में करोड़ों रुपए के सामानों की खरीदारी की गई। बड़ी संख्या में आदिवासियों ने भी अपनी श्रद्धा और विश्वास दिखाते हुए बाजार में खूब खरीदारी की। सोने और चांदी के प्रमुख व्यापारी मोहन सोनी, अंकित



लोगों की झाड़ू रही पहली पसंद

सोनी एवं ज्वाला सोनी ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की अपेक्षा अच्छी खरीदारी हुई है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के समय से बाजार मंदी के दौर से गुजर रहा था। लेकिन अब बाजार में काफी सुधार देखा जा रहा है। लोगों ने मिठाइयों की भी खूब खरीदारी की। प्रसिद्ध मिठाई की दुकान डोमन स्वीट्स में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। उधर लापुंग प्रखंड के ककरिया और लापुंग में भी धनतेरस पर लोगों ने खूब खरीदारी की। ककरिया के व्यवसायी प्रवीण कुमार ने बताया कि ककरिया अब धीरे-धीरे बड़े व्यावसायिक गांव से कस्बे में बदलता जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं। बेड़ो प्रखंड के तुको में भी बाजारों में रौनक देखी गई। तुमको मैं भी लोगों ने बर्तन और अन्य सामानों की खूब खरीदारी की।

### झारखंड विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल करने वालों पर होगी कार्रवाई

## केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति, प्रिंट मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया किसी प्रकार का सर्वेक्षण प्रकाशित नहीं कर पाएंगे। चुनाव आयोग ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग की ओर से जारी इस अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड में 15 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हुई। साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल एक्ट, 1951 सेक्शन 126 के तहत यह निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी रूप में चुनाव के परिणाम से जुड़ा एग्जिट पोल प्रकाशित नहीं करेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, आम चुनाव या विधानसभा चुनाव के मामले में मतदान की पहली तारीख से लेकर आखिरी दिन के मतदान के आधे घंटे बाद तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल पर रोक रहेगी। साथ ही उपचुनाव के मामले में मतदान शुरू होने से लेकर मतदान खत्म होने के आधे घंटे बाद तक किसी प्रकार का एग्जिट पोल प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा। चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि जनप्रतिनिधित्व कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी प्रावधान के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों को दो साल तक जेल या जुमार्ना या दोनों की सजा दी जा सकती है। चुनाव आयोग ने कहा है कि 13 नवंबर को सुबह 7 बजे से 20 नवंबर को शाम 6:30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के प्रकाशन और प्रसारण पर रोक रहेगी।

### बेड़ो के स्कूल में फ्रूट व वेजिटेबल डे मनाया गया

## फास्ट फूड, लेज और कुरकुरे खाना सेहत के लिए नुकसान : कैलाश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो के बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को प्ले, नर्सरी एवं केजी के बच्चों ने फ्रूट एवं भेजिटेबल डे मनाया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों का रूप बनाकर मन मोह लिया। शिक्षकों ने बच्चों को फलों एवं सब्जियों के गुणों के बारे में बताया । फल एवं हरि सब्जी खाकर हमलोग किस तरह सभी बीमारियों से बच सकते हैं । सभी प्रकार के प्रोटीन , विटामिन हमें फलों एवं हरि सब्जियों से प्राप्त होते हैं। बच्चों ने फलों एवं सब्जियों का रूप बनाकर फलों एवं सब्जियों गाने पर नृत्य प्रस्तुत किए। सभी कक्षाओं में बेस्ट फ्रूट एवं वेजिटेबल बने बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि आजकल के बच्चे फल और सब्जियों को खाना छोड़कर फास्ट फूड और लेश, कुरकुरे , मेगी खाना पसंद करते हैं। इस



आयोजन से बच्चों में फलों एवं सब्जियों के बारे में जानकारी मिलेगी और उनमें जिज्ञासा बढ़ेगी वे इसके खाने के फायदे के बारे में जानेंगे। फल और सब्जी खाना सेहद के लिए बहुत जरूरी है। कक्षा प्ले से प्रथम स्थान भूमिका कुमारी और दिव्यांश तिर्की, दूसरा स्थान अनिकेत मेहता और शिया सिंह, तीसरा स्थान अंश उरांव को मिला,कक्षा नर्सरी ए में प्रथम स्थान एलेक्स खलखो, और समर्थ मेहता को मिला। दूसरा स्थान जानवी कुमारी और नित्या मेहता को मिला ।तीसरा स्थान अमन तिर्की और उत्तम मेहता को मिला। नर्सरी बी पहला स्थान सुहानी कुमारी, दूसरा

**❏ जो बच्चे मेगी खाना पसंद करते हैं वह सेहत के लिए बेहद खतरनाक**

स्थान शिवानी कुमारी, तीसरा स्थान हर्ष कुमार को मिला, एल के जी ए से पहला स्थान अयनांश लकड़ा, दूसरा स्थान प्रिंस तन भगत, तीसरा स्थान दीपांशी उरांव, एल के जी बी प्रथम स्थान अद्विक अयांश दूसरा स्थान आराध्य मिंज, तीसरा स्थान अयांश गुप्ता,यूकेजी बी से प्रथम स्थान आध्या साहू, दूसरा स्थान दीपाली खेश, तीसरा स्थान प्रतीक रंजन को मिला।

### भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने किया जनसंपर्क, कहा

## मांडर को भ्रष्टाचार मुक्त विधानसभा बनाना मेरा संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संपर्क किया। वहीं मलटोटी, ब्रांबे बाजार, करंज टोली, चुंद, सेवाडीह, बडगड़ी, केशकानी, मुड़मा आदि गांव में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कमल हमारी समृद्धि का प्रतीक है। मांडर में कमल खिलेगा तो यहां के विकास को नई गति मिलेगी। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का सपना साकार होगा। इस बीच ग्रामीणों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं को सुनकर सन्नि ने कहा कि यह हम सब का दुर्भाग्य है कि झारखंड बनने के 24 साल के बावजूद विधानसभा में हम सबको मूलभूत आवश्यकता भी नहीं मिल पा रही है। इसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ बाबा और बेबी की जोड़ी है। इसलिए हम सबको इस बार मांडर में परिवर्तन जरूर करना है। कमल जरुर खिलाना है। डॉ रामखेलावन ने कहा कि मांडर विधानसभा में सन्नी टोप्पो आप सबके बीच प्रत्याशी के रूप में खड़े हैं। यह आप सब का प्यार और उनकी जन सेवा की भावना का समायोजन है, आप सबने जो विकसित मांडर का सपना देखा है उसे आप सबको मिलकर पूरा करना है इसके लिए आपको मांडर में कमल खिलाना पड़ेगा सनी को जिताना पड़ेगा।

### दीपावली मेले का आयोजन

## बच्चों के लिए कौशल शिक्षा आज के समय की मांग : अनिल कुमार सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** डीएवी स्कूल खलारी में दीपावली मेले का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीसीएल केडीएच व डकरा के परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह ने प्राचार्य डा कमलेश कुमार व अभिभावकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काट कर किया। प्राचार्य ने कहा कि दीपावली के पावन पर्व पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन प्रशंसनीय है। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है, साथ ही उनमें प्रारंभ से ही उद्यमशीलता को भी बढ़ावा मिलता है। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि डीएवी स्कूल खलारी समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इसके लिए धन्यवाद दिया। कहा कि डीएवी स्कूल में संस्कारों के साथ कौशल



आधारित शिक्षा दी जाती है जो कि आज के समय में बहुत ही आवश्यक है। बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, नृत्य एवं गायन हिंदी व अंग्रेजी भाषाओं में प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए स्टाल लगाए गए थे। बच्चों की इन दुकानों पर पूरे कार्यक्रम के दौरान बहुत भीड़ रही। अभिभावकों ने भी अपने नन्हे मुन्नों के इन प्रयासों की सराहना की तथा उनके उत्पादों-कलश, दीया, चाकलेट, पानी पूरी आदि खरीदने में रूचि दिखाई। मुख्य अतिथि ने भी कलश और दीया खरीद कर बच्चों की इस कोशिश को प्रोत्साहित किया। सैल्फी प्वाइंट सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। यहां भी बच्चों और अभिभावकों की भीड़ लगी रही। धन्यवाद ज्ञापित विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने किया। अंग्रेजी शिक्षिका प्रेरणा सिंह का मंच संचालन सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक उपस्थित थे।

## एक नजर

### विस चुनाव को लेकर सेक्टर पदाधिकारी ने बीएलओ के साथ की बैठक

**डोमचांच।** प्रखंड सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी और बीएलओ के साथ बैठक हुई। बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से सेक्टर अंतर्गत मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त सुविधाओं की जानकारी ली। मतदान केन्द्रों से संबंधित रूट चार्ट,रूट मैप, कम्युनिकेशन प्लान, मूलभूत सुविधाएं समेत मतदान केन्द्रों पर वाहनों की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर हर छोटी से छोटी सुविधाएं सुदृढ़ रखें,ताकि पोलिंग पार्टी के साथ किसी भी मतदाता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

### भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव ने जनसंपर्क अभियान चलाकर मांगा वोट

**कोडरमा।** भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव ने मंगलवार को कई गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगा। उन्होंने लोहासिकर, बाघरेटोला, बेलगढ़ा, चिगलाबर, सलैया, बेकोबार, खरखरो, डुमरडीहा, सौंदेडीह, पथलडीहा आदि गांवों में जनसंपर्क चलाकर अपने पक्ष में किए गए कार्यों के बदले वोट मांगा। गांवों में लोगों ने डॉ नीरा को समर्थन का वादा किया। इस दौरान डॉ नीरा ने लोगों से कहा कि मैं आपके सामने कई जनहित कार्यों को किया है, उसी के बदले मेरी झोली में पुनः वोट देकर विजयी बनाएं। तभी और कई विकास के अधूरे कार्य अगले कार्यकाल में पूरे कर पाएंगे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पंडित, पूर्व उप प्रमुख विजय सिंह, दिनेश सिंह, पूर्व प्रमुख राजकुमार यादव, सुनील मंडल, संजीव यादव, राजेश यादव, दर्शन शर्मा, पिंटू शर्मा, रामू साव, मुकेश मंडल आदि उपस्थित थे।

### ग्रिजली स्कूल की छात्रा पीहू का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**चंदवार।** ग्रिजली स्कूल की छात्रा पीहू कुमारी ने श्री श्याम सेवा समिति, गिरीडीह झारखंड में आयोजित पांचवे राज्यस्तरीय योगासना प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीते। 10-14 वर्ष आयु वर्ग के ताल सुर-संबंधी योगासना में कांस्य पदक जीता, तो वहीं कलात्मक योगासना में रजत पदक जीत कर राष्ट्रीय स्तर योगासना प्रतियोगिता में जगह बनायी। छात्रा पीहू कुमारी के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के सीईओ प्रकाश गुप्ता और प्राचार्या अंजना कुमारी नें बधाई दी और बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिये यह जरूरी है कि विद्यार्थी निष्ठा,लगन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़े। उन्होंने छात्रा पीहू को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सफलता की कामना की।

धनतेरस पर रामगढ़ में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की हुई जमकर बिक्री

# 70 करोड़ रुपये के कारोबार का है अनुमान




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ में धनतेरस पर 29 अक्टूबर वाहन, ज्वेलरी, दो पहिया और चार पहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन की करोड़ों रुपए की बिक्री हुई। साथ ही लक्ष्मी -गणेश की मूर्ति, पटाखे और झाड़ू भी जमकर बिके जिससे दिनभर बाजारों में रौनक दिखी। अनुमान लगाया जा रहा है इस बार धनतेरस पर शहर में लगभग 70 करोड़ के सामान बिके। बताया जा रहा है की दो पहिया वाहन 15 करोड़, चार पहिया वाहन 20 करोड़, बर्तन 5 करोड़, 5 करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक सामान और 12 करोड़ से अधिक के सोने-चांदी के सामान बिके।

**दुकानों में दिनभर लगी रही ग्राहकों की भीड़**

धनतेरस को लेकर मंगलवार को रामगढ़ के इलेक्ट्रॉनिक दुकानो, चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, ज्वेलरी दुकानो, बर्तन दुकानो में ग्राहकों की भीड़ लगी रही है।

**35 करोड़ के बिके वाहन**

इसबार के धनतेसर पर रामगढ़ में चार पहिया और दो पहिया वाहनों की जनकर बिक्री हुई। वाहनों की खरीदारी के लिए वाहन दुकानों में दिनभर ग्राहकों की भीड़ दिखी। लगभग 35 करोड़ के वाहन बिके।

**इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में भी लगी रही भीड़**

धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक दुकानो में भी भीड़ नजर आई। धनतेसर पर इस वर्ष लोगों ने फ्रीज, मिक्सी, कुलर, एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन आदि की खूब खरीदारी की।

प्रतिष्ठानों को आकर्षक तरीके से सजाया गया धनतेरस पर सामानों की खूब बिक्री होती है। इस कारण ग्राहकों को लुभाने के लिए प्रतिष्ठानों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। रामगढ़ में धनतेरस पर इसबार बर्तन दुकानों में लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और बर्तन की खरीदारी की। लगभग 5 करोड़ के बर्तन की बिक्री का अनुमान है। धनतेरस को लेकर ज्वेलरी दुकानों में भी लोग पहुंचे और सोने एवं चांदी के सिक्के खरीदे। इसके अलावे लोगों ने ज्वेलरी दुकानों में अपनी पसंद के अन्य सामान भी खरीदे। बताया जा रहा है की 12 करोड़ से अधिक के सोने चांदी के सामान बिके। धनतेरस पर झाडू का खरीदना शुभ माना जाता है इसलिए लोगों ने झाडू भी खरीदा। वहीं, बच्चों और युवाओ ने अपनी अपनी पसंद के पटाखों की खरीदारी की। इधर, धनतेरस पर बाजारों में भीड़ रहने के कारण शहर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। जिस कारण लोगों को आने जाने में थोड़ी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस अधीक्षक ने एसएसटी टीम का किया औचक निरीक्षण



रामगढ़। विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार द्वारा गत 28 अक्टूबर की रात्रि में चुट्टूपालू घाटी में लगे एसएसटी टीम का औचक निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित दण्डाधिकारी / पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप आवश्यक निर्देश दिया गया।

### विश्वविद्यालय में रंगोली व पौधरोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग में रंगोली एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक और स्नाकोत्तर के सभी सत्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली बनाने के महत्व पर अपने विचार साझा किए और इसके सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष चार विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई दी। सचिव प्रियंका कुमारी, प्रतिकुलपति महोदय प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दिए। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कार्लोस टोप्पो ने रंगोली के महत्व बताते हुए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन विभाग के व्याख्याता डॉ राकेश कुमार महतो ने किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में कला, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे थे।

## झालोक्रांमो के प्रत्याशी पनेश्वर महतो ने समर्थकों के साथ पहुंचकर किया नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी पनेश्वर महतो ने मंगलवानर को समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नामांकन किया. नामांकन से पूर्व पनेश्वर महतो माया टुंगरी पहुंचे और वहां माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया. नामांकन के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा की इसबार के चुनाव में रामगढ़ विधानभा क्षेत्र से मेरी जीत होगी. कहा की झारखंड के बने 24 वर्ष हो चुके हैं लेकिन राज्य की समस्याएं दूर नही हुई. पनेश्वर महतो ने कहा की आज तक राज्य में स्थानीय नीति नही बन पाई. कहा की राज्य के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं और सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कोई ठोस योजना नही बना पाई है. कहा की झारखंड का समुचित विकास टाइगर जयराम महतो ही कर सकते हैं. इसलिए लोग इसबार जेएलकेएम को अपना आशीर्वाद देंगे. कहा की जेएलकेएम ही राज्य से गरीबी और बेरोजगारी दूर कर राज्य को विकास के पथ पर ले जा सकती है. पनेश्वर महतो ने कहा की जेएलकेएम सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो शोषित, पीड़ित, वंचित, दबे कुचले सभी की आवाज बनकर उभरे हैं इसलिए सभी उनकी ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं।

धनतेरस को लेकर बाजार के विभिन्न दुकानों में ग्राहकों की उमड़ी भीड़

# आचार्य शिवकांत पांडेय ने धनतेरस का बताया महत्व



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
दीपावली के दो दिन पूर्व त्योहार के रूप में मनाए जाने वाले धनतेरस को लेकर बाजार के विभिन्न प्रकार की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई।विदित हो कि धनतेरस के अवसर पर धातु की वस्तुओं की खरीद का विशेष महत्व है।खासकर सोने और चांदी के जेवरों की खरीदगी को इस दिन अधिक शुभ माना गया है। वहीं लोग विभिन्न प्रकार के वाहनों, बर्तनों तथा अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद को प्राथमिकता देते हैं। इस निमित्त बरकट्ठा बाजार स्थित नुनु बाबु के बर्तन दुकान,कनक ज्वेलर्स,राज इलेक्ट्रोनिक्स,हीरो शोरूम,होण्डा शोरूम,टीवीएस शोरूम, किराना दुकान समेत तमाम दुकानों में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। धनतेरस के महत्व को बताते हुए बंडासिंघा निवासी आचार्य शिवकांत पांडेय ने बताया कि धनतेरस का नाम धन और तेरस यह दो शब्दों से बना है जिसमें धन का अर्थ संपत्ति और तेरस का अर्थ पंचांग की 13वीं तिथि से है। कहा कि प्रत्येक वर्ष इस तिथि को धनतेरस मनाई जाती है।इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर देवता की उपासना की जाती है। इस दिन सोना, चांदी तथा अन्य कीमती सामान खरीदने से मां लक्ष्मी खुश होती है तथा घर में समृद्धि और धन आगमन के आसार बढ़ाते हैं।

कोनरा मुखिया सहित कई लोगों ने समर्थन देने का दिया आश्वासन

# अधिवक्ताओं से मिले सपा प्रत्याशी विकास के नाम पर मांगा समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बार एसोसिएशन बरही के अधिवक्ताओं से सपा प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव मुलाकात कर विस चुनाव के लिए उनसे समर्थन मांगा. जिस पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष झारखंडी साहा, सचिव राजकुमार प्रसाद आदि अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के भवन और शौचालय के साथ बरही में व्यवहार न्यायालय प्रारंभ करवाने की बात कही. श्री अकेला ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी जीत के साथ उक्त दोनों कार्य प्राथमिकता के साथ की जायेगी. वही अधिवक्ताओं ने निवर्तमान विधायक के बातो से संतुष्ट होकर विस चुनाव में समर्थन देने का आश्वासन दिया.

**कोनरा मुखिया ने भी दिया समर्थन :** जनसंपर्क के दौरान सोमवार को सपा प्रत्याशी का काफिला कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम से मुलाकात किया. इस दौरान कोनरा के कई लोग मौजूद थे. सपा प्रत्याशी ने उपस्थित लोगो से समर्थन मांगते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया. वही मुखिया सहित उपस्थित लोगो ने निवर्तमान विधायक के कार्यकाल की सराहना करते हुए पूर्ण समर्थन देने की बात कही.

## ट्रक की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल, इलाज के क्रम में हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मंगलवार की अहले सुबह करीब सात बजे ट्रक की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार इलाज के क्रम में युवक की हजारीबाग में मृत्यु हो गई. युवक की पहचान बरही मल्लाह टोली निवासी सुरेश निषाद के 26 वर्षीय पुत्र कारू निषाद के रूप में की गई है. स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार युवक बरही बाजार से पैदल अपने घर जा रहा था. इसी क्रम में बरही चौक के पास ट्रेलर संख्या जहां ट्रेलर गया की ओर जा रही ट्रक संख्या एचआर 74 बी 9437 के पिछले चक्के के चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे घायलावस्था में अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया. सूचना मिलते ही बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर वाहन को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर थाना ले गई. ज्ञात हो कि पिछले एक वर्ष के अंदर बरही चौक पर तीन बड़ी घटनाएं घट चुकी है. स्थानीय लोगो ने बताया कि पिछले वर्ष छठ पूजा के दौरान शंभू माली के पुत्र फिर शिवा निषाद के पुत्र और आज मंगलवार की यह तीसरी घटना से लोग मर्माहत और चिंतित हैं. साथ ही लोग प्रशासन की लचर ट्रैफिक व्यवस्था से अक्रोशित है. लोगो की माने तो हादसा का मुख्य कारण अव्यवस्थित और अनियंत्रित ट्रैफिक व्यवस्था है. जिस ओर आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.

## झामुमो प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन ने किया क्षेत्र भ्रमण



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने अवैध पशु लदा तीन ट्रक को पकड़ा है। डीआईजी हजारीबाग की गठित टीम ने कार्रवाई किया। थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने टीम के साथ मिलकर जांच अभियान चलाया। बिहार की ओर से आ रही डब्ल्यू बी 11 डी 6995, यूपी 61 बीटी 7012 डब्ल्यू बी 11 डी 2265 से 54 भैंस को जब्त कर हजारीबाग गौशाला में भेज दिया गया। तीनों ट्रकों को जांच करने पर पकड़े गए चालक और व्यापारी के द्वारा किसी तरह का वैध कागजात नहीं दिया गया। पकड़े गए ट्रक चालकों ने बताया कि सभी पशु बिहार से बंगाल ले जाया जा रहा है। इसको लेकर बरकट्ठा थाना में 199/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों गाड़ी के चालक को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

## पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रक्टरों को किया जब्त



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली की थी रामगढ़ थाना अंतर्गत अवैध बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा रामगढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें रामगढ़ थाना अंतर्गत रांची रोड सिंह होटल के पास से 02 ट्रैक्टर को लगभग 200 सीएफटी बालू के साथ जब्त किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना कांड सं0-342/24, 28.10.2024, धारा-303(2)/317(2)/3(5) बीएनएस एवं 4/21 एमएमडीआर एक्ट-1957, 54 जेएमएमसीए-2004, 9/13 झारखंड मिनरल्स (प्रेवेनशन ऑफ इलिगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज - 2017 दर्ज कर चालक एवं मालिक के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।


निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र मोदी मांग रहे समर्थन

## विकास के एजेंडे के साथ किया जनसंपर्क



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे सुरेंद्र मोदी को जनता का बेहतर समर्थन मिल रहा है।इस निमित उन्होंने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है और विकास को प्राथमिकता देने वाले नेतृत्व का समर्थन कर रही है। कहा कि यदि उन्हें जनता का समर्थन और आशीर्वाद मिलता है, तो वे क्षेत्र के हर प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने प्रत्येक प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सदर अस्पताल के स्तर का बनाने की बात कही ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।वहीं सूर्यकुंड को आस्था का केंद्र मानते हुए इसे एक प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। जनसंपर्क अभियान में सुरेंद्र मोदी के साथ भगवानी सिंह, मणिलाल मंडल, इजरायल खान, श्यामसुंदर सिंह, बीरेंद्र मोदी, प्रमिला बरनवाल, ईश्वर मोदी, सुनील कुमार, सकलदेव बरनवाल, रामदेव मंडल, रंजीत सिंह, नईम खान समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर जनता के बीच सुरेंद्र मोदी के विकास के विजन को साझा किया।

## पुलिस ने अवैध पशु लदे तीन ट्रकों को पकड़ा




**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने अवैध पशु लदा तीन ट्रक को पकड़ा है। डीआईजी हजारीबाग की गठित टीम ने कार्रवाई किया। थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने टीम के साथ मिलकर जांच अभियान चलाया। बिहार की ओर से आ रही डब्ल्यू बी 11 डी 6995, यूपी 61 बीटी 7012 डब्ल्यू बी 11 डी 2265 से 54 भैंस को जब्त कर हजारीबाग गौशाला में भेज दिया गया। तीनों ट्रकों को जांच करने पर पकड़े गए चालक और व्यापारी के द्वारा किसी तरह का वैध कागजात नहीं दिया गया। पकड़े गए ट्रक चालकों ने बताया कि सभी पशु बिहार से बंगाल ले जाया जा रहा है। इसको लेकर बरकट्ठा थाना में 199/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों गाड़ी के चालक को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

पूर्व महापौर अंजलि भाजपा छोड़ झामुमो में हुई शामिल

## सीएम आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिलाई सदस्यता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
नगर निगम की पूर्व महापौर और चर्चित भाजपा नेत्री अंजलि कुमारी ने मंगलवार को झामुमो जॉइन कर लिया। राँची स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में अंजली कुमारी ने झामुमो की सदस्यता ली। अंजलि कुमारी ने कहा कि भाजपा में झारखंडियों की कोई अहमियत नहीं है। अब छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार और यूपी के लोग भाजपा चला रहे है। ये लोग स्थानीय झारखंडी कार्यकर्तओं को गुलाम समझते है और उनकी अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसका प्रत्यक्ष प्रमाण इस बारे के टिकट बंटवारे में देखने को मिला, जिसमें समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि भाई साहब कल्चर के कारण झारखंड भाजपा की नैया डूब रही है। उन्होंने बताया कि कहा कि इस राज्य में झामुमो ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग का एक जैसा ख्याल रखती है और पार्टी में कार्यकर्ताओं को भी पूरा सम्मान मिलता है।

भाजपा विधायक प्रत्याशी ने आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से कटकमदाग मंडल का किया दौरा

## हजारीबाग सदर विस क्षेत्र के जनहित कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं : प्रदीप प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा के कटकमदाग मंडल के शंकरपूर, बघमारवा, बेस, हारम, कुरलूगवां, हुरूदाग, पुंदरी, फतहा, ओदरना जमवारी, सिसोई, सिरका, कसुम्भा, चिची, कुबा, पुरनी अडरा, अडरा, केशवारिया, झगरबाँध, उदयपूर, बेंदी सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने अशीर्वाद यात्रा में देवतुल्य जनता को सम्बोधित करते हुवे कहा कि हजारीबाग मेरा परिवार है। आशा है आप सभी का अशीर्वाद मिला तो विधानसभा क्षेत्र का संम्पूर्ण विकास करेगें। ठगबंधन की सरकार नें झारखंड की भोली भाली जनता को बेवकूफ बनानें का काम किया है। अब जनता मन बना चूँका है कि पूरे प्रदेश में कमल खिलेगा ओर भाजपा की सरकार बनेगी। डबल इंजन की सरकार से झारखंड समृद्ध व खुशहाल होगा। हजारीबाग के लिए भाजपा का साथ देनें का आग्रह किया। इस आशीर्वाद यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता टौनी जैन,किसान मौर्चा के जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायाण कुशवाहा ,भाजपा नेता कमल गोप, अजय साहु, कटकमदाग प्रभारी मंडल अध्यक्ष अरूण राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कविन्द्र यादव , कटकमदाग मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, शिवपाल यादव,पंकज ठाकुर, संजु पासवान, विनोद प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुखिया कामेश्वर दास, पूर्व मुखिया पिन्टु रानी, पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, वार्ड पार्षद विषु विश्कर्मा,, वासुदेव गोप, कुन्दन राम, पंकज ठाकुर सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### गांधी मैदान में लगे दीपावली बाजार में खरीदारी के लिए उमड़ी लोगों के भीड़

# धनतेरस पर बाजारों में हुई धनवर्षा, जमकर खरीददारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** धनतेरस के अवसर पर मंगलवार को शहरी क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ से भी ज्यादा का व्यवसाय हुआ। सिमडेगा में धनतेरस पर हर साल की भांति इस बार भी चकाचौंध सभी तरफ देखने को मिला। पूरे बाजार में भीड़ भाड़ का माहौल रहा। दुकानों में सुबह से ही भीड़ देखने को मिली। धनतेरस को लेकर सुबह से ही दुकानों में लोगों को खरीदारी करते हुए देखा गया। मंगलवार को दिन ढलने के साथ ही शाम को दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर महावीर चौक से लेकर आनंद भवन तक मुख्य पथ पर जाम की स्थिति बनी रही। महावीर चौक के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। इस वर्ष सबसे ज्यादा खरीदारी वाहन बाजार में लोगों ने की।शहरी क्षेत्र में मुख्य रूप से साउंड एंड विजन, सर्किट सीटी, गोपालजी ज्वेलर्स, शुभम इंटरप्राईजेज, समलेश्वरी ऑटोमोबाइल, बर्तन के दुकानों के अलावा बाईक शो रूम, ऑटो शो रूम, ट्रेक्टर शोरूम व चार पहिया शोरूम में ग्राहकों की भीड़ देखी गयी। दो पहिया वाहनों में सबसे ज्यादा मांग टीवीएस एवं हीरो बाईक और इस बार अत्याधुनिक तरीके से आई हुई इलेक्ट्रिक स्कूटी की भी मांग रखी गई। वहीं इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में लोगों ने एलसीडी, फ्रीज, मोबाईल के अलावा अन्य सामानों की खरीदारी की। सिमडेगा शहरी क्षेत्र के मोबाईल दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ देखी गयी। इसके अलावा लाखों रुपये की लोगों ने विभिन्न उत्पादों की खरीदारी ऑनलाइन भी की। शहर के माय कंप्यूटर, कंप्यूटर वर्ल्ड तथा माइक्रो कंप्यूटर सहित अन्य दुकानों में भी लैपटॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर सहित सभी चीजों की खरीदारी के लिए सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ देखी गई।





## लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति सहित घरों को सजाने के सामानों की भारी मांग

**सिमडेगा** शहर में भीड़ एवं जाम की स्थिति को निपटाने के लिए सिमडेगा नगर परिषद की ओर से गांधी मैदान सिमडेगा में दीपावली की बाजार सजाया जहां पर अलग-अलग प्रकार की दुकान लगाई गई है और लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही। सिमडेगा गांधी मैदान में मां लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा घरों में सजाने के लिए अलग अलग तरीके की लाइट झालर सहित सजावट की अन्य सामग्री तस्वीर एवम मिठाई सहित सभी प्रकार की चीजों की बिक्री के लिए सुबह से ही दुकानें सजी रही। जहां सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए ग्रामीणों ने



जमकर खरीदारी की। हालांकि संध्या होते ही शहर के लोग खरीदारी करने निकले। जिससे कि पूरी तरह क्षेत्र में भीड़ भाड़ का माहौल देखा गया। हालांकि सिमडेगा एसपी सौरभ द्वारा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी तरफ पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी।वहीं पेट्रोलिंग वाहन भी पूरे शहर का चक्कर लगाता हुआ दिखाई दिया।शहर के अन्य जगहों पर पटाखे की जमकर खरीदारी भी की गई। सिमडेगा जिला मुख्यालय के अलावा सिमडेगा जिला के सभी 10 प्रखंड मुख्यालय में भी चौक चौराहे पर धनतेरस को लेकर चकाचौंध का माहौल रहा। ग्रामीण क्षेत्र के लोग प्रखंड मुख्यालय में आकर अपनी जरूरत के हिसाब से धनतेरस पर छोटे से लेकर बड़े तरह की वस्तुएं खरीदते हुए नजर आए।

# उच्च विचार के कारण आदिवासियों के प्रेरणास्त्रोत हैं कार्तिक उरांव : भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा:विधायक सह सिमडेगा विधानसभा के कांग्रेस समर्थित इंडिया गठबंधन प्रत्यासी भूषण बाड़ा ने स्व. कार्तिक उरांव के जयंती पर पालकोट पहुंच कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भूषण बाड़ा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और उद्योग शिल्प के शिल्पकार स्व. कार्तिक उरांव अद्वितीय प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। विषम परिस्थिति में उच्च शिक्षा पाकर आज की युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और जनजातीय समाज को उसके अधिकार दिलाने के लिए जागरुक करने वाले कार्तिक उरांव अपने उच्च विचार और संघर्ष के कारण आदिवासियों के प्रणेता माने जाते हैं। अपनी मिट्टी से प्यार करने वाले कार्तिक उरांव ने एचइसी के उप मुख्य



अभियंता का पद छोड़कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु से प्रेरित होकर कांग्रेस में शामिल हुए थे और अपने कार्यों से आम जनता को प्रभावित कर झारखंडी दलों के कब्जा से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र को मुक्त कराकर उन्होंने कांग्रेस का गढ़ बनाया था। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि गरीबी के जहरीले दर्द को झेलकर भी कार्तिक बाबू ने अभियंत्रण के क्षेत्र में उच्च डिग्रियों को हासिल करते हुए जन सेवा का जो संकल्प लिया था। वह आज के राजनीतिक दलों के आदर्श बने हुए हैं। यहीं कारण है कि जहां संपूर्ण जनजातीय समाज उन्हें अपना प्रेरणा मानता है वहीं सभी राजनीतिक दल आज कार्तिक बाबू को आदर्श मानकर उनका गुणगान कर रहे हैं। भूषण बाड़ा ने कहा कि कार्तिक बाबू सबके प्रिय हैं। विचारों का बंधन उनपर लागू नहीं होता। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कई सदस्य सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बानो थाना परिसर में दीपावली व छठ पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो थाना के प्रांगण मे दीपावली व छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विकास कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी उपस्थित थे। बैठक मे दीपावली व छठ पर्व सौहार्दपुर्ण व शांतिपुर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बच्चों को अधिक पावर वाले पटाखे न दे। बैठक मे छठ घाट के साफ सफाई , सहित अन्य विदुओ पर चर्चा किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाए ताकि किसी को कोई भी परेशानी उत्पन्न ना हो इसके अलावा



आदर्श आचार संहिता का अनुपालन हो इसके लिए सभी जगह पर नजर रखी जा रही है ताकि कोई भी उल्लंघन न कर सके।

इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है ताकि किसी प्रकार का सांप्रदायिक हिंसा न उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। इस अवसर पर एएसआइ निरंजन कुमार, एएसआई सत्यनरायण सिंह,जितेंद्र वर्मा गर्दर्व सिंह, विश्वभंर सिंह, महेश सिंह, सुरेंद्र तिवारी, मुखिया विश्वनाथ बडाइक, सोमारी कैथवार, कृपा हेमरोम, सीता कुमारी, बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, मो अशरफ, सामुएल बुढ आदि लोग उपस्थित थे।

### बच्चों के लर्निंग लेवल को सुधारने व आगे बढ़ाने के उपायों पर की गई चर्चा

**बांसजोर।** पीएम श्री स्कूल बांसजोर में पीरामल फाउंडेशन द्वारा किए गए असर टूल सर्वे का डेटा विश्लेषण पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें गांधी फेलो ब्रज भूषण सिंह ने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों में स्टूडेंट लर्निंग आउटकम को मापने के लिए पीरामल फाउंडेशन द्वारा किए गए डेटा विश्लेषण को शिक्षकों के साथ साझा किया। मौके पर प्रधानाध्यापक सुदर्शन होता, एबीएफ प्रशांत तिवारी और विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपनी-अपनी राय रखते हुए बच्चों के लर्निंग लेवल को सुधारने और आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। शिक्षकों ने लर्निंग आउटकम को और बेहतर करने के लिए आपसी सहयोग एवं तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया। गांधी फेलो ब्रज भूषण सिंह ने असर टूल के माध्यम से बच्चों की शैक्षणिक स्थिति का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक सुदर्शन होता ने कहा कि यह पहल न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाएगी, बल्कि शिक्षकों के लिए भी एक सहयोगात्मक वातावरण का निर्माण करेगी।

# नगर परिषद सिमडेगा ने मतदाताओं को जागरूक करने को निकाली रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव के तहत 13 नवंबर को सिमडेगा में मतदान होना है जिसको लेकर सिमडेगा जिला प्रशासन लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयास कर रही है । इसी कड़ी में नगर परिषद से मिलेगा के द्वारा भी स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली कैंडल मार्च चुनाव शपथ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान नगर परिषद कार्यालय के समीप आकर्षक तरीके से रंगोली बनाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया वहीं इसके बाद जागरूकता रैली निकाली रैली सिमडेगा अल्बर्टा एक्का स्टेडियम से निकलकर सिमडेगा झूलन सिंह चौक वीर बुधु भगत चौक आदि जगहों पर पहुंचा जहां पर नगर परिषद अंतर्गत डे एनयूएलएम की महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं चक्रीय विकास संस्थान के कलाकारों के द्वारा नाचते झूमते गाते एवं हाथों में कैंडल लेकर तथा पोस्टर के माध्यम से लोगों को वोट के लिए अपील किया। मौके पर सिमडेगा नगर परिषद के प्रशासक समीर बोदरा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए और सभी लोगों को प्रयास करने चाहिए कि सिमडेगा जिले का जो लक्ष्य है वह पूरा हो सके उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जागरुक करते हुए 13 नवंबर के दिन सुबह 7:00 से शाम 5:00 तक होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता है ताकि लोकतंत्र मजबूत हो उन्होंने कहा कि लगातार सभी लोगों के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि सिमडेगा जिले का शत प्रतिशत का जो लक्ष्य है वह पूरा हो सके। इस मौके पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह, अकाउंटेंट राहुल सोनी, एवं महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# पन्ना प्रमुख बना कर बूथ को सशक्त करें कार्यकर्ता : रंजन



*भ्रष्ट सरकार की विदाई तय, झारखंड में बनेगी भाजपा सरकार : बबन गुप्ता*

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई मंडल के बाघडेगा एवं केरसई शक्तिकेन्द्र के विभिन्न बूथों पर भारतीय जनता पार्टी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर सिमडेगा विधानसभा प्रवासी रंजन पटेल ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक एवं बूथ कमिटि मिल कर बूथों में पन्ना प्रमुख की जिम्मेवारी बांटे मौके पर जिला संगठन प्रभारी सह सिमडेगा विधानसभा प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा की चुनाव के वक्त अनेक राजनीतिक दल के लोग आकर अपनी बातों में उलझाएंगे पर 5 साल झारखंड की जनता इस भ्रष्ट सरकार को बर्दास्त की है। गांवों में बालू 2500 रुपया ट्रेक्टर मिल रहा है, किसानों को कोई लाभ नही मिला बेरोजगारों को ना तो नौकरी मिले, ना ही भत्ता मिला महिलाओं को चूल्हा खर्च के नाम पर भी कुछ नहीं मिला।

जो कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का घोषणा पत्र में था।मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार एवं जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, प्रखंड प्रमुख तरण भोय ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संचालक मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने किया। मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारी प्रदीप कुमार, संयोजक चित्रांगद बेहरा, सहसंयोजक रविन्द्र मांझी, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी गौतम कुमार, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश कुमार, रामचन्द्र मांझी, सत्यनारायण प्रसाद, जुगेश्वर मांझी सहित बूथ अध्यक्ष एवं आमजन उपस्थित थे।

### रामरेखाधाम मेला को लेकर सिमडेगा समाहरणालय में हुई बैठक, बोले उपायुक्त

# मेला से पूर्व सभी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कर लें

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में रामरेखा धाम मेला-2024 के आयोजन हेतु मंगलवार को शांति समिति व रामरेखा धाम समिति के सदस्यों संग बैठक का आयोजन किया गया किया। बताया गया इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 15 नवम्बर 2024 को है। रामरेखा धाम में दिनांक 14 नवम्बर से 16 नवम्बर तक मेला का आयोजन होगा। बैठक में रामरेखा मेला में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य व्यवस्था संधारण हेतु विस्तृत समीक्षा की गई। पेयजल आपूर्ति, यातायात, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युतीकरण, वाहन पार्किंग, शराब बंदी, साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मेले में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य व्यवस्था हेतु संबंधित विभाग के




पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। रामरेखा धाम विकास समिति के सदस्यों द्वारा पानी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निवेदन किया गया, जिसपर उपायुक्त महोदय ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त ने बैठक में सिविल सर्जन को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों के साथ डॉक्टर सहित चिकित्सा दल एवं कम्पाउंडर को दिनांक 14 नवम्बर से 16 तक प्रतिनियुक्त किया जाए तथा मेला अवधि में 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था सहित सम्पूर्ण चिकित्सा सुविधा के साथ परिसर में तैनात करने का निर्देश दिया।

वाहन की पार्किंग/स्टैण्ड व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु रामरेखा धाम विकास समिति एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही रामरेखा मेला के आयोजन को देखते हुए रामरेखा धाम के ईर्द-गिर्द एवं गांव में अवैध रूप से शराब की चुलाई एवं बिक्री पर प्रतिबंध लगाने हेतु उत्पाद अधीक्षक, सिमडेगा को गहन छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हेतु जिला खेल पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने रामरेखा मेला से पूर्व सभी तैयारियों को चुस्त एवं दूरूस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी को रामरेखा धाम की साफ सफाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पाकरटांड़ अंचलाधिकारी पाकरटांड़ सहित थाना प्रभारी पाकरटांड़ को रामरेखा धाम का भ्रमण कर एवं समिति के सदस्यों से बैठक कर मेला के अच्छे से विधि व्यवस्था संधारित करने की बात कहीं। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया। समिति के सदस्यों से आवश्यक सहयोग करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा हेतु पुलिस की प्रतिनिधि की जाएगी तथा सीसीटीवी एवं ड्रॉन कैमरा से पूरे मेला क्षेत्र की विषेश निगरानी रखी जाएगी। रामरेखा धाम समिति के सदस्यों द्वारा पैदल रास्ते का मराम्मति कराने, अगल-बगल झाड़ियां की कटाई कराने एवं मुख्य सड़क की मराम्मति कराने का अनुरोध किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पी.एच.डी, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा, अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, थाना प्रभारी पाकरटांड, रामरेखा धाम संचालन समिति के सदस्यगण व अन्य उपस्थित थें।

### धूमधाम से रास मेला आयोजित करने का निर्णय

**जलडेगा।** श्री राधा कृष्ण रास मेला समिति की बैठक हेमशरण सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 16 नवम्बर को धूमधाम के साथ रास मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर छउ नृत्य के अलावे आधुनिक एवं ठेठ नागपुरी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय हुआ। बैठक में मेला के सफल आयोजन को लेकर अन्य कई विषयों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में सुभाष साहू, दिलेश्वर साहू, रामलखन सिंह, अघना खड़िया, मनोज नायक, आशिष इंदवार, अमरजीत नाग, विनोद साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर 7 से

**सिमडेगा।** निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 7 नवम्बर से किया गया है। बताया गया कि ऑपरेशन प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार को देवशांति नेत्रालय बीरु में किया जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### सिमडेगा में 1876 मतदान कर्मियों की रैंडमाइजेशन प्रक्रिया हुई संपन्न




**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव -2024 के निमित्त सिमडेगा जिला के विधानसभा क्षेत्र चुनाव के लिए चल रही तैयारियों के क्रम में चुनाव आयोग के साफ्टवेयर में दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान कमीर्यों रेंडमाजेशन प्रक्रिया सिमडेगा के समान्य प्रेक्षक सी०रविशंकर,कोलेबिरा के समान्य प्रेक्षक गंधम चंद्रूडू एवं पुलिस प्रेक्षक राजन टी० सुसरा,उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार मौजूद की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। इस दौरान द्वितीय पुरुष मतदान कार्मियों का रेंडमाइजेशन में 110 प्रतिशत टीमें गठित की गयी। द्वितीय रेंडमाइजेशन से पूर्व पुरूष मतदान कार्मिकों की संख्या पुरुष पीठासीन अधिकारी 598,पुरुष प्रथम मतदान अधिकारी 340, पुरुष द्वितीय मतदान अधिकारी 340 एवं पुरुष तृतीय मतदान अधिकारी 598 है। इस मौके पर कुल -1876 कर्मियों का रैंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सभी महत्वपूर्ण कार्य दायित्व की व्यावहारिक प्रशिक्षण सभी कर्मियों को मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रपत्रों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन करके जनपद में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सुरक्षित चुनाव संपन्न कराना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ,अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श पवन कुमार महतो सहित डीआईओ, ईडीएम, जिला नियोजन पदाधिकारी, अन्य पदाधिकारी गण व कर्मी गण उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए अमर शहीद अनिल तोपनो



**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐडेगा पंचायत ग्राम पोगलोया राम जड़ी मोड़ स्थित वीर शहीद अनिल तोपनो की प्रतिमा पर जी.ई.एल. चर्च पोगलोया के फादर प्रदीप केरकेट्टा, वीर शहीद अनिल तोपनो के बड़े भईया सुनिल तोपनो,झारखंड पार्टी के कोलेबिरा विधानसभा प्रत्याशी विभव संदेश एक्का, मुखिया ऐडेगा जिरेन डांग, पूर्व मुखिया,बेदेन बागे,समाज के प्रबुद्ध जन और स्थानीय ग्रामीणों ने उनके शहादत को संस्मरण,विनती प्रार्थना करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विनती प्रार्थना और प्रभु की स्तुति फादर प्रदीप केरकेट्टा के नेतृत्व में की गई। मौके पर संदेश एक्का ने वीर शहीद महान स्वतंत्रता सेनानी अनिल तोपनो को नमन करते हुए उनके शहादत को संस्मरण किया उन्होंने कहा कि अमर शहीद अनिल तोपनो महान स्वतंत्रता सेनानी थे। देश की रक्षा के लिए 29 अक्टूबर 2000 कुपवाड़ा जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक के दौरान उनकी शहादत हो गई। मर्णोपरांत देश की रक्षा के लिए उन्हें सर्वोच्च बलिदान देने के लिए 50 इयर्स इंडिपेंडेंस मेडल दिया गया।देश की रक्षा के प्रति उनके समर्पण और बलिदान प्रत्येक व्यक्ति को देश की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेगा। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।हमारे शहीद भले ही चले गए हों, लेकिन उनकी आत्मा हमें प्रेरित करती रहती है। इस शहीद दिवस पर, बलिदान का मार्ग चुनने वाले निस्वार्थ नायकों को सलाम। शहीद कभी नहीं मरते, उनका बलिदान हमेशा जीवित रहता है। इस शहीद दिवस पर,आइए हम उन लोगों के सम्मान में अपना सिर झुकाएं जिन्होंने देश के लिए शहादत दी।

### स्कूटी पर सवार तीन छात्राओं ने बस को मारी टक्कर, एक की मौत



**सिमडेगा।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत किनकेल चौराटांड के पास संत आगस्तुस हाई स्कूल की तीन छात्र स्कूटी से बस को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें से एक की रांची में मौत हो गई जबकि दो लोग घायल है। मृतिका की पहचान ब्यूटी कुमारी के रुप में हुई जबकि अन्य दो छात्राओ की तमन्ना कुमारी एवं प्रिया केरकेट्टा के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव को लेकर स्कूली छात्राओं को वॉलिंटियर्स के रूप में प्रशिक्षण के लिए स्कूल से बासेन भेजा गया। इस दौरान प्रिया अपने घर से स्कूटी लाई और अपनी दोनों सहेली ब्यूटी एवं तमन्ना के साथ बासेन के लिए निकली इस दौरान तमन्ना स्कूटी चला रही थी और पीछे ब्यूटी एवं प्रिया बैठी थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से नियंत्रण खोते हुए सामने से आ रही बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर ब्यूटी तमन्ना को गंभीर चोट लगी जबकि प्रिया को हल्की चोट लगीम तुरंत उन्हें इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर कर दिया गया जहां पर ब्यूटी की इलाज के क्रम में मौत हो गई, जबकि तमन्ना की इलाज चल रही है। वहीं प्रिया की ईलाज सिमडेगा सदर अस्पताल में जारी है।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रानी देवगम को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में मंगलवार को ए एन एम द्वितीय वर्ष की छात्राओं का फेयरवेल दी गई। जिसमें जीएनएम एवं एएनएम प्रथम वर्ष की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। एएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा रानी देवगम को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड एवं बेस्ट मॉनिटर ऑफ अवार्ड विनीता कुमारी एवं पूनम कंडुलना को दिया गया। निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों से कभी घबराने को नहीं कहा एवं उनके उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। आज के कार्यक्रम में सचिव निभा मिश्रा ने छात्राओं का उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा डिप्टी डायरेक्टर बिल्लू अग्रवाल रवि वर्मा प्राचार्य एरेन बेक अल्बीना टोपनो तनु प्रिया साहू कामना रेवराज अल्बीना तोपनो वंदना मनीषा टोरकेडो,माटिल्डा तिर्की, लीलावती साहू, प्रिया कुमारी एवं सभी एएनएम एवं जीएनएम की छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्वेता कुल्लू एवं नैंसी टोपनो ने किया।

# झामुमो प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी की नामांकन में अनुमंडल कार्यालय पहुंचे हजारों कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। धनवार/ गिरिडीह**

धनवार विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी के नामांकन में हजारों हजार की संख्या में उनके कार्यकर्ता अनुमंडल कार्यालय खोरी महुआ पहुंचे उन्होंने इसके पूर्व भी शुक्रवार के दिन अपना नामांकन दाखिल किया था. इस नामांकन में कांग्रेस, राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए. मुख्य रुप से टुंडी विधायक मथुरा महतो शामिल थे।निजामुद्दीन अंसारी के नामांकन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी सह गाण्डेय विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन को आने का कार्यक्रम था, लेकिन मौसम खराब रहने के कारण उन लोग यहां नहीं पहुंच सके नामांकन के बाद पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी ने कहा कि हमारी जित निश्चित है हेमंत सोरेन के कार्यकाल में बहुत कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया। प्रमुख रूप से मैया सम्मान योजना अबुआ आवास योजना सहित कई कार्य प्रमुख है इसलिए जनता इस बार हेमंत सोरेन को ही मुख्यमंत्री बनाएगी ताकि जो कार्य अधूरा रह गया उसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ने जितना काम किया है वह किसी और के सरकार में काम नहीं हुआ है इस सरकार ने जो कहा है वह किया है इस गठबंधन सरकार से मैं भी चुनाव लड़ना चाहता था लेकिन राहुल गांधी सोनिया गांधी और लालू यादव ने विश्वास जताया है निजामुद्दीन अंसारी जी पर, इनके जैसा लोकप्रिय विधायक पूरे झारखंड में नहीं है और हमें उम्मीद है यह अपने काम पर खड़े उतरेंगे मैं धनवार की जनता से अपील करना चाहता हूं कि इन्हें जीत कर विधानसभा भेजें हमें उम्मीद है की एक मंत्री सरफराज अहमद जी बने हैं तो दूसरे निजामुद्दीन जी बनेंगे।

## राष्ट्रपति से मिलीं आशा लकड़ा दी दीपावली की शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डा आशा लकड़ा ने मंगलवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को आयोग की ओर से तैयार की गई संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी से संबंधित बुकलेट भी प्रदान की। डा आशा लकड़ा ने कहा कि आयोग की इस रिपोर्ट से संबंधित बुकलेट के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे अपने भविष्य को लेकर बांग्लादेशी घुसपैठियों से अपनी सभ्यता, संस्कृति, धार्मिक परंपरा,अधिकारों, माटी, बेटी व रोटी की रक्षा कर सकें।

## एक नजर

### कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में धनबाद पहुंचे अधीर रंजन

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस द्वारा धनबाद सीट के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा के बाद आज नामांकन के अंतिम दिन अजय दुबे ने धनबाद विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप नॉमिनेशन कर दिया। इस दौरान अधीर रंजन चौधरी सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

इससे पूर्व कांग्रेस ने धनबाद में शक्ति प्रदर्शन को लेकर एक रोड शो भी किया, जो रणधीर वर्मा चौक से शुरू होकर मेमको मोड़ स्थित धनबाद समाहरणालय पर आकर समाप्त हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे। इस मौके पर अधीर रंजन चौधरी ने उम्मीदवार के नाम को लेकर हुई देरी पर मीडिया को बताया कि कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए नेताओं की भीड़ बढ़ गई है, नेताओं का मानना है कि कांग्रेस का टिकट मिलना मतलब जीत सुनिश्चित होना। यही वजह है कि धनबाद सीट के लिए नाम की घोषणा में देरी हुई।

### आठ माह बाद पुलिस ने दो फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खटवा नदी के समीप विगत 22 फरवरी 2024 को हुए लूट कांड में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आठ महीने पूर्व हुए इस लूट की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी थी, जब चार अपराधियों ने एक व्यक्ति की बाइक रोककर उसका मोबाइल और नकदी लूट ली थी। इस मामले में गुमला थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस जांच के दौरान चार संदिग्धों के नाम सामने आए थे। इनमें से मुख्य आरोपी इम्तियाज आलम को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं एक अन्य आरोपी संतोष महतो उर्फ फौजी की कुरूमगढ़ में हत्या हो चुकी है। मामले के अन्य दो फरार आरोपी झ घाघरा निवासी कुणाल उरांव और बबलू प्रसाद झ की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लंबे समय से प्रयासरत थी। हाल ही में पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुणाल उरांव और बबलू प्रसाद को हिरासत में लिया गया।

### स्कूटी सवार को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र नागफेनी मोड़ के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी सवारों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना में कुम्हार मोड़ निवासी शंकर उरांव और उसका साथी शामिल है। स्कूटी शंकर उरांव चला रहा था, जिसे गहरी चोटें आई हैं, जबकि पीछे बैठे युवक को मामूली चोटें लगीं। सूचना के अनुसार, दोनों युवक दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नागफेनी गए थे और पीने का पानी लेने होटल गए थे।

## श्रीश्याम मंदिर में हुआ श्री सुंदरकांड का पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा मंगलवार को हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में125 वां श्रीसुन्दरकाण्ड - श्रीहनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ श्राद्ध - भक्ति भावना से सम्पन्न हुआ।



मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान जी महाराज की अखण्ड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके गुड़, चना, केशरिया पेड़ा, फल का भोग अर्पित किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक - ढफली - झांझ , आरगेन के भक्तिमयी स्वर के साथ श्रीगणेश वन्दना करके श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके बजरंगबली के जयकारों के बीच श्रीसुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ उपस्थित सैकड़ों भक्तो से करवाया।इस बीच हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में दीपावली महापर्व अनुष्ठान का तीन दिवसीय कार्यक्रम धनतेरस के शुभ दिन प्रारंभ हो गया। सभी कार्य को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, उपमंत्री अनिल नारनोली ने शुद्ध घृत के दीपकों को प्रज्ज्वलित कर उनका पूजन किया। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पाठ के समापन पर महाआरती करके सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

## अनूप भाई ने विधानसभा में किया तूफानी दौरा, कहा

# विधानसभा में तीसरा विकल्प को मिल रहा है अपार समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। इचाक**

अटल विचार मंच से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा प्रत्याशी अनूप भाई ने अपने दर्जनों समर्थक के साथ दारु प्रखंड विभिन्न गांवों . अमली , गाड़ी पुणे ,गाड़ी सदम , मेढ़कुरी कला मेढ़कुरी खुर्द, का दौरा किए। इस जनसंपर्क में अभियान में महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिल रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने अनूप भाई के नेतृत्व में क्षेत्र में एक नए बदलाव की उम्मीद जताई है। अनूप भाई का यह जनसंपर्क अभियान विधानसभा में चर्चा का विषय बना हुआ है और उनके प्रति लोगों में गहरा समर्थन और उत्साह देखने को मिल रहा है। अनूप भाई ने अपने चुनावी मुद्दों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मैं सिर्फ और सिर्फ जनता का भलाई करना है चाहे वो आपके बच्चों की शिक्षा हो, चाहे वो युवाओं का रोजगार उपलब्ध कराना, बुजुर्गों को सम्मानजनक जिंदगी का प्रबंध करना हमारा प्रयास है। बरकट्ठा विधानसभा में तीसरा विकल्प को लेकर जनता में काफी हर्ष है लोगों में तीसरा विकल्प आने पर अनूप भाई के प्रति एक अलग प्रकार का विश्वास तथा नई उम्मीद की किरण नजर आई। लोगों ने कहा कि आजतक अबकी बार अनूप भाई को अपना समर्थन देकर उनको विधानसभा भेजने का काम करेंगे आजतक जितने भी लोग सत्ता में आए वर्षों से उन्होंने विकास के नाम पर सिर्फ झूठे वादे किए है इसलिए अबकी बार सिर्फ और सिर्फ अनूप भाई को लाना है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मुरहू में की चुनाव के तैयारियों की समीक्षा

**खूंटी, 29 अक्टूबर (हि.स.)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को कर्रा और खूंटी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित वरीय पदाधिकारी के साथ विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुख्य रूप से रूट चार्ट, वाहन की उपलब्धता, व्हीलचेयर की उपलब्धता, होम वोटिंग, क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति, रैंप, एएमएफ के तहत सभी फैसिलिटी, वॉलिंटियर प्रतिनियुक्ति समेत अन्य तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं को



वोटर इनफॉरमेशन स्लीप ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मतदान केन्द्रों एवं क्लस्टर पर मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों एवं मतदाताओं को समस्या ना हो, इसे लेकर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए थाना प्रभारी को सक्रिय होकर क्षेत्र में 107 के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील किया गया कि वह भयमुक्त महौल में बिना किसी प्रलोभन के नैतिक रूप से मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर देश के जागरूक नागरिक होने का परिचय दें।

## केडेंग में हुए अधेड़ की हत्या का पुलिस ने की खुलासा, आरोपी हुआ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर थाना क्षेत्र के जनावल पंचायत अंतर्गत केडेंग में बिते दिनों पुलिस ने गांव के अधेड़ व्यक्ति सुनील टोप्पो का शव बरामद किया था। जिसकी हत्या टांगी से मार कर की गई थी। पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर गुमला पोस्मार्टम के लिए भेज दिया गया था और मामले की छानबीन में जुट कर त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी केडेंग निवासी विजय बड़ा पिता स्वर्गीय रफेल बड़ा उम्र 65 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया।चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि चैनपुर थाना में अपने पति की हत्या का मामला दर्ज कराया था जिसको लेकर चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा जांच टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई इसी क्रम में पुलिस ने गांव के लोगों से पूछताछ शुरू की जिसमें एक की भूमिका संदिग्ध लगने पर उससे कड़ी पूछताछ करने पर विजय बड़ा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया वहीं उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी भी जब्त कर लिया गया है उन्होंने आगे बताया कि हत्या पूर्व में मामूली विवाद के कारण हुआ है कुछ दिन पहले मृतक और आरोपी का आपस में कहासुनी हुआ था उसी को लेकर विजय बड़ा ने सुनील टोप्पो की पत्थर से टांगी से पिट पीट कर दी।

## हर्ष अजमेरा ने की समाजसेवी मंजीत यादव की हत्या की कड़ी निंदा, कहा

# मंजीत की हत्या न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा आघात है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

युवा नेता एवं निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने समाजसेवी मंजीत यादव की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को समाज के लिए एक बड़ी क्षति करार देते हुए कहा कि मंजीत यादव न केवल समाज सेवा में समर्पित थे, बल्कि रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने अमूल्य योगदान दिया। मंजीत यादव ने वर्ष 2008 से 2011 तक चार वर्षों तक महासमिति का नेतृत्व किया, जिसमें उन्होंने समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर्ष अजमेरा ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है, उन्होंने कहा, मंजीत यादव जैसे समर्पित समाजसेवियों की हत्या न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा आघात है। उनका समाज सेवा में योगदान अमूल्य था, और उनकी अनुपस्थिति एक खालीपन छोड़ गई है जिसे भरना कठिन होगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस हत्या की निष्पक्ष और त्वरित जांच हो ताकि दोषियों को कठोरतम सजा दी जा सके और समाज में ऐसा संदेश जाए कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। श्री अजमेरा ने यह भी बताया कि ऐसे समय में समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर काम करना चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में अपराध को जड़ से समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।

### मंजीत यादव के योगदान को याद कर दी श्रद्धांजलि

हर्ष अजमेरा ने मंजीत यादव के समाज सेवा के प्रति समर्पण और उनकी सादगी की सराहना करते हुए कहा, ₹मंजीत यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा दिया बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी फैलाया। उन्होंने अपने नेतृत्व में रामनवमी महासमिति को एक नई दिशा दी और समाज की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहे। उनके नेतृत्व और सेवा भावना को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# बच्चा नहीं होने पर रिम्स से नवजात चुरा ले गई महिला, आठ दिन बाद बिहार से बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स अस्पताल से जिस नवजात बच्चे की चोरी हुई थी उसे बरामद कर लिया गया है। बच्चे को एक महिला ने चुराया था। पुलिस ने बच्चे को बरामद करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल रामगढ़ जिले की रहने वाली महिला रबिता देवी 21 अक्टूबर को अपने पति और 6 दिन के बच्चे के साथ रिम्स में इलाज करने पहुंची थी। इलाज के दौरान रबिता ने अपने 6 दिन के बच्चे को बगल में खड़ी एक महिला को रखने के लिए दिया था। इलाज के बाद जब वह लौटी तो अज्ञात महिला नवजात बच्चे को लेकर फरार हो गई थी।



**रांची पुलिस ने बच्चे को किया बरामद**

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी और रांची एसपी ने बच्चे की बरामद की के लिए एक टीम गठित करते हुए लगातार दिशा निर्देश दिया। इसके बाद 28 अक्टूबर को बरियातू पुलिस की टीम ने बच्चे को बिहार के वैशाली जिला से बरामद कर लिया। इस संबंध में बरियातू थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। महिला ने पुलिस को बताया कि बच्चा न होने की वजह से उसने इस घटना को अंजाम दिया गया था। महिला की पहचान राघोपुर थाना के चांदपुरा निवासी बॉबी कुमार की पत्नी रजनी माला के रूप में हुई है। मन में लालच जग गया था बताया जाता है कि गर्भधारण में असफल होने के बाद रजनी माला उसी दिन यानि 21 अक्टूबर को इलाज के लिए रिम्स अस्पताल पहुंची हुई थी। वहां नवजात शिशु को देखकर उसके मन में बच्चा चुराने का विचार आया और उसने मौका मिलते ही नवजात शिशु को चुरा लिया। इसके बाद वह बच्चे को लेकर फरार हो गई।

## न्यूज | बॉक्स

### डॉ. परमेश्वर भगत ने महिलाओं और बुद्धिजीवियों के साथ की बैठक



**बेड़ो।** मंगलवार को पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ. परमेश्वर भगत ने महिलाओं और बुद्धिजीवी वर्ग के साथ बेड़ों प्रखंड के जरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम माशु में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास पर चर्चा की। डॉ. भगत ने कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं और उनकी भागीदारी आवश्यक है। बुद्धिजीवियों ने क्षेत्र की समस्याओं और विकास की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। बैठक में, डॉ. भगत ने जनता की आवश्यकताओं के अनुसार नीतियों को बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता समाज के सभी वर्गों की आवाज को सुनना है और सड़क से सदन उठाना है और हल करने के लिए पहल करना है। महिलाओं ने अपनी सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर बात की, जिन्हें डॉ. भगत ने गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में, सभी ने एकजुट होकर चुनाव में समर्थन देने का संकल्प लिया। इस पहल ने डॉ. भगत के अभियान को और मजबूती दी है।

### अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध अभियान के लिए 2 टीमें गठित



**रांची।** नगर आयुक्त के निर्देश पर दूसरे दिन मंगलवार को भी रांची नगर निगम की ओर से अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बिना एनओसी प्राप्त किये, विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स अधिष्ठापित किये जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में अपर प्रशासक की अध्यक्षता में बाजार शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में बाजार शाखा के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 27 विज्ञापन एजेंसी के द्वारा अपना लाइसेंस रिनुअल किया गया है। जिसपर अपर प्रशासक ने निर्देश दिया कि यदि किसी एजेंसी के स्तर से किसी विज्ञापन के लिये राशि बकाया है, तो उस एजेंसी को नोटिस निर्गत करे। उन्होंने निगम स्तर से दो टीमें गठित करने का निर्देश दिया। पहली टीम फिरायालाल चौक से सुजाता होते से मेकॉन चौक तक अभियान चलायेगी। दूसरी टीम कचहरी चौक से लालपुर चौक होते हुए डंगराटोली चौक तक सभी निजी/सरकारी विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स की जांच करेगी। अभियान प्रतिदिन चलाया जायेगा। निगम क्षेत्रांतर्गत सभी अवैध विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स को हटवाने की कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने पुराने जर्जर भवनों पर मौजूद होर्डिंग्स की जांच करते हुए समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर प्रबंधक, बाजार शाखा की टीम एवं कर्मी शामिल थे।

### फूड इंस्पेक्टरों से स्वास्थ्य विभाग ने मांगा स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददाता/रांची।** हेल्थ डिपार्टमेंट खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। विभाग ने 21 फूड इंस्पेक्टरों से सात दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। इन फूड इंस्पेक्टरों पर पर्व-त्योहार के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। आरोप यह भी है कि ये फूड इंस्पेक्टर बड़े-बड़े दुकानों से सैंपल नहीं लेते हैं। बल्कि ये छोटे-छोटे दुकानों और होटलों से ही सैंपल एकत्र करते हैं। विभाग ने रांची, धनबाद,जमशेदपुर सहित अन्य जिलों के फूड इंस्पेक्टर को रडार में लिया है। फूड इंस्पेक्टरों पर खाद्य पदार्थों के सैंपल को सही तरीके से जांच नहीं करने और रिर्पोट नहीं देने का आरोप है। उप खाद्य सुरक्षा आयुक्त सुमंत कुमार तिवारी ने बताया कि इन सभी फूड इंस्पेक्टरों के द्वारा एजेंटों से वसूली की भी शिकायत मिली है। इन सभी पर डिपार्टमेंटल प्रोसिडिंग की भी अनुशंसा की गई है।

### स्वामी सदानंद जी महाराज ने शिष्यों को दी दीपावली की बधाई



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक परमहंस संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज एवप्रख्यात कथाकार रवि जी शास्त्री मंगलवार को संस्था के सत्संग भवन शिवगंज हरमु रोड़ स्थित विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचे। र्वप्रथम गुरूजी महाराज एव रवि जी शास्त्री ने 108 दीपक जलाकर सभी को धनतेरस, रूप चौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं छठ महापर्व की बधाई और शुभकामनाऐं दी। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, विशाल जालान, नन्द किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, सज्जन पाडिया, चिरंजी लाल खंडेलवाल,पूरणमल सर्राफ ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, सुरेश चौधरी, दिलीप अग्रवाल,आलोक सिंह, धीरज गुप्ता, रमेन्द्र पाण्डेय एवं महिला मंडल की विद्या देवी अग्रवाल विमला जालान, शोभा जालान, आशा मुंजाल, संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल,सरोज पोद्दार,शारदा पोद्दार, अमिता जालान एवं गुरु जी के और भी बहुत से शिष्य और संस्था के भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### एसपीजी मिशन मिडिल स्कूल मरांगहादा में जागरूकता शिविर का आयोजन

**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए के अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्ग दर्शन में मंगलवार को एसपीजी मिशन मिडिल स्कूल मरांगहादा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में डालसा सचिव, राजश्री अपर्णा कुजूर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डालसा से मिलने वाले लाभ, सहायता या सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कम से कम उस व्यक्ति की वार्षिक आय तीन लाख से कम हो। वैसे लोगों को डालसा से सहायता एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाता है या लाभ दिया जाता है।

छोटे-छोटे तथा महत्वपूर्ण, सभी कर्तव्यों को सदा ही पूरा मन लगाकर कीजिए। इसे सदा याद रखिए कि ईश्वर आपके द्वारा सत्कार्य की उपलब्धि हेतु किए गए प्रत्येक उचित प्रयास का मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन कर रहे हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'योगदा सत्संग पाठ'

## संपादकीय

# भारत विरोधी झूठे विमर्श की राजनीति

भारत के विरुद्ध सीधे युद्ध से घबराने वाले में झूठे विमर्श गढ़कर इसे नीचा दिखाने का अभियान बहुत दिनों से चला रहे हैं। भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजीनियरिंग'। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजीनियरिंग'। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समष्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के पटाखे पर्यावरण का नुकसान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बर्बादी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिंदू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

> भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है।

# नरक चतुर्दशी : यमराज के लिए दीपदान करने का पर्व

**नरक चतुर्दशी पर विशेष**







योगेश कुमार गोयल

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 30 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 31 अक्तूबर को। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरू हो रही है और चतुर्दशी तिथि अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी।

यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी 30 अक्तूबर को ही मनाई जाएगी। इस दिन शाम 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी।

नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

# भारतीय उद्यमियों के खिलाफ निराधार विमर्श क्यों



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और इंडी गठबंधन में शामिल बाकी दलों की मानसिकता स्पष्ट है, जैसे कि चुनाव जीतने के लिए कुछ भारतीय उद्यमियों के बारे में झूठे विमर्श गढ़ना। क्या आपने कभी उन्हें चीन या उन चीनी उद्यमियों का जिक्र सुना है, जिन्होंने बड़ी संख्या में हमारी नौकरियां छीन लीं, हमारा पैसा लूटा, हमारी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया और उस पैसे का इस्तेमाल हमारे ही देश के खिलाफ किया? क्या आपने कभी इन नेताओं को अमेरिकी और यूरोपीय उद्यमियों के बारे में चर्चा करते सुना है जिन्होंने हमारा शोषण किया? क्या ऐसा नहीं लगता कि वे 140 करोड़ के बाजार वाले देश को इन विदेशी उद्यमियों को सौंपना चाहते हैं? यह स्वार्थ और परिवार पहले- के रवैये से शुरू होता है। इसीलिए जब नरेंद्र मोदी ने ₹आत्मनिर्भर भारत₹ पहल का प्रस्ताव रखा तो ये सभी मण्डली नाराज हो गईं। भाजपा सरकार का लक्ष्य देश में रोजगार बढ़ाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ₹राष्ट्र पहले₹ की भावना से भारत में अधिक नौकरियां पैदा करने, भारतीय उद्यमियों को बढ़ाने और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले दस वर्षों में 40 नीतियों को लागू किया है। धीरे-धीरे सभी क्षेत्रों में उसका सकारात्मक परिणाम हम देख रहे हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कांग्रेस के समय में हमने देखा कि लकड़ी का फर्नीचर, जो एक भारतीय व्यवसाय है, खिलौने और कई अन्य उत्पाद जो भारत में बनाए जा सकते हैं, उन्हें चीन से जितना संभव हो सके आयात किया जा रहा था, जिससे हमारे उद्यमी कमजोर हो रहे थे और बेरोजगारी बढ़ रही थी। प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत अधिकांश वस्तुएं अब भारत में निर्मित हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ वस्तुएं और उपकरण जो हम आयात करते थे, अब निर्यात किए जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में इसमें काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। क्या यह विपक्ष के बीच चिंता का विषय है? इन दोनों उद्योगपतियों का गुजरात से नाता है, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है। इसलिए, आम जनता के बीच नरेन्द्र मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए कई विपक्षी नेता रोजाना समाज में भ्रामक विमर्श प्रसारित कर रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि पीएम मोदी इन दोनों उद्यमियों की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी चीज के लिए उद्यमियों की आलोचना करना और उनकी निंदा आम बात है। व्यवसायों की अक्सर आलोचना की जाती है, भले उनका आपस में कोई संबंध न हो। अंबानी और अडानी उद्योगपति हैं जो लगातार राजनीतिक हमले से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# लेखनी को पलने-बढ़ने का माहौल देता उत्तराखंड का 'लेखक गांव'



डॉ सत्यवान सौरभ

देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र स्थित थानो गाँव ने देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का गौरव हासिल किया है। इस गाँव की अवधारणा से लेकर उसका विकास उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किया है जो स्वयं साहित्यकार की भी पहचान रखते हैं। उनका दावा है कि इस गाँव में लेखकों को अपनी कृतियों के सर्जन के लिए जरूरी एक शांत और रचनाशील वातावरण मिलेगा। देश के पहले लेखक गाँव थानो में स्पर्श हिमालय फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित स्पर्श हिमालय महोत्सव-2024 भारतीय साहित्य, संस्कृति और कला की समृद्ध धरोहर का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तराखण्ड के पहले 'लेखक गाँव' का उद्घाटन हुआ, जहाँ लेखक और विचारक प्रकृति के सान्निध्य में सृजनात्मक चिंतन की स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं। हिमालयीय वैशिष्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को ठौर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी ने अपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। ₹लेखक गाँव₹ का यह अनूठा आयोजन न केवल साहित्यकारों को प्रेरणा प्रदान करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यहाँ लेखक कुटीर, संजीवनी वाटिका, नक्षत्र और नवग्रह वाटिका, पुस्तकालय और गंगा व हिमालय संग्रहालय जैसी संरचनाओं ने इसे एक सम्पूर्ण साहित्यिक तीर्थ बना दिया है। 25 से 27 अक्टूबर 2024 को स्पर्श हिमालय फाउंडेशन के तत्वावधान में देहरादून के थानो में स्थित लेखक गाँव में अंतरराष्ट्रीय कला, साहित्य और संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया किया। इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 65 से अधिक देशों के साहित्यकार, लेखक और कलाकारों ने भाग लिया, जो हिन्दी भाषा और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने में कामयाब हुए। यह महोत्सव हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ और इसमें भाग लेने वाले विदेशी साहित्यकार अपने देशों में हिन्दी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेंगे। देवभूमि उत्तराखंड का यह 'लेखक गाँव' प्रदेश की अद्भुत रचनात्मकता और सृजनशीलता का प्रतीक है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

मनुष्य को यह समझने की आवश्यकता है कि उसकी अपनी बुद्धि ही उसके शरीर के अणुओं का नियंत्रण करती है। उसे मानसिक संकीर्णता के बंद कक्ष में नहीं जीना चाहिए। दूसरे लोगों के शक्तिप्रद विचारों और दृष्टिकोणों की स्वच्छ हवा में रहें।

# सुख : सकारात्मक मनोवृत्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

आत्मा का स्वरूप है आनन्द नित्य नवीन, नित्य परिवर्तनशील आनन्द की एक शाश्वत आन्तरिक अवस्था ।... अपनी भटकी हुई चेतना को अपने अन्त 'में स्थित उस अपरिवर्तनशील निश्चलता में स्थापित कर दीजिये जो कि ईश्वर की वेदी है; उसके बाद दिन और रात अपनी आत्मा को परमानन्द अभिव्यक्त करने दीजिये। यदि आप प्रसन्न नहीं रहना चाहते तो कोई भी आपको प्रसन्न नहीं कर सकता। उसके लिए परमात्मा को दोष मत दें! और यदि आप प्रसन्न रहना चाहते हैं, तो आपको कोई भी अप्रसन्न नहीं कर सकता। यदि उन्होंने हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग करने की स्वतन्त्रता न दी होती, तो हम अप्रसन्न होने पर उन्हें दोष दे सकते थे, परन्तु उन्होंने यह स्वतन्त्रता हमें दी है। हम ही जीवन को जैसा यह है वैसा बनाते हैं। परिवर्तन के प्रयास के बिना हम प्रायः कष्ट भोगते रहते हैं; इसीलिए हम स्थायी शान्ति और सन्तोष प्राप्त नहीं कर पाते। यदि हम लगातार धैर्यपूर्वक प्रयत्न करते रहें तो हम निश्चित रूप से सभी कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करने के योग्य हो जाएँगे। हमें प्रयास अवश्य करना चाहिए जिससे कि हम दुःख से सुख की ओर तथा विषाद से साहस की ओर जा सकें। अनन्त परमात्मा की हँसी आपकी मुस्कुराहट के माध्यम से अभिव्यक्त होनी चाहिये। ईश्वर के प्रेम रूपी समीर को लोगों के हृदयों में आपकी मुस्कुराहट बिखेरने दें। आपकी दिव्य मुस्कानें संक्रामक होंगी; उनकी अग्नि दूसरों के हृदयों से उदासी को निकाल भगायेगी। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**वक्त उतारे आरती, वक्त लिखे इतिहास।**
**वक्त न उनको पूछता, वक्त न जिनके पास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आज की बात

# बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है



ललित गर्ग



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए 'हिंदू एकता' के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटोगे तो कटोगे' बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया। सरकार्यवाह होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है ह्न उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की। सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## धनवंतरी जयंती और आयुर्वेद दिवस पर एआईआईए में आयोजित समारोह में बोले प्रधानमंत्री

# 500 वर्षों बाद जलेंगे रामलला के मंदिर में दीये

- पीएम ने किया 12,850 करोड़ की विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास
- देशवासियों को दी धनतेरस, भगवान धनवंतरी जयंती और दीपावली की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष की दीपावली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 500 वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने मंदिर में भी हजारों दीप जलाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने दिल्ली और पश्चिम बंगाल में राज्य सरकारों द्वारा केंद्र की 'आयुष्मान भारत योजना' को लागू नहीं किए जाने पर चिंता जताई। धनवंतरी जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में आयोजित समारोह में लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों को धनतेरस, भगवान धनवंतरी जयंती और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष की दीपावली को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 500 वर्षों के बाद ऐसा अवसर आया है, जब अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर बने उनके मंदिर में भी हजारों दीप जलाएं जाएंगे। यह एक अद्भुत उत्सव होगा। ऐसी दीपावली होगी, जब हमारे राम एक बार फिर अपने घर आए हैं, और इस बार ये प्रतीक्षा 14 वर्षों के बाद नहीं, 500 वर्षों बाद पूरी हो रही है। दिल्ली और पश्चिम बंगाल में राज्य सरकारों द्वारा केंद्र की 'आयुष्मान भारत योजना' को लागू नहीं किए जाने पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य सरकारों के राजनीतिक स्वार्थ के कारण बुजुर्गों की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस दर्द को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते हैं। मोदी ने कहा, मैं दिल्ली और पश्चिम बंगाल के 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग से क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। मुझे पता तो चलेगा कि आपको कष्ट है, लेकिन मैं आपकी सहायता नहीं कर पाऊंगा, क्योंकि अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकार 'आयुष्मान भारत योजना' से जुड़ नहीं रही है। प्रधानमंत्री ने कहा- एक समय था, जब इलाज में लोगों के घर, जमीन और गहने सब बिक जाते थे। गंभीर बीमारी के इलाज का खर्च सुनते ही गरीब की आत्मा कांप जाती थी। पैसे की कमी की वजह से इलाज न करा पाने की बेबसी, बेचारगी गरीब को तोड़ कर रख देती थी। उन्होंने कहा कि गरीबों की इस बेबसी को देखते हुए ही 'आयुष्मान भारत' योजना शुरू की गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया कि गरीब के 5 लाख रुपये तक के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। देश में लगभग 4 करोड़ गरीबों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय मैंने गारंटी दी थी कि तीसरे कार्यकाल में 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को 'आयुष्मान योजना' के अंतर्गत लाया जाएगा।

### पहली हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ

**ऋषिकेश (हि.स.)।** धनवंतरी जयंती एवं आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एम्स ऋषिकेश की ओर से संचालित की जाने वाली देश की पहली हेली एंबुलेंस मेडिकल सेवा 'संजीवनी' का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअली शुभारंभ किया। इस मौके पर एम्स ऋषिकेश सभागार के मेन ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा केंद्रीय उद्यान राज्यमंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, राज्य स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत मौजूद थे।

### पश्चिम बंगाल के एम्स-कल्याणी में हुआ नई सुविधाओं का उद्घाटन

**कोलकाता (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एम्स-कल्याणी में कई नई सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इन सुविधाओं में कार्डियक कैथ लैब और एक जन औषधि केंद्र शामिल है। इस कार्यक्रम में भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार, शमिक भट्टाचार्य और अन्य पार्टी नेता एम्स-कल्याणी परिसर में उपस्थित थे। एम्स-कल्याणी के अधिकारियों ने बताया कि कार्डियक कैथ लैब में हृदय के कक्षों, धमनियों और अन्य भागों को देखने के लिए इमेजिंग उपकरण लगे हैं, जबकि नई कार्डियोपल्मोनरी बाईपास मशीन हृदय और फेफड़ों के कार्यों को अस्थायी रूप से संभाल सकती है, जो सर्जरी के दौरान सहायक होती है।

### रायपुर में केंद्रीय योग व प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का हुआ शिलान्यास

**रायपुर (हि.स.)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईवाईएन) का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से रायपुर से जुड़े थे। मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम रही है।



### पीएम ने मप्र में किया तीन नए मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण

**भोपाल (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस पर मध्य प्रदेश को एक साथ कई सौगातें दीं। उन्होंने मंगलवार को प्रदेश के तीन मेडिकल कॉलेज का वर्चुअली लोकार्पण किया। ये मेडिकल कॉलेज- मंदसौर, नीमच और सिवनी में खोले जा रहे हैं। तीनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100-100 सीटें होंगी। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने प्रदेश के 81 लाख किसानों के खाते में राज्य सरकार की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 1624 करोड़ रुपये की राशि भी ट्रांसफर की।

## कोर्ट ने सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राउज आईएएस स्टडी सर्किल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट निशांत गर्ग ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 14 नवंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सीबीआई ने 14 अक्टूबर को छह आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने चार्जशीट में परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह, कोचिंग के सीईओ अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को आरोपित बनाया है।

# राजस्थान में बेकाबू बस पुलिया से टकराई, 11 लोगों की मौत

**जयपुर/सीक (हि.स.)।** राजस्थान के सीकर के लक्ष्मणगढ़ थाना इलाके में मंगलवार को एक बेकाबू बस पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में ग्यारह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल पहुंचाया। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार बस सुजानगढ़ से वाया सालासर-लक्ष्मणगढ़-नवलगढ़ जा रही थी।

बस की रफ्तार तेज होने के कारण बस एक घुमाव में नहीं घुम पाई और सामने पुलिया से टकरा गई। फिलहाल, घायलों को जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़ पहुंचाया गया है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।



लक्ष्मणगढ़ थाने के एएसआई रामदेव सिंह ने बताया कि यात्रियों से भरी एक बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी। लक्ष्मणगढ़ में तेज रफ्तार बस संतुलन बिगड़ने पर पुलिया से जा टकराई। घटनास्थल पर पांच लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य यात्रियों की अस्पताल में मौत हुई है। इस भीषण सड़क हादसे में 33 यात्री घायल हुए हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लक्ष्मणगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। शवों को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सीकर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में बस दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मेरी गहरी संवेदनाएं मृतकों के शोकसंतप्त परिवारजनों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सेना के वाहन पर हमला करने वाले दो आतंकी ढेर

### सेना के एक श्वान की भी मौत

**श्रीनगर (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में सेना के काफिले में शामिल एंबुलेंस पर फायरिंग करने वाले अन्य दोनों आतंकवादियों को भी सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। इससे पहले सोमवार को एक आतंकी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया था।

इस तरह सेना की एंबुलेंस पर हमला करने वाले तीनों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया है। इस ऑपरेशन में सेना का एक श्वान फैंटम भी गोली लगने से मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने मंगलवार सुबह जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर के एक गांव के पास जंगल में छिपे दो आतंकवादियों को भी मार गिराया है, जिससे नियंत्रण रेखा के पास 27 घंटे तक चली मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की संख्या तीन हो गई है। दरअसल, सोमवार सुबह एलओसी के पास सेना के काफिले में शामिल एंबुलेंस पर तीन आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी। इसके बाद अन्य दोनों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया था।

इस कार्रवाई में विशेष बलों और एनएसजी कमांडो और बीएमपी-पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों का इस्तेमाल भी किया गया। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को सेना और पुलिस की संयुक्त टीमों ने साथ बटाल-खौर क्षेत्र के जोगवान गांव में असन मंदिर के पास रात भर की निगरानी की। इसके बाद मंगलवार को सुबह फिर भीषण गोलीबारी हुई।

## आज का राशिफल

**मेष :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**वृष :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कर्क :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह ::** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा पर प्रपंच में ना पड़े अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु :** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे।

**कुंभ :** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

**मीन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

# प्रियंका ने नुक्कड़ सभाओं में केंद्र सरकार पर साधा निशाना

### वायनाड उपचुनाव में प्रचार अभियान जारी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा का चुनाव प्रचार जारी है। मंगलवार को उन्होंने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक बार फिर क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रियंका ने आज वायनाड के ईंगापुझा, थेरट्टम्मल, ममपैड, चुंगथरा में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में नई तरह की राजनीति हो रही है। यह राजनीति विभाजन पैदा करती है और लोगों को उनके भाइयों-बहनों से डरना तथा नफरत करना सिखाती है। इस तरह की राजनीति असल में प्रधानमंत्री के मुट्ठीभर अमीर दोस्तों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि वायनाड के लोगों का प्रमुख कार्य कृषि है। वर्तमान सरकार किसानों की सुन नहीं रही है। उत्तर भारत में किसानों ने विरोध स्वरूप दिल्ली की ओर मार्च किया, तब भी प्रधानमंत्री ने उनकी बात नहीं सुनी।

## राष्ट्रपति ने कलाकारों के समूह से की मुलाकात, कला प्रदर्शनी देखी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** कलाकारों के एक समूह ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इन कलाकारों द्वारा राष्ट्रपति भवन प्रवास के दौरान बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी देखी। राष्ट्रपति ने कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि इनमें मानव और प्रकृति के बीच शाश्वत संबंध परिलक्षित होता है। उन्होंने सभी से ऐसी कलाकृतियों को सराहने और खरीद कर इन कलाकारों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। ये कलाकार छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, मिजोरम, तेलंगाना, उत्तराखंड और झारखंड में विभिन्न बाघ अभ्यारण्यों के पास रहते हैं। वे आर्टिस्ट-इन-रेजिडेंसी फर्स्ट क्रिएट 2024 के तहत 21 अक्टूबर से अभी तक राष्ट्रपति भवन में रुके थे।

## घाटों पर बनाई गई 'दीप' और राम मंदिर की कलाकृति

# अयोध्या में दिव्य 'दीपोत्सव' आज

**अयोध्या (आईएएनएस)।** भागवान राम की नगरी अयोध्या में आठवें 'दीपोत्सव' की तैयारियां जोरों पर हैं। राम की पैड़ी पर दीप बिछाने का काम पूरा हो चुका है। 'दीपोत्सव' को भव्य बनाने के लिए राम की पैड़ी पर हजारों दीपों से कलाकृति बनाई गई है। 30 अक्टूबर की शाम को अयोध्या 'दीपोत्सव' का जश्न मनाया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ भी दीपोत्सव के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। स्वंय सेवक अजय तिवारी ने मंगलवार को आईएएनएस से बातचीत में बताया कि इस बार घाट पर दीपों से 'दीप कलाकृति' बनाई गई है। पिछली बार यहां दीपों से राम दरबार बनाया गया था। हमें डेढ़ लाख दीपों को बिछाने का टारगेट दिया गया था, लेकिन ढाई लाख से अधिक दीपों को यहां बिछाया गया है। एक दिन बाद इन दीपों में बाती लगाई जाएगी, जिसके बाद सभी दीपों को जलाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद अयोध्या में पहला दीपोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार का दीपोत्सव पिछली बार के मुकाबले भव्य, दिव्य और नव्य होगा। मैं सीएम योगी से यही अपील करूंगा कि वे 'दीपोत्सव' को राष्ट्रीय मेला घोषित करें। अयोध्या के दीपोत्सव को भव्य बनाने में बच्चे भी जुटे हुए हैं। बच्चों ने करीब दस हजार दीपों का इस्तेमाल करके राम मंदिर और धनुष बाण बनाया है। वॉलेंटियर अंजलि यादव ने बताया कि घाट पर दीपों का इस्तेमाल करके एक कलाकृति बनाई गई है। इसमें राम मंदिर और धनुष बाण को दर्शाया गया है। हमारा सौभाग्य है कि हमें इस बार दीपोत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला अवसर है कि जब 'दीपोत्सव' भव्य होने जा रहा है। अवध यूनिवर्सिटी में कार्यरत डॉ मयंक पाल सिंह ने कहा कि हर साल 'दीपोत्सव' का कार्यक्रम और भी भव्य होता जा रहा है। पिछले साल भी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और इस बार भी उन्होंने एक अच्छी कलाकृति बनाई है। राम मंदिर और धनुष बाण को बनाने में दो से ढाई हजार और पूरी जगह को सजाने में लगभग 10 हजार दीपों का इस्तेमाल किया गया है।

### उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद



## न्यूज बॉक्स

### विधायक जीशान बाबा सिद्दीकी को धमकी देने वाला शख्स नोएडा में गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी को रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस आरोपित गुरफान खान (20) को मुंबई ला रही है। पुलिस के अनुसार बांद्रा पूर्व में स्थित उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की राकांपा के नेता जीशान सिद्दीकी के कार्यालय में शुक्रवार को एक धमकी भरा फोन आया था। फोनकर्ता ने जीशान सिद्दीकी और फिल्म अभिनेता सलमान खान को रंगदारी की रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद जीशान के कार्यालय में काम करने वाले पदाधिकारी ने इस धमकी की रिपोर्ट निर्मलनगर पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स के विरुद्ध दर्ज करवाई। पुलिस ने फोन काल की जांच शुरू की और आरोपित के नोएडा में छिपे होने का पता चला। इसके बाद मुंबई पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से सोमवार को धमकी देने वाले गुरफान खान को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

### गाजियाबाद कोर्ट में जिला जज से वकील ने की बदसलूकी, हंगामा

**गाजियाबाद (हि.स.)।** दिल्ली से सटे गजियाबाद के जिला कोर्ट में मंगलवार को एक जमानत के मामले में अधिवक्ता व जिला जज के बीच जमकर बहस हो गई। जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। भारी हंगामे के बीच पुलिस के पहुंचने पर मामला और ज्यादा बढ़ गया। इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिससे कई वकील घायल हो गए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अधिवक्ता एसोसिएशन ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### केरल के मंदिर में आतिशबाजी के दौरान भीषण हादसा, 154 घायल




कासरगोड (हि.स.)। केरल के नीलेश्वरम के निकट सोमवार की देर रात एक मंदिर में थेय्यम महोत्सव के दौरान भीषण हादसा हुआ। इसमें आतिशबाजी के दौरान आग लगने व भगदड़ मचने से 154 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में 9 की हालत गंभीर है। घायलों को कासरगोड, कन्नूर और मंगलुरु के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हादसा सोमवार आधी रात के बाद हुआ, जिसमें अंजुताम्बलम वीरारकावु मंदिर के निकट जमा करके रखे गए पटाखों के जखीरे में आग लग गई। आतिशबाजी के दौरान चिंगारी उस जगह जा गिरी, जहां पटाखों को जमा किया गया था। इसके बाद भीषण रूप से इलाके में आग लग गई। हादसे की सूचना पर पहुंचे कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने तत्काल बचाव व राहत कार्य शुरू कराया। कुल 154 लोग विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में घायल हुए हैं। इनमें से 97 लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। मंदिर प्रबंधन ने त्योहार के लिए लगभग 25,000 रुपये के हल्के पटाखे रखे थे, जो मंगलवार रात को समाप्त होना था। मंदिर समिति के दो सदस्यों को हिरासत में लिया गया है।

### प्रधानमंत्री ने जन्म शताब्दी पर कार्तिक उरांव को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आदिवासी नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि दी। मोदी ने उरांव को महान नेता बताया। कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन आदिवासी समुदाय के अधिकारों और स्वाभिमान के लिए समर्पित कर दिया और आदिवासी संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए आदिवासी समाज के मुखर प्रवक्ता रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आदिवासी समुदाय के अधिकार और आत्मसम्मान के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे देश के महान नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म-शताब्दी पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। वे जनजातीय समाज के एक मुखर प्रवक्ता थे, जो आदिवासी संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। वंचितों के कल्याण के लिए उनका अतुलनीय योगदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि कार्तिक उरांव का जन्म 29 अक्टूबर 1924 को तत्कालीन बिहार के गुमला जिले के करौंदा लिटाटोली गांव में हुआ था। कांग्रेस नेता कार्तिक उरांव तीन बार लोकसभा और एक बार विधानसभा के सदस्य रहे। 08 दिसंबर 1981 को उनका निधन हो गया।

### केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**केदारनाथ (हि.स.)।** केदारनाथ धाम के क्षेत्र रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भुकुंट भैरवनाथ का आशीर्वाद लिया। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने से पूर्व भैरवनाथ के कपाट मंगलवार या शनिवार को बंद किए जाने की परंपरा है, जिसका पालन सदियों से किया जा रहा है। केदार बाबा के कपाट बंद से पहले मंगलवार को अपराह्न डेढ़ बजे भगवान केदारनाथ के द्वारपाल रक्षक भुकुंट भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन करने के बाद बंद कर दिए गए। इस अवसर पर विश्व कल्याण तथा चारधाम यात्रा के निर्विघ्नसमापन की प्रार्थना की गई। इसके पश्चात अपराहन डेढ़ बजे भगवान भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए।

### भारत-चीन सेनाओं की डेप्सांग और डेमचोक से वापसी प्रक्रिया लगभग पूरी



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत-चीन सीमा के पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेप्सांग और डेमचोक इलाकों में दोनों ओर से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। फिलहाल भारत और चीन की सेनाएं एक-दूसरे द्वारा वहां पीछे हटने और बुनियादी ढांचे को हटाने का सत्यापन कर रही हैं। रक्षा सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत और चीन की सेना की पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। दोनों देशों के बीच बनी सहमति के तहत सैन्य वापसी के लिए आज तक की समय सीमा तय की गई थी। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि भारत और चीन के बीच लद्दाख के नजदीक वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 में पैदा हुई सैन्य तनातनी का समाधान हो गया है। दोनों देशों के बीच राजनयिक और सैन्य स्तर पर हुई चचार्ओं के बाद सैन्य गश्त को लेकर सहमति बनी है, जिसके बाद दोनों ओर से अग्रिम तैनाती खत्म की जानी थी।

# भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट से बाहर हुए केन विलियमसन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन भारत के खिलाफ शुक्रवार से मुंबई में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। 34 वर्षीय विलियमसन, जो बेंगलुरु और पुणे में पहले दो टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे, तीसरे टेस्ट का भी हिस्सा नहीं होंगे, इसके बजाय वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए तैयार होने के लिए अपनी कमर की चोट का पुनर्वास जारी रखेंगे। इंग्लैंड का पहला टेस्ट 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च के हेग्ले ओवल में शुरू होगा। न्यूज़ीलैंड ने बेंगलुरु में भारत को आठ विकेट से और पुणे में 113 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली और भारत में पहली बार ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत ली है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, "केन लगातार अच्छे संकेत दिखा रहे हैं, लेकिन वह विमान में चढ़ने और हमारे साथ जुड़ने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। हालांकि चीजें आशाजनक दिख रही हैं, हमें लगता है कि उसके लिए सबसे अच्छा कदम न्यूजीलैंड में रहना और अपने पुनर्वास के अंतिम भाग पर ध्यान केंद्रित करना है, इसलिए उसके लिए इंग्लैंड जाना अच्छा रहेगा। इंग्लैंड सीरीज में अभी एक महीना बाकी है इसलिए अभी सतर्क रुख अपनाने से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि वह क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के लिए तैयार हैं।

## लंका टी10 सुपर लीग के लिए प्लेयर ड्राफ्ट 10 नवंबर को

**कोलंबो।** लंका टी10 सुपर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए प्लेयर ड्राफ्ट 10 नवंबर, 2024 को कोलंबो में होगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन 12 से 22 दिसंबर तक किया जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीमें शामिल होंगी। क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अपनी टीम के लिए अधिकतम 17 खिलाड़ियों और न्यूनतम 15 खिलाड़ियों का चयन करेगी। खिलाड़ी पंजीकरण की समय सीमा 1 नवंबर और खिलाड़ी के हस्ताक्षर करने की समय सीमा 5 नवंबर को समाप्त हो रही है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को प्रत्येक श्रेणी से सीधे छह खिलाड़ियों-एक आइकन खिलाड़ी, एक प्लैटिनम खिलाड़ी, एक श्रेणी ए खिलाड़ी श्रीलंका से, और एक विदेशी खिलाड़ी, इसी तरह श्रेणी बी से, एक स्थानीय और एक विदेशी खिलाड़ी को अनुबंधित करने की अनुमति है। ड्राफ्ट में 11 राउंड होंगे, पहले राउंड का निर्णय मैन्युअल ड्रा द्वारा किया जाएगा और शेष राउंड पिक ऑर्डर के लिए रैंडमाइज़र द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। पहले दो राउंड में, दो शीर्ष स्तरीय खिलाड़ियों - एक श्रीलंकाई और एक विदेशी - का चयन किया जाएगा, प्रत्येक की कीमत 35,000 अमेरिकी डॉलर (श्रेणी 'ए') होगी। तीसरे और चौथे राउंड में 2 अन्य खिलाड़ी, एक श्रीलंकाई और एक विदेशी, प्रत्येक को 20,000 अमेरिकी डॉलर (श्रेणी 'बी') पर चुना जाएगा। राउंड 5 से 7 में, फ्रेंचाइजी दो श्रीलंकाई खिलाड़ियों और एक विदेशी खिलाड़ी को चुन सकती हैं।

# फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख लेकिन कांस्य जीतने की खुशी



26 नवंबर से ओमान में खेला जाएगा जूनियर एशिया कप

*भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है।*

एजेंसी

**बेंगलुरू ।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। अली ने कहा, 'गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते। भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 0.4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका। जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूर्नामेंट था। अली ने कहा, 'हमें श्री भाई (श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था। वह लगातार हमसे कहते रहे कि मैचों का मजा लो और हमने दबाव लिये बिना खेला। हमने गोल गंवाने के बाद वापसी की और वे मैच जीते भी। अब भारतीय जूनियर टीम की नजरें जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर लगी है जो अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से ओमान में खेला जाएगा।

# 'नारी शक्ति की सच्ची एम्बेसडर': पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल के संन्यास पर पीएम मोदी ने लिखा पत्र

एजेंसी



*मोदी ने कहा, 'जिस तरह से आपके प्रदर्शन ने कई एशिया कप संस्करणों में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में आपका 'सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी' और 'टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' प्रदर्शन, 2018 एशियाई खेलों में पदक ये उन शानदार यादों के कुछ उदाहरण हैं जो आपने हॉकी प्रेमियों को दी हैं।*

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल की खेल में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की है। रानी ने गुरुवार को हॉकी में अपने 16 साल के करियर का समापन करते हुए संन्यास की घोषणा की। वह हरियाणा के एक छोटे से शहर से उभरी और भारत की सबसे सफल हॉकी खिलाड़ियों में से एक बन गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने महिला टीम को ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जिसने 2021 टोक्यो खेलों में चौथा स्थान हासिल किया। पीएम मोदी ने रानी को पत्र में लिखा, 'भारतीय महिला हॉकी में आपकी 28 नंबर की जर्सी बेजोड़ कौशल और अजेय लक्ष्यों का पर्याय थी। हालांकि यह फिर से मैदान पर नहीं दिखाई देगी, लेकिन देश की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में आपने हमें जो यादें दीं, उन्हें हमेशा संजोया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'खेल खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक होने के नाते, आपने अपने पदार्पण के समय टीम में एक नई ऊर्जा लाई। तब से एक फॉरवर्ड के रूप में आपने डिफेंस को भेदा, गोलकीपरों को चकमा दिया और 200 से अधिक गोल किए।' रानी ने 2008 में ओलंपिक क्वालीफायर में 14 साल की उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और भारत के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। उन्हें 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उसी वर्ष देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा, 'जिस तरह से आपके प्रदर्शन ने कई एशिया कप संस्करणों में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में आपका 'सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी' और 'टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' प्रदर्शन, 2018 एशियाई खेलों में पदक ये उन शानदार यादों के कुछ उदाहरण हैं जो आपने हॉकी प्रेमियों को दी हैं। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से 2021 टोक्यो ओलंपिक में उनके प्रदर्शन की सराहना की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसने एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उन्होंने कहा, 'एक कप्तान के रूप में सबसे बड़े मंचों पर उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प के साथ भारत का नेतृत्व करने के बाद आप कई पदकों और यादों की एक महान विरासत छोड़ गई हैं। टोक्यो ओलंपिक में आपका खेल और नेतृत्व विशेष रूप से सभी को याद है। टूर्नामेंट में टीम के उत्साही प्रदर्शन ने प्रशंसकों और खिलाड़ियों की युवा पीढ़ी को उत्साहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आप हमारे देश की नारी शक्ति की अपार क्षमता की सच्ची एम्बेस्डर रही हैं। उत्कृष्टता को पुनर्परिभाषित करने और युवा खिलाड़ियों के लिए एक मानक स्थापित करने के जरिए आपने दिखाया है कि भारतीय महिलाएं जो हासिल कर सकती हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। रानी को हाल ही में सब-जूनियर महिला खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कोच के रूप में शामिल किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह देखकर खुशी होती है कि आप खेल के करीब रहेंगी और भविष्य के खिलाड़ियों के लिए एक संरक्षक की भूमिका निभाएंगी। यह नया अध्याय उनके लिए खेल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक से सीखने का एक शानदार अवसर है।

# 7 साल बाद हांगकांग सिक्सेस की वापसी

## पहले दिन भारत-पाकिस्तान होंगे आमने-सामने



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित और खेल का सबसे तेज़ रूप, हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस सभी का मनोरंजन करने के लिए वापस आ गया है। टूर्नामेंट का आयोजन 1 से 3 नवंबर तक टिन क्वांग रोड क्रिकेट ग्राउंड में किया जाएगा, जिसमें 12 टीमें शामिल होंगी, जो सिक्स-ए-साइड मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। 12 टीमों को तीन-तीन के चार पूल में विभाजित किया गया है और वे राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। रॉबिन उथप्पा के नेतृत्व में भारत पूल सी का हिस्सा है और यूएई के साथ उसका चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान भी है। पूल ए में मेजबान हांगकांग का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड से होगा जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और नेपाल शामिल हैं। पूल डी में श्रीलंका, बांग्लादेश और ओमान के बीच मुकाबला होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका और हांगकांग के बीच मैच के साथ होगा, जबकि पहले दिन भारत और पाकिस्तान के बीच भी हाईवोल्टेज भिड़ंत होगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी और क्वार्टर फाइनल राउंड के विजेता आगे सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। जो टीमें क्वार्टर में हारेंगी वे प्लेट सेमीफाइनल खेलेंगी। प्रत्येक पूल में सबसे निचले स्थान पर रहने वाली टीम बाउल प्रतियोगिता खेलेगी। प्रतियोगिता के तीन दिनों में कुल 29 मैच होंगे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक महिला प्रदर्शनी मैच भी निर्धारित किया गया है। हांगकांग सिक्सेस 2024 के सभी रोमांचक मैचों का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और फैनकोड पर किया जाएगा। प्रसारण सुबह 8:15 बजे (हांगकांग समय) और सुबह 5:45 बजे (भारतीय समयानुसार) किया जाएगा।

# रंगपुर राइडर्स के मुख्य कोच नियुक्त हुए आर्थर

एजेंसी

**ढाका।** रंगपुर राइडर्स ने मिकी आर्थर को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। 56 वर्षीय आर्थर ग्लोबल सुपर लीग से फ्रैंचाइज़ की कमान संभालेंगे, जो 26 नवंबर से शुरू हो रही है। वह इस सीजन के बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दौरान रंगपुर टीम के प्रभारी भी होंगे। आर्थर ने हाल ही में लंका प्रीमियर लीग में दांबुला ऑरा टीम के साथ काम किया है। वह वर्तमान में डर्बीशायर के क्रिकेट निदेशक भी हैं। आर्थर इससे पहले दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान के मुख्य कोच रह चुके हैं। रंगपुर टीम के निदेशक शानियान तनीम ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "हमने इस साल जीएसएल और बीपीएल के लिए मिकी आर्थर को अनुबंधित किया है। यह एक साल का करार है। वह इस साल इन दो टूर्नामेंटों के लिए हमारी देखभाल करेंगे। स्थानीय खिलाड़ी उनके द्वारा प्रशिक्षित होने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं। हम जीएसएल और बीपीएल के लिए टीम बनाने के लिए पिछले सात-आठ दिनों से मिकी के संपर्क में हैं। वह बहुत सक्रिय हैं, हमेशा खुशी-खुशी हमारी मदद करते हैं। मुझे लगता है कि वह रंगपुर राइडर्स की संस्कृति के लिए एकदम सही हैं। वह बहुत मिलनसार व्यक्ति हैं। वह विशेष रूप से बांग्लादेशी क्रिकेटरों के लिए बहुत फायदेमंद होंगे। उनके पास बहुत अनुभव है। वह पहले ही श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी कई अंतरराष्ट्रीय टीमों की देखभाल कर चुके हैं।



# मैथ्यू वेड ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास, अब कोच के रूप में आएंगे नजर

एजेंसी

**सिडनी ।** विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के लेने की घोषणा की है। वह पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के कोच के रूप में नजर आएंगे। वेड ने कहा, 'मुझे पता था कि टी-20 विश्वकप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरा समय समाप्त होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास और कोचिंग की भूमिका के संबंध में पिछले छह महीनों से मेरी जॉर्ज (बेली) और एंड्रयू (मक्डॉनल्ड) से चर्चा हो रही थी। पिछले कुछ वर्षों से मैं कोचिंग के बारे में सोच रहा था और मैं इस नई भूमिका के लिए काफी उत्सुक और आभारी भी हूं। वेड ने इससे पहले मार्च में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। जून में हुए टी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे और इसके बाद सितंबर में इंग्लैंड दौरे पर वेड को ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह नहीं मिली। वेड बीबीएल और अन्य फ्रैंचाइजी टी-20 टूर्नामेंट खेलते रहेंगे। वह बीबीएल में होबार्ट हरिकेंस का हिस्सा हैं।



# भारत मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में विश्व स्तर पर बना रहा नई पहचान

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री को 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ ग्लोबल पहचान मिल रही है। सैमसंग और एप्पल जैसी बड़ी कंपनियां भारत में अपनी फैक्ट्रियां सेटअप कर रही हैं। इसके साथ ही भारत दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल फोन निर्यातक देश के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। सैमसंग की नोएडा स्थित फैक्ट्री और एप्पल के तमिलनाडु स्थित आईफोन उत्पादन केंद्र भारत को टेक मैन्युफैक्चरिंग का मुख्य खिलाड़ी बनने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

सैमसंग ने नोएडा में दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाया है। इस प्लांट के साथ कंपनी ने अपने उत्पादन की क्षमता को सालाना 68 मिलियन से 120 मिलियन यूनिट तक बढ़ा लिया है। यह फैक्ट्री सैमसंग की 'मेक फॉर वर्ल्ड' रणनीति का हिस्सा है। इस रणनीति के तहत कंपनी भारत ही नहीं, दूसरे देशों में भी फोन उत्पादन की योजना पर काम कर रही है। भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए, उन्हें पूरा करने के लिए कंपनी लोकल रिसर्च और डेवलपमेंट पर ध्यान दे रही है। लोकल विशेषज्ञता के साथ वैश्विक लक्ष्यों का यह मिश्रण भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रहा है। एप्पल भी अपनी मैन्युफैक्चरिंग रणनीतियों को बदल रहा है। चीन से निर्भरता घटाने के साथ कंपनी भारत में आईफोन निर्माण का विस्तार कर रही है। भारत में पहली बार नई आईफोन 16 सीरीज बनाई जा रही है, जिसमें प्रो और प्रो मैक्स मॉडल शामिल होंगे। इस आईफोन सीरीज को भारत में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में फॉक्सकॉन की फैसिलिटी में असेंबल किया जाएगा। इन एडवांस टूल्स को असेंबल करने के लिए कई भारतीय श्रमिकों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह एपल की सप्लाई चेन में भारत की बढ़ती महत्ता को दशार्ता है।

## पिछले धनतेरस से इस धनतेरस तक मिला बंपर रिटर्न

# सोना ने निवेशकों को दिया 30 प्रतिशत से भी ज्यादा का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे देश में मंगलवार को धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। धनतेरस के साथ ही 5 दिन तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। आज का दिन परंपरागत रूप से सोने और चांदी की खरीदारी के लिए काफी शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन सोने और चांदी की खरीदारी से पूरे साल लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है। मान्यताएं अपनी जगह पर हैं, लेकिन अगर सोने और चांदी में निवेश की बात करें, तो जिन लोगों ने पिछले साल धनतेरस के दिन सोने में निवेश किया था, उन्हें एक साल में करीब 30 प्रतिशत से अधिक का फायदा हो चुका है। यानी, सोने में निवेश करने वाले निवेशकों पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रही है। पिछले साल धनतेरस के दिन दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत



▸ सोने के निवेश से मिला शेयर बाजार से भी अधिक रिटर्न

60,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो इस धनतेरस तक उछल कर 79,940 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा चुकी है। सोने की कीमत का ये हाल तब है, जब आज और कल यानी सोमवार और मंगलवार दोनों ही दिन इसकी कीमत में गिरावट आई है। इस चमकीली धातु की कीमत दो दिन पहले रविवार को 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंची हुई थी। अगर आज के रेट के हिसाब से ही सोने की कीमत में आई तेजी का अंदाजा लगाएं, तो पिछले धनतेरस से लेकर इस धनतेरस के बीच सोने की कीमत में 31.59 प्रतिशत का इजाफा हो चुका है। सोने के निवेश से मिला ये रिटर्न शेयर बाजार से मिलने वाले रिटर्न से भी अधिक है। इस एक साल की अवधि में शेयर बाजार में ओवरऑल 23.5 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। ऐसी स्थिति में माना जा सकता है कि धनतेरस से लेकर धनतेरस के बीच सोना ने निवेशकों को तुलनात्मक तौर पर अधिक कमाई कराई है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि सोने के भाव में आई तेजी की एक बड़ी वजह जियो पॉलिटिकल टेंशन है। इसके साथ ही दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती करना और सोने की खरीददारी करके अपने गोल्ड स्टॉक को बढ़ाने की कोशिश करना भी इस चमकीली धातु की कीमत में आई तेजी की प्रमुख वजह है।

बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि पिछले करीब एक साल से वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। इसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को लगातार झटके लगते रहे हैं। जियो पॉलिटिकल टेंशन के कारण भी ग्लोबल इकोनामिक की रफ्तार घटी है और इस वजह से दुनिया भर के निवेशक फिलहाल सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोने की खरीदारी पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। इसके साथ ही हाई इन्फ्लेशन का दौर खत्म होने के बाद अब कई देशों के केंद्रीय बैंक अपनी मॉनेटरी पॉलिसी को लचीला बनाते हुए ब्याज दरों में कमी कर रहे हैं। ब्याज दरों में कमी होने की वजह से भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत को काफी सपोर्ट मिला है।

# आईपीओ लिस्टिंग में 36 प्रतिशत रही भारत की वैश्विक हिस्सेदारी

एजेंसी

**मुंबई।** भारत 2024 की तीसरी तिमाही में कुल लिस्टिंग में 36 प्रतिशत वैश्विक हिस्सेदारी के साथ बाजार पर हावी रहा। भारत 13 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अमेरिका से आगे निकल गया। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ईवाई इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बाजार का शानदार प्रदर्शन इस साल अब तक के आईपीओ रिटर्न से और अधिक स्पष्ट होता है, जो बीएसई सेंसेक्स के 14.9 प्रतिशत रिटर्न से काफी बेहतर है। 2024 की तीसरी तिमाही में भारतीय मुख्य बाजार में 27 आईपीओ आए, जबकि पिछली तिमाही में 13 आईपीओ आए थे। 2024 की तीसरी तिमाही में मुख्य बाजारों से जुटाई गई रकम 4.285 अरब डॉलर थी, जबकि 2024 की दूसरी तिमाही में यह 1.992 अरब डॉलर थी। यह सौदों की संख्या में 108 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जुटाई गई आय में 115 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, एसएमई (स्मॉल एंड मीडियम साइज्ड एंटरप्राइजेज) सेगमेंट ने 2024 की तीसरी तिमाही के दौरान 84 आईपीओ के माध्यम से 398 मिलियन डॉलर जुटाए, जबकि




▸ जुलाई-सितंबर की अवधि में अमेरिका से निकला आगे

2023 की दूसरी तिमाही के लिए यह आंकड़ा 60 आईपीओ के माध्यम से 208 मिलियन डॉलर था। इससे पता चलता है कि भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों ने दो दशकों में अपनी उच्चतम तिमाही लिस्टिंग हासिल की है, जिससे आईपीओ एक्टिविटी में ग्लोबल लीडर के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। ईवाई इंडिया के इंडिया मार्केट लीडर प्रशांत सिंघल ने कहा, भारत के आईपीओ बाजार में यह तेज गति हमारे पूंजी बाजारों की बढ़ती परिपक्वता और निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दिखाती है। हम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों दोनों की मजबूत भागीदारी देखना जारी रखते हैं। भारत पब्लिक होने की इच्छा रखने वाली कंपनियों के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।

## एक नजर

### विधानसभा चुनाव : निर्दलीय प्रत्याशी ने नाम वापस लिया

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी बाबर अंसारी ने मंगलवार को अपना नाम वापस ले लिया हैं। फिलहाल हुसैनाबाद में अभी 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे डटे हैं। एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी कृष्णकांत कनवाड़िया ने बताया कि बुधवार को तीन बजे तक नाम वापसी का अंतिम दिन है।

### पूर्व सांसद ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**छतरपुर।** पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने मंगलवार को डाली पंचायत में चुनाव कार्यालय का किया उदघाटन। इसके बाद छतरपुर विधानसभा के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। पूर्व सांसद ने कहा कि अब वो समय आ गया है, जब हेमंत सरकार के पांच साल के कुशासन का अंत किया जाए। झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने की जरूरत है। पूर्व सांसद ने छतरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पलवा भिखी, शाही, डाली, मुरुमदाग, बेलाटाड़, नौवा टोला क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार के साथ सूचित जायसवाल, महजर यादव, महेश यादव, कोमल यादव, विनोद यादव, मनोज यादव, सुनील यादव, श्याम देव पासवान, शाहिद सैकड़ों ग्रामीण व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शव बरामद, तीन दिनों से था लापता

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के कादलकुर्मी निवासी बबलू रजवार के शनिवार से लापता पुत्र प्रिंस कुमार के शव को पुलिस ने उसके ननिहाल नीमतर में उप्रावि के पास के गड्ढे से तीन दिन बाद बरामद कर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। बताया गया कि बच्चा शनिवार को 3 बजे अचानक गुम हो गया था। पिता बबलू रजवार ने पुत्र की उम्र 5 साल 8 महिना बताया है। उनका पुत्र पिपरा बांध (निमतर) निवासी नाना राजदेव रजवार के यहां से लापता हुआ था। जिसका काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पाया था। इस छोटे से बच्चे के शव बरामद होने के बाद परिवार के सदस्यों रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# धनतेरस को लेकर खरीदारी करने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़, बाजार में आई रौनक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनतेरस के अवसर पर आज सुबह से ही बाजारों में रौनक बनी हुई है। लोग आभूषण, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खरीदारी में व्यस्त हैं। धनतेरस पर सोने-चांदी के साथ-साथ नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है, और दीपावली का पर्व दो दिन बाद मनाया जाएगा। त्योहारी सीजन के चलते मेदिनीनगर के बाजारों में खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ी है, विशेषकर सर्राफा बाजार में।

**सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है : स्वर्ण व्यापारी**

सोना महल के प्रोपराइटर संतोष सोनी ने बताया कि धनतेरस पर लोग सोने और चांदी की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। ज्वेलरी की दुकानों पर भगवान लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की मांग भी काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 19 वर्षों में सोने के दाम 10 गुना से ज्यादा बढ़ चुके हैं, इसलिए लोग इसे खरीदना पसंद कर रहे हैं। चांदी की मूर्तियां एक हजार रुपये से और चांदी के सिक्के पांच सौ रुपये से शुरू हो रहे हैं।

**सजावटी और घरेलू सामान की बिक्री :** शहर में घरों को सजाने का सामान भी बिक रहा है। लोग घरेलू सजावट के लिए विभिन्न प्रकार की लाइटों, झाड़ू और मिट्टी के बने सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदार नीतीश चौरसिया ने बताया कि लोग फ्लावर पॉट और सजावट के लिए आर्टिफिशियल फूल खरीदना पसंद कर रहे हैं। इस तरह, धनतेरस के इस पर्व ने मेदिनीनगर के बाजारों में उत्साह और रौनक का माहौल बना दिया है।



### प्रतिष्ठानों ने निकाले आकर्षक ऑफर और लकी ड्रा

धनतेरस के अवसर पर विभिन्न दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर टेंट लगाकर सामान सजाया है। मां भगवती एंटरप्राइजेज के संचालक विनित पांडेय ने बताया कि आज और कल देर रात तक बाजार खुला रहेगा। ग्राहकों को लुभाने के लिए सरार्फा, इलेक्ट्रॉनिक्स और बर्तन की दुकानों ने कई आकर्षक ऑफर और लकी ड्रा की व्यवस्था भी की है।

## शहर थाना अंतर्गत बारालोटा में ग्राइंडर से कटकर मजदूर की मौत

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को सुबह करीब 11:00 बजे बारालोटा में एक दुखद घटना में 22 वर्षीय निरंजन प्रजापति की ग्राइंडर से गला कट जाने के कारण मौत हो गई। निरंजन, जो ओढ़नार का निवासी था, अपने घर से काम करने के लिए निकला था। परिजनों के अनुसार, निरंजन बारालोटा स्थित एक नए भवन में पाइप लगाने के दौरान दीवार काट रहा था। इसी दौरान ग्राइंडर उसके हाथ से फिसल गया, जिससे उसका गला कट गया। वहां उपस्थित लोगों ने तुरंत निरंजन को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर शहर थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है, और निरंजन की मां बार-बार बेहोश हो रही है, जिससे परिवारवालों का हाल बुरा है।

# झामुमो ने दिखाई एकजुटता, विस स्तरीय बैठक में जीत का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा डालटनगंज विधानसभा स्तरीय बैठक सत्कार भवन में मंगलवार को आयोजित की गयी। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को फिर से मुख्यमंत्री बनाने और महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के. एन. त्रिपाठी को भारी बहुमत से जीत दिलाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की। इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के. एन त्रिपाठी भी उपस्थित थे। उन्होंने बैठक को संबोधित किया।

बैठक में डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सबों को संबोधित करते हुए झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की जनकल्याणकारी योजनाएं घर घर तक पहुंची हैं, सभी वर्ग धर्म और जाति के लोग आज हेमंत सोरेन जी से प्रभावित हैं।

अबुआ आवास और मंईयां सम्मान जैसी योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवनशैली में बदलाव लाया है। झामुमो के कार्यकर्ता पूरी मजबूती से डाल्टनगंज विधानसभा चुनाव में भी मेहनत कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी जी को जीत दिलाने में लगे हैं। झामुमो बड़े भाई की भूमिका में है और यहां के कार्यकर्ताओं को मैं बड़े भाई की तरह ही साथ ले कर चलूंगा।

इस कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश सिंहा, बालकिशुन ओरांव, कमाल खान, वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी, अविनाश देव, दीपक तिवारी, संगठन सचिव विवेकानंद सिंह, उमा सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, सचिव संजू देवी, कांति चंद्रवंशी, मंजू देवी, सलोनी टोप्पो, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष बबलू चौधरी, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, संजय चंद्रवंशी, नगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, सचिव छोटू त्रिपाठी, सहित सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता मौजूद थे।



# विधानसभा चुनावः 60 बूथों पर 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट होंगे तैनात

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड में तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए 60 बूथ और आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मतदान कर्मियों को ठहरने के लिए प्रखंड में 36 सरकारी विद्यालय भवन की व्यवस्था की गई है। विधानसभा चुनाव में 51829 मतदाता भाग लेंगे, जिसमें 24,953 महिला, 26,876 पुरुष मतदाता हैं। प्रखंड के संवेदनशील बूथों को भी चिन्हित किया गया है। उनमें 13 बूथ शामिल है। उसके तहत रारो पंचायत का बूथ नंबर 473, 474, 475, 476, पचोर पंचायत के सूअर्जांघा गांव का बूथ नंबर 478, 479, सोनेहरा पंचायत का बूथ नंबर 490, 491, 492 ,493, करके पंचायत का बूथ नंबर 496 ,497, 498 शामिल है। बीडीओ देवलाल करमाली ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बताया कि 13 नवंबर को संपन्न होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रखंड में पूरी तैयारी कर ली गई है। बीडीओ ने कहा कि मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई बिजली एवं पेयजल की, समुचित व्यवस्था को लेकर संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया गया है। इस बार चुनाव में क्लस्टर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सभी मतदान कर्मी उपलब्ध कराए गए 36 सरकारी भवनों मे रात्रि विश्राम करेंगे और उसके बाद मतदान के दिन सुबह अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए निकलेंगे। सभी बूथों पर अंदर और बाहर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में किसी भी तरह की तकनीकी गड़बड़ी आ जाने पर तुरंत स्ट्रांग रूम से वहां पर दूसरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का व्यवस्था कर दिया जाएगा।



# बीडी रेलखंड को मिला पूजा स्पेशल ट्रेन

**राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय नवीन मेल में सोमवार को पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में बीडी रेलखंड की उपेक्षा से यात्रियों में मायूसी शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर देखने को मिल गया है। युवा एक्टिविस्ट अंकु सिंह राणा ने ट्विटर पर इस खबर को टैग करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद विष्णु दयाल राम व पूर्व मध्य रेलवे के जीएम, दक्षिण पूर्व रेलवे व डीडीयू मंडल के डीआरएम एवं रेल सेवा को बीडी रेलखंड के पूजा स्पेशल ट्रेन से जोड़ने की आवश्यकता को बताया था। उन्होंने कहा था कि इस क्षेत्र को पूजा स्पेशल ट्रेन परिचालन में हमेशा से इस उपेक्षित रखने से यात्रियों में मायूसी है। उन्होंने यह भी बताया था कि सोन नगर, गढ़वा रोड, लोहरदगा-रांची रूट इस मामले में हमेशा उपेक्षित रहा है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे ने पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन के संबंध में अवगत कराते हुए कहा है कि छठ पूजा के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 02877-78 रांची-आनंद विहार-रांची स्पेशल ट्रेन 1 नवंबर, 8 और 15 नवंबर को रात 23: 55 बजे रांची से रवाना होकर तीसरे दिन सुबह 3 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। आनंद विहार से 4 बजे चलकर रांची 3 नवंबर 10 नवंबर और 17 नवंबर को सुबह 5 बजे रांची पहुंचेगी। जो मोहमदगंज व हैदरनगर के रास्ते चलेगी। लेकीन स्टॉपेज की जानकारी स्पष्ट नहीं किया गया है।



# एनएसएस ने 'माय भारत दीपावली' की वर्षगांठ पर चलाया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश पर 30 अक्टूबर तक माय भारत के साथ दीपावली के प्रथम वर्षगांठ उत्सव के अवसर पर मंगलवार को एके सिंह कॉलेज जपला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. बिनेश कुमार, शशि भूषण सिंह के निदेशार्नुसार नीलम के मार्गदर्शन में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह अपने स्वयंसेवकों शुभम प्रकाश, आलोक कुमार, हीरालाल कुमार, कुंदन कुमार,नैंसी कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रिया कुमारी,चांदनी कुमारी, पुष्पा कुमारी,डिंपल कुमारी, गुंजा कुमारी के साथ अस्पताल के महिला वार्ड में जाकर मरीज बबीता देवी,वंदना कुमारी तथा इमरजेंसी वार्ड में रेणु देवी के साथ मिलकर उनके प्रति संवेदना व्यक्त किया। स्वयंसेवकों उनसे मिलकर हाल-चाल पूछा। वहां से निकलने के बाद सरदार पटेल चौक व ओवर ब्रिज के नीचे हैदरनगर मोड़ पर स्वयंसेवकों ने ट्रैफिक व्यवस्था संभाली तथा वैसे नागरिक जो बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल सवार थे उन्हें रोक कर निवेदन किया कि हेलमेट और जूता मोटरसाइकिल चलाते समय अवश्य पहनें, अन्यथा कभी भी दुर्घटना हो सकती है। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया करते हैं। माय भारत के साथ दिवाली के प्रथम सालगिरह के उत्सव पर यह कार्यक्रम हम लोगों ने किया है।




**आस्था का केंद्र** | सप्तमातृकाओं के पिण्ड के साथ शिवलिंग, सियाराम, राधाकृष्ण व मां संतोषी की स्थापित हैं मूर्तियां

# मंदिर निर्माण में किसान का बड़ा योगदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्राचीन देवीधाम के नवनिर्मित भव्य मंदिर में सप्तमातृकाओं के पिण्ड के अलावा अन्य कई देवी-देवताओं की स्थापित मूर्तियां ग्रामीणों व व्यावसायियों की आस्था के महत्वपूर्ण केंद्र बन गया हैं। फ्लोर पर सप्तमातृकाओं के पिण्ड, शिवलिंग और इसके उपर के तल्ले पर भगवान श्री राम, माता जानकी के साथ भ्राता लक्ष्मण व राधाकृष्ण की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। बताया गया कि पहले छोटे से मंदिर में सप्तमातृकाओं के पिण्ड की पारंपारिक रूप से पूजा-अर्चना की जाती रही थी। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण कुछ ही वर्षों पहले किया गया है। इसमें बहुत बड़ा योगदान स्थानीय प्रतिष्ठित किसान रणविजय सिंह का बताया जाता है। उन्होंने दिवंगत माता-पिता फुलबदन देवी और पृथ्वीनाथ सिंह की कामना को साकार करने के लिए पत्नी सुनैना देवी के साथ इस भव्य मंदिर का निर्माण कराकर इसमें सर्वदेव मूर्तियों के बीच भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी की मूर्तियों की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को कराई है। इसमें सर्वश्रेष्ठ योगदान बहुमूल्य समय और कौशल का परिचय देते हुए ज्योतिनाथ सिंह (अब दिवंगत) का बताया जाता है। हाल के वर्षों से देखभाल और पूजा-अर्चना की जिम्मेवारी ग्रामीणों की कमिटी को सौंपा गया है। इसके अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव शंभू चौरसिया, कोषाध्यक्ष राघव सोनी के अलावा धर्मप्रेमी द्वारिका प्रसाद, गौरीशंकर सिंह, बृजनंदन साव सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रियता व व्यावसायियों के नित्यदिन के सहयोग से सही तरीके से रखरखाव व पूजापाठ का संचालन किया जाता है। जो इस मंदिर के प्रति उनकी अटूट आस्था का बड़ा उदाहरण है। इस मंदिर में संतोषी माता की भी मूर्ति को पुनर्स्थापित किया गया है।



### प्रत्याशी ने किया गांवों का दौरा

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से झालोक्रांमो प्रत्याशी ओंकारनाथ जायसवाल ने मंगलवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा से इस बार परिवर्तन की बयार बह रही है। अबकी बार जयराम महतो की पार्टी झालोक्रांमो को क्षेत्र की जनता का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के युवाओं में जो बेरोजगारी का आलम है, उसे भी दूर किया जायेगा। साथ ही क्षेत्र केअधिकांश लोग कृषि पर अपनी जीवन-बसर कर रहे हैं। कृषि में तकनीकी विकास किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व मतदाता उपस्थित थे।

## 350 स्प्रिट व 45 लीटर महुआ शराब जब्त

**हरिहरगंज।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध शहर के वैध विगहा में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान वैध विगहा निवासी महेंद्र साव के पुत्र राजा कुमार के घर से करीब 350 लीटर कच्चा स्प्रिट व 45 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि राजा कुमार के घर से 10 गैलन में 350 लीटर स्प्रिट व 3 गैलन में 45 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अंचल क्षेत्र में सीओ गौरव कुमार राय के नेतृत्व में मंगलवार को गुप्त सूचना पर छापामारी कर अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त कर कार्रवाई की गई। अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर फाईन के लिए खनन विभाग को पत्र भेज गया है। सीओ ने बताया कि एक ट्रैक्टर शिला से और 2 ट्रैक्टर बेलगड्डा से जब्त किया गया। सीओ के लगातार कारवाई से बालू माफियाओं में भय व्याप्त है। इधर पुलिस ने शांति व्यवस्था को लेकर निकाली गई फ्लैग मार्च, लोगों से की गई शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील।

## पेज एक के शेष

**पलामू में टीएसपीसी...**

विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने और संवेदकों से लेवी वसूलने व संगठन विस्तार की योजना है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने एक ऑपरेशन प्लान तैयार कर पांकी और मनातू थानों की टीम को अभियान चलाने का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने कारीमाटी जंगल को चारों ओर से घेरकर सघन सर्च अभियान चलाया। इस दौरान सखुआ पेड़ के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्ति आपस में बात करते हुए पाए गए। जैसे ही पुलिस टीम उन तक पहुंची, वे भागने लगे लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से तीनों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए उग्रवादियों की पहचान श्रवण उरांव उर्फ हेमन्त उर्फ अभय कुमार (26) निवासी ग्राम-आमडीह, थाना-रोहतास, बिहार, वर्तमान में कठौतिया चतरा के सदर थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर में रहता है। प्रेम गंझू उर्फ सागर उर्फ दशरथ गंझू (24) निवासी लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के ग्राम-मासियातु ढिपका टोली एवं संतू कुमार उर्फ शैलेन्द्र निवासी ग्राम-बलही, थाना-कुन्दा, जिला-चतरा के रूप में हुई है। इन सभी ने स्वीकार किया कि वे टीएसपीसी संगठन के आक्रमण गंझू दस्ते के सक्रिय सदस्य हैं। एसपी ने बताया कि चतरा जिले में पोस्ता की फसल नष्ट करने के दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार संतू शामिल था। वह डकैती कांड का भी आरोपित रहा है। उन्होंने बताया कि प्रेम गंझू पर छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। हेरहंज में दो, बालूमाथ में तीन और लातेहार में एक मामला है। संतू के खिलाफ पांच मामले दर्ज हैं। छतरपुर, कुंदा, लावालौंग, वशिष्ट नगर एवं चतरा थाना में एक एक मामले दर्ज हैं। हेमंत पर मनिका और हेरहंज थाना में एक एक मामले दर्ज हैं। इस ऑपरेशन की अगुवाई लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा और पांकी के पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो कर रहे थे। एसपी ने कहा कि चुनाव के मद्देनजर पूरे जिले में अपराधियों और उग्रवादियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न चेकपोस्टों पर भी 24 घंटे चेकिंग की जा रही है।

**प्रधानमंत्री ने धनतेरस...**

हरियाणा में भाजपा की सरकार की पहचान बिना किसी खर्च या सिफारिश के नौकरी देने की है। प्रधानमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि देश के युवाओं को अधिकतम रोजगार मिलना चाहिए। सरकार की नीतियों और निर्णयों का रोजगार सृजन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने देशभर में तमाम विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे न केवल नागरिकों को लाभ हो रहा है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। कल गुजरात के वड़ोदरा की अपनी यात्रा को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने रक्षा क्षेत्र के लिए एक विमान निर्माण सुविधा का उद्घाटन करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे हजारों नागरिकों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि एमएसएमई उद्योगों को स्पेयर पार्ट्स और अन्य उपकरणों के निर्माण से बहुत लाभ होगा, जिससे आपूर्ति श्रृंखलाओं का एक विशाल नेटवर्क तैयार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार की नीतियों के कारण भारत के खादी उद्योग में काफी बदलाव आया है और इसका असर गांवों के लोगों पर पड़ा है। खादी ग्रामोद्योग का कारोबार आज डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। 10 साल पहले की तुलना में प्रधानमंत्री ने कहा कि खादी की बिक्री में 400 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, जिससे बुनकरों और कारोबारियों को लाभ हुआ है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए। मोदी ने लखपति दीदी योजना का भी जिक्र किया, जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक दशक में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ महिलाएं स्व-रोजगार के कारण कमाने लगी हैं और सरकार ने इन्हें पूरी तरह सपोर्ट किया है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 1.25 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। पिछली सरकारों पर स्पष्ट नीतियों और इरादों की कमी का अभाव बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में नई तकनीकें आती थीं। लेकिन भारत में हम उनका इंतजार करते थे, ये सोचकर कि ये दुनिया के पास आ गई है, हमारे पास कब आएगी। जो तकनीक पश्चिमी देशों में पुरानी और बेकार हो जाती थी, वो हमारे पास आ जाती थी। ये मानसिकता बना दी गई कि हमारे देश में आधुनिक तकनीक विकसित नहीं हो सकती। इस मानसिकता से कितना बड़ा नुकसान हुआ, भारत न सिर्फ आधुनिक विकास की दौड़ में पिछड़ गया, बल्कि रोजगार के सबसे महत्वपूर्ण स्रोत भी हमसे दूर होने लगे। आधुनिक दुनिया में अगर रोजगार पैदा करने वाले उद्योग नहीं होंगे, तो रोजगार कैसे मिलेगा? इसीलिए हमने देश को पिछली सरकारों की उस पुरानी सोच से मुक्त करने के लिए काम करना शुरू किया है। अंतरिक्ष क्षेत्र से लेकर सेमी कंडक्टर तक, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक, हमने हर नई तकनीक में प्रगति की है।

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि आज सरकार भारत के युवाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास पर बहुत ध्यान दे रही है। इसलिए, उन्होंने कहा कि सरकार ने कौशल भारत जैसे मिशन शुरू किए हैं और कई कौशल विकास केंद्रों में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की गई है कि भारत के युवाओं को अनुभव और अवसर के लिए भटकना न पड़े। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में सशुल्क इंटर्नशिप के लिए प्रावधान किए गए हैं, जहां प्रत्येक इंटर्न को एक वर्ष के लिए प्रति माह 5,000 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से जुड़ने का मौका मिलेगा और उनके करियर में लाभकारी अनुभव जुड़ेगा।

**आखिर कहां से...**

माना जाता है कि वो पहली बार है जब किसी इंसान ने अपनी आंखों से इस सुनहरी धातु को देखा था। दूसरी तरफ वैज्ञानिक इतिहास कहता है कि अंतरिक्ष के मार्फत धरती पर सोने का आगमन हुआ था। जो भी हो, सोने का उपयोग प्राचीन काल से कई चीजों में हो रहा है। कई जगह इसका इस्तेमाल मुद्रा के रूप में देखने को मिलता रहा है। 16वीं शताब्दी में यूरोप में खाने के बाद सोने की पत्ती से ढकी कैंडी खाने का चलन रहा है। हड़प्पा सभ्यता के समय दक्षिण भारत में भी सोने जैसी धातु का विवरण मिलता है। तब पहली बार सोने से गहने बनाए जाते थे। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी सोने की खदान की पहचान करने के बारे में लिखा है। एक ऑस्ट्रेलियाई मजदूर जॉर्ज हैरिसन ने सोने की पहली खदान 1885 में खोजी थी। वह दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में एक घर की खुदाई कर रहा था। उस खुदाई के दौरान वहां सोने की खदान मिली थी। एक कहानी यह भी है कि रोम के राजा जूलियस सीजर ने गॉल की लड़ाई में विजय के बाद अपने सैनिकों को सोने के सिक्के बंटवा दिए थे। आज तो हालात यह है कि किसी देश की हालत खराब होती है, तो उसको सोना गिरवी रखने पर लोन मिलता है। क्योंकि, इसकी वैल्यू हमेशा बनी रहती है। हर जगह चलता है। किसी भी देश में सोने का भंडार उसकी जीवन रेखा होती है। संकट से जब भी उबरना होगा, चाहे किसी व्यक्ति की बात हो या देश की, सोना हमेशा काम आता है। इसे गिरवी रख कर या बेचकर लोग अपना काम कर लेते हैं।





## हथियार निर्माण में 'मेड इन इंडिया' की धूम

# अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया शीर्ष खरीदार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत का हथियार निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की ओर से 21,083 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया गया था। भारत से रक्षा उपकरण खरीदने वालों में करीब 100 देश शामिल हैं। भारत द्वारा इन देशों को किए जाने वाले रक्षा निर्यात में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, डोर्नियर-228 विमान, आर्टिलरी गन, रडार, आकाश मिसाइल , पिनाका रॉकेट और बख्तरबंद वाहन जैसे कुछ पूर्ण हथियार प्रणालियां और प्लेटफॉर्म शामिल हैं। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रक्षा उपकरणों का निर्यात अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया को किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आर्मेनिया आकाश वायु रक्षा मिसाइल सिस्टम, पिनाका मल्टी-लांच रॉकेट सिस्टम और 155 मिमी आर्टिलरी गन जैसे 'तैयार' हथियार प्रणालियों का सबसे बड़ा ग्राहक बनकर उभरा है। अमेरिका को एयरक्राफ्ट और हेल्टीकॉप्टर में उपयोग होने वाले पार्ट्स का निर्यात भारत द्वारा किया जाता है। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि हैदराबाद में टाटा बोइंग एयरोस्पेस वेंचर अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों के लिए पार्ट्स बना रहा है। इसके बदले में फ्रांस बहुत सारे सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का आयात कर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक, रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति देश की प्रतिबद्धता हमें रक्षा उत्पादन में वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा रही है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश का रक्षा निर्यात 11,233 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पिछले साल की इसी अवधि में भारत का रक्षा निर्यात केवल 6,342 करोड़ रुपये था।

इस प्रकार इसमें 77 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। बीते 10 वर्षों में देश के रक्षा निर्यात में लगभग 10 गुना की वृद्धि हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 10 साल पहले 2014-15 में केवल 1,941 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों का निर्यात होता था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये हो चुका है।



100 देश शामिल भारत से रक्षा उपकरण खरीदने वालों में

10 वर्षों में देश के रक्षा निर्यात में हुई 10 गुनी वृद्धि

## इजरायल के लड़ाकू विमान लेबनान के बाल्बेक में गरजे, 63 लोग मारे गए



30 जगह तबाही मचाई इजरायल ने पूरे क्षेत्र में शृंखलाबद्ध हमले कर

**लेबनान के नागरिक सुरक्षा बल ने भी गोलाबारी के कारण कई जगह आग लगने की सूचना दी है।**

**एजेंसी**

**बेरूत।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने लेबनान की बेका घाटी के बाल्बेक क्षेत्र में कहर बरपाया है। रॉकेट और मिसाइल हमले में कम से कम से 63 लोग मारे गए और दर्जनों जख्मी हो गए। इसके अलावा दक्षिणी लेबनान में रात भर और मंगलवार सुबह तक हमले जारी रहे। प्रमुख समाचार पत्र द नेशनल ने लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सोमवार को बेका घाटी के बाल्बेक और हर्मेल क्षेत्र में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 63 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यह युद्ध शुरू होने के बाद से इस क्षेत्र के लिए सबसे हिंसा भरा दिन रहा। सोमवार दोपहर इस क्षेत्र में हुए ताबड़तोड़ हमलों से बाल्बेक से बेरूत तक चारों तरफ धुआं का गुबार उठा।

बाल्बेक और हर्मेल के गवर्नर बशीर खोदर ने कहा कि इजरायल ने 23 सितंबर को लेबनान के कुछ हिस्सों में बड़ा हवाई अभियान शुरू किया था। इसके बाद एक अक्टूबर को लेबनान के दक्षिण में जमीनी आक्रमण किया। सोमवार का हमला सबसे वीभत्स रहा। उन्होंने एक्स पर लिखा, अभी भी 15 से अधिक लोग मलबे में फंसे हुए हैं। उन्हें निकाला जा रहा है।

लेबनान के नागरिक सुरक्षा बल ने भी गोलाबारी के कारण कई जगह आग लगने की सूचना दी है।

## व्हाइट हाउस में मनाया गया दीपोत्सव

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस में सुख-समृद्धि-संपन्नता के प्रतीक और खुशियों के त्योहार दीपोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह के आखिर में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। लोग हैप्पी दिवाली कहते हुए एक-दूसरे से हाथ मिलाते नजर आए। इस अवसर पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति



पद का चुनाव लड़ रहीं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की जमकर तारीफ की। द व्हाइट हाउस के एक्स हैंडल पर जारी एक वीडियो में कार्यक्रम का आगाज हैप्पी दिवाली के साथ हुआ। इस अवसर पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, 'मेरी पत्नी जिल बाइडेन यहां आना चाहती थीं, लेकिन वह विस्कॉन्सिन जा रही हैं। और कमला हैरिस भी यात्रा कर रही हैं। आप जानते हैं कि मैंने कई कारणों से कमला को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी चुना है। वह स्मार्ट और मजबूत हैं। उन पर भरोसा किया जा सकता है। उनके पास ट्रंप की तुलना में अधिक अनुभव है।

## ब्राजील की चीन के बीआरआई परियोजना से दूर रहने की घोषणा

**एजेंसी**

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के ताजा रुख से चीन को जोरदार झटका लगा है। ब्राजील ने मंगलवार को चीन की महत्वपूर्ण बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) परियोजना में शामिल होने से इनकार कर दिया। राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने कहा कि ब्राजील ने बीजिंग की अरबों डॉलर की इस पहल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि भारत पहले से ही



इस परियोजना से दूरी बनाए हुए है। अब ब्राजील यह घोषणा कर ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश बन गया है। राष्ट्रपति लूला के सलाहकार एमोरिम ने ब्राजील के प्रमुख अखबार 'ओ ग्लोबो' से कहा कि ब्राजील सरकार इस परियोजना के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए बिना चीन के साथ संबंधों को नए स्तर पर ले जाना चाहती है। अखबार के अनुसार एमोरिम ने यह बयान तब दिया, जब उनसे पूछा गया कि क्या ब्राजील चीन की बीआरआई परियोजना में निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्य मसला तालमेल का है। यह कोई बीमा पॉलिसी नहीं है, जिस पर नीचे हस्ताक्षर किया जाए।

इसके साथ ही एमोरिम ने संकेत दिया कि ब्राजील को औपचारिक रूप से चीन की इस परियोजना में शामिल नहीं होना चाहिए। चीन की यह परियोजना करीब एक दशक पुरानी है। उल्लेखनीय है कि एमोरिम ने पिछले सप्ताह चीन के एक मिशन में हिस्सा लिया। वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले। उन्हें अगले महीने जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। यह सम्मेलन ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 20 नवंबर को होना है। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को साओ पाउलो में संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा कि ब्राजील को चीन की बीआरआई परियोजना से सतर्क रहना चाहिए। कैथरीन के बयान पर बीजिंग ने नाराजगी भी व्यक्त की।

## महाराष्ट्र विस चुनाव में सबसे चर्चित सीट बारामती क्यों हो गई है?

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार ने अपने जिस भतीजे



अजित पवार को राजनीति का ककहरा पढ़ाया, आगे बढ़ाया, मंत्री बनाया, अरबपति बनाया, वही अजित पवार सत्ता में बने रहने के लिए अपने इस सगे चाचा शरद पवार की पार्टी एनसीपी को दो फाड़ कर भाजपा के साथ हो लिए। भाजपा के केंद्रीय सत्ता की मदद से चुनाव आयोग के मार्फत शरद पवार की पार्टी का चुनाव चिह्न व पार्टी का मालिकाना हक भी ले लिए। हालांकि, उनके विरुद्ध शरद पवार ने सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा किया है, जो मंथर गति से चल रहा है और जिसका लाभ अजित पवार को मिल रहा है।

इस तरह शरद पवार की पार्टी दो फाड़ कर देने, उसके सिंबल पर कब्जा कर लेने के बाद भी महाराष्ट्र की भाजपानीत सरकार में उपमुख्यमंत्री अजित पवार का मन नहीं भरा, तो उन्होंने लोकसभा चुनाव में शरद पवार की बेटी, यानी अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले के विरुद्ध बारामती लोकसभा सीट से अपनी पत्नी को अपनी पार्टी से चुनाव लड़ा दिया। वह तो जनता ने शरद पवार के विरुद्ध उनके सगे भतीजे अजित पवार द्वारा इस हद तक जाकर करम करने के विरुद्ध सामने आकर जवाब दिया और अजित पवार की पत्नी को हरा दिया। सुप्रिया सुले जीत गईं। अब महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हो रहा है, तो बारामती विधानसभा सीट पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार खुद फिर चुनाव लड़ रहे हैं। तो, शरद पवार ने

- अजित ने पत्नी को पवार की बेटी के विरुद्ध लोस चुनाव लड़ाया था
- अब शरद पवार ने अजित के भाई के बेटे को उनके विरुद्ध खड़ा कर दिया
- हार के डर से अजित परिवार की देने लगे दुहाई

अपनी पार्टी से अजित पवार के भाई अनिरुद्ध पवार के बेटे युगेंद्र पवार को अजित पवार के विरुद्ध खड़ा कर दिया है। इससे अजित पवार को राज्य व केंद्र में अपनी सहयोगी पार्टी भाजपानीत की डबल इंजनी सरकार होने के बावजूद हारने का डर हो गया है। और, लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी महाराष्ट्र की यह सीट सबसे चर्चित सीट हो गई है। इस मुकाबले को लेकर आज शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, चाहे अजीत पवार हों या युगेंद्र पवार, प्रजातंत्र में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से लड़ा जाना चाहिए और अपनी नीतियों को जनता के सामने रखने की कोशिश करनी चाहिए। अजित पवार ने बीते दिनों बारामती से अपना नामांकन दाखिल किया था और उम्मीद जताई थी कि जनता एक बार फिर उनकी जीत सुनिश्चित करेगी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पार्टी का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। उनकी एनसीपी ने एनडीए गठबंधन के तहत 4 प्रत्याशी उतारे थे, लेकिन मात्र एक सीट जीती थी। देखिए विधानसभा चुनाव में अजित पवार खुद जीतते हैं या भतीजा हरा देता है? लोग इसे - 'का भाई चाचा, हां भतीजा' वाली लड़ाई के तौर पर देख रहे हैं।







## एजुकेशन/करियर

बीए नृविज्ञान को बीए एंथ्रोपोलॉजी या बैचलर ऑफ आर्ट्स इन एंथ्रोपोलॉजी भी कहा जाता है। यह तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है जिसमें मनुष्य के विकास और मनुष्यों के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास का अध्ययन किया जाता है। इस कोर्स में सामाजिक-सांस्कृतिक, जैविक-भौतिक तथा पुरातत्व का अध्ययन भी शामिल है। इस कोर्स में करियर के कई विकल्प हैं।

# एंथ्रोपोलॉजी कोर्स कर बना सकते है अपना करियर

### बीए नृविज्ञान को क्यों चुनें

- बीए नृविज्ञान कोर्स शिक्षा की एक बहुत दिलचस्प कोर्स है। इसे क्यों चुनना चाहिए इसके कुछ कारण नीचे दिए गए हैं:
- समाज के विकास, व्यवहार और संरचनाओं में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा कोर्स है।
- इस कोर्स में आप मानव जाति के बारे में सीख और रिसर्च कर सकते हैं।
- •बीए नृविज्ञान कोर्स के बाद कई करियर विकल्प मिलते हैं।
- इस कोर्स के जरिए मानव विकास और व्यवहार के जैविक और सांस्कृतिक पहलुओं का अध्यन करने को मिलता है। साथ ही आपको जगह जगह घूमने का अवसर भी मिलता है।



### जॉब प्रोफाइल्स

*बीए नृविज्ञान करने के बाद छात्रों को मिलने वाली जॉब प्रोफाइल्स इस प्रकार हैं:*

- एंथ्रोपोलॉजिस्ट
- डेटा साइंटिस्ट
- प्रोफ़ेसर
- रिसर्चर
- लेक्चरर
- इकोनॉमिस्ट
- आर्कियोलॉजिस्ट
- ह्यूमन रिसोर्स

**बीए एंथ्रोपॉलजी प्रवेश परीक्षा**

- सीयूईटी
- एनपीएटी
- बीएचयू यूईटी
- टीईएसएस बीएटी
- आईपीयू सीईटी
- जेएनयूईई

### बीए नृविज्ञान के लिए स्किल्स

- डेटा इकट्ठा करने, आकलन करने और व्याख्या करने की क्षमता
- समय प्रबंधन
- प्रोब्लम सॉल्विंग स्किल
- विश्लेषणात्मक कौशल
- चर्चा और समूह कार्य कौशल
- बीए एंथ्रोपोलॉजी ऑफर करने वाले भारत में टॉप कॉलेज

**बीए नृविज्ञान कोर्स प्रदान करने वाले भारत के टॉप कॉलेज इस प्रकार हैं:**

- सेंट जेवियर्स कॉलेज
- नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय - [बीएमयू]
- आर्य विद्यापीठ कॉलेज - [एवीसी]
- मोदी विश्वविद्यालय
- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- शिया पीजी कॉलेज
- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- निम्स विश्वविद्यालय
- करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय

### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

1. सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
2. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
3. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
4. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
5. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
6. यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

### बीए एंथ्रोपोलॉजी करने के बाद करियर स्कोप

*बीए नृविज्ञान ग्रेजुएट निजी व्यवसायों, सामुदायिक संगठनों, संग्रहालयों, स्वतंत्र अनुसंधान संस्थानों, सेवा संगठनों, मीडिया में भी नौकरी पा सकते हैं। एंथ्रोपोलॉजिस्ट विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर शुरू कर सकते हैं:*

- स्कूल
- यूनिवर्सिटी
- सरकारी एजेंसियां
- गैर सरकारी संगठन
- व्यवसाय
- स्वास्थ्य और मानव सेवाएं
- रोग नियंत्रण केंद्र
- विश्व स्वास्थ्य संगठन
- विश्व बैंक